WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार, 10 जुलाई 2024 वर्ष-13 अंक- 140 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर ने हाथरस भगदड़ घटना को लेकर शासन प्रशासन पर सवालिया निशान लगाए। उन्होंने एक और बड़ी बात यह कही है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार कथित बाबा नारायाण साकार हरि के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। इसके पहले बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी उक्त बाबा के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग उठाई थी। बधाई के पात्र है ये दोनों ही नेता जिन्होंने पाखंडी बाबा के खिलाफ बोलने का साहस दिखाया है। देखना होगा कि उनकी मांग पर योगी सरकार उक्त बाबा के खिलाफ कार्यवाही का साहस दिखाती है या नहीं।

नकली होलोग्राम मामला : इलाहाबाद हाईकोर्ट में ढेबर, टुटेजा, त्रिपाठी और दास की सुनवाई शुरू

नोएडा में दर्ज एफआईआर को खारिज करने आरोपियों ने लगाई याचिका, यूपी एसटीएफ कर रही जांच

रायपुर/नवप्रदेश। नकली होलोग्राम मामले में मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। आबकारी विभाग के विशेष सचिव रहे एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर, रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और आबकारी विभाग के तत्कालीन आयुक्त रहे निरंदन दास अभी मेरठ की जेल में बंद हैं। नोएड़ा के कासना थाने में दर्ज एफआईआर को हाईकोर्ट में चैलेंज किया है। दरअसल, छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले की जांच कर रही ED के डिप्टी डायरेक्टर ने जुलाई 2023 को नकली होलोग्राम मामले में नोएडा के कासना थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। वहीं, इस केस की जांच यूपी एसटीएफ कर रही है।

एफआईआर के मुताबिक, नोएडा स्थित PHSF नाम की कंपनी को टेंडर मिला था। यह टेंडर छत्तीसगढ़ ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

ऐसे करते थे फर्जीवाड़ा कर सप्लाई

टेंडर मिलने के बाद विधु गुप्ता डूप्लीकेट होलोग्राम की सप्लाई छत्तीसगढ़ के सक्रिय सिंडिकेट को करने लगा। यह सप्लाई CSMCL के तत्कालीन एमडी अरुणपति त्रिपाठी के निर्देश पर हुई। सिंडिकेट के सदस्य डूप्लीकेट होलोग्राम को विधु गुप्ता से लेकर सीधे तीनों शराब निर्माता कंपनियों को पहुंचा देते थे। इन डिस्टलरीज में होलोग्राम को अवैध शराब की बोतलों पर चिपकाया जाता था। इसके बाद अवैध बोतलों को फर्जी ट्रांजिट पास के साथ ष्टस्रूष्टरु की दुकानों तक पहुंचाया जाता था। फर्जी ट्रांजिट पास का काम छत्तीसगढ़ के 15 जिलों के आबकारी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से होता था।

18 जून को यूपी एसटीएफ ने किया था गिरफ्तार

नकली होलोग्राम मामले में यूपी एसटीएफ की टीम ने अनवर ढ़ेबर को जेल से बाहर आते ही गिरफ्तार किया था। उसी रात रायपुर सेन्ट्रल जेल से एपी त्रिपाठी को लेकर मेरठ कोर्ट के लिए रवाना किया गया था। 19 जून को ढेबर को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद यूपी एसटीएफ की टीम अनवर को ट्रांजिट रिमांड पर ले जाकर मेरठ के कोर्ट में पेश किया था। जहां सुनवाई के दौरान मेरठ की कोर्ट ने अनवर और एपी त्रिपाठी को 1 जुलाई तक मेरठ की जेल में भेज दिया था।

प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार को घेरा

नई दिल्ली । कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी ने भारत चीन सीमा को लेकर केंद्र सरकार को घेरा है। सोमवार को प्रियंका ने अपने एक ट्वीट में दावा किया कि चीन ने भारतीय क्षेत्र में अपने गांव बसा लिए, बंकर भी बना रहा है। चीन ने भारत की लगभग 4000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा किया है। इतना ही नहीं, अरुणाचल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदलकर सूची जारी कर दी। चीन सीमा पर हमारे 65 पेट्रोलिंग पॉइंट्स में से 26 हम खो चुके हैं। ये सारी बातें मीडिया कह रहा है। ये सूचनाएं सार्वजनिक रूप से मौजूद हैं।

आईसीसी अवॉर्ड्स में भारत का डबल धमाका

दुबई । टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कप्तान रोहित शर्मा को पछाड़ते हुए जून महीने के आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीत लिया। रोहित ने इस मामले में ना सिर्फ रोहत, बल्कि अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज को भी पीछे छोड़ा। वहीं, महिला वर्ग में भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना विजेता बनकर उभरीं।

आप से समझौता टूटने की सच्चाई

नई दिल्ली । लोकसभा चुनाव में जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच साथ मिलकर चुनाव लडऩे का समझौता हुआ था, तभी भाजपा ने इसे मजबूरी का समझौता बताया था। भाजपा का आरोप था कि केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रोकने के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस साथ आ रहे हैं, जबकि उनके बीच में किसी भी तरह का कोई सामंजस्य नहीं है। पार्टी ने यह भी संभावना जताई थी कि चुनाव के बाद यह गठबंधन टूट जाएगा और दोनों दल एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाएंगे।

केजरीवाल के खिलाफ वारंट जारी

नई दिल्ली। अदालत ने मंगलवार को कथित शराब नीति घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लिया। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री और आप के खिलाफ दायर सातवीं पूरक अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लिया। अदालत ने केजरीवाल के लिए 12 जुलाई को पेशी वारंट जारी किया है।

सात स्टेशनों के नाम बदलने का प्रस्ताव

मुंबई। आप कभी मुंबई गए हो, तो वहां आपने कई स्टेशनों के नाम सुने हैं। शायद अंग्रेजी में रखे गए स्टेशनों के नाम जैसे मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन, करी रोड स्टेशन, या सैंडहस्ट रोड स्टेशन भी सुने होंगे। मगर कभी आपने सोचा था कि इतने सालों बाद इन स्टेशनों के नाम भी बदल दिए जाएंगे। जी हां, महाराष्ट्र विधान परिषद ने मंगलवार को सर्वसम्मति से ब्रिटिश काल में रखे गए मुंबई के सात रेलवे स्टेशनों का नाम बदलने का प्रस्ताव पारित किया।

भोले बाबा पर कसेगा शिकंजा!

प्रयागराज (ए.)-। हाथरस कांड से सुर्खियों में छाए नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा समेत 20 ढोंगी बाबाओं को ब्लैक लिस्ट करेगा। सभी 13 अखाड़ों के बीच इसकी सहमति बन चुकी है। कुंभ मेला प्रशासन के साथ 18 जुलाई को होने जा रही बैठक में अखाड़ा परिषद की ओर से इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। मेला अधिकारी को कहा जाएगा कि इन ढोंगी स्वयंभू बाबाओं को मेले में बसने में भूमि और सुविधाएं न दी जाएं।

पीएम मोदी को मिला रूस का सर्वोच्च सम्मान, पुतिन से यूक्रेन युद्ध पर बात

मॉस्को(ए.)। प्रधानमंत्री मोदी को रूस के सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू से सम्मानित किया गया। पीएम मोदी ने कहा, 'रूस के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित होने पर मैं मित्र पुतिन का धन्यवाद अदा करता हूं। यह भारत और रूस की सदियों पुरानी गहरी मित्रता का सम्मान है। ये हमारी आपसी साझेदारियों का सम्मान है।

पीएम मोदी-पुतिन के बीच द्विपक्षीय वार्ता, आतंकवाद और नई चुनौतियों पर फोकस: भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय रूस दौरे पर हैं। रूस दौरे के दूसरे दिन पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। वार्ता के दौरान आतंकवाद, यूक्रेन और आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई। इस दौरान अपने वक्तव्य की शुरूआत में पीएम मोदी ने कहा, 'मेरे मित्र में आपका इस भव्य सम्मान के लिए दिल से आभार व्यक्त करता हूं। भारत में हुए लोकसभा चुनाव में हमें अभूतपूर्व विजय मिली। उसके बाद आपकी शुभकानाओं के लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मांर्च महीने में आपकी भी विजय हुई। मेरी तरफ से आपको बहुत शुभकामनाएं।

यूक्रेन के विषय में विस्तार से हुई चर्चा: भारत के प्रधानमंत्री ने इस दौरान रूस यूक्रेन के मुद्दे पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने कहा,'वैसे तो हमारा द्विपक्षीय वार्ता का कार्यक्रम 25 वर्ष से चल रहा है। शायद ये बैठक ऐसी है कि जिस पर पूरी दुनिया का ध्यान केंद्रित है। मेरी इस यात्रा के अलग अलग मायने निकाले जा रहे हैं। कल आपने मुझे अपने निवास स्थान पर बुलाया और एक सच्चे दोस्त के रूप में हमने अलग अलग विषयों पर बात की। मुझे खुशी हुई कि यूक्रेन के विषय में हम दोनों विस्तार से चर्चा कर पाए। हमने आदर से एक दूसरे के विचारों को सुनने समझने का प्रयास किया। मैंने पहले भी कहा कि हमारी भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए शांति आवश्यक है। मैं ये भी जानता हूं कि युद्ध के मैदान ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

फर्जी तरीके से रूसी सेना में भर्ती कराए गए भारतीय होंगे रिहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 से 9 जुलाई तक रूस की आधिकारिक यात्रा पर हैं। अपनी इस यात्रा पर पीएम मोदी सोमवार शाम मॉस्को पहुंचे है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पुतिन के सामने रूस की सेना में भारतीयों के फंसे होने का मुद्दा उठाया। इस मामले में तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए रूस ने अपनी सेना में कार्यरत सभी भारतीयों को सेना से अलग करने का निर्णय ले लिया है जिसे भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है।

पुतिन से मिले पीएम मोदी तो आग बबूला हो गए यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस गए तो यूक्रेन भड़क गया। उसने इस यात्रा को निराशाजनक और चिंताजनक बताया. इसको लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बयान भी जारी किया है। जेलेंस्की ने पीएम मोदी की मॉस्को यात्रा की आलोचना करते हुए इसे शांति प्रयासों के लिए बड़ा झटका बताया है। उन्होंने कहा कि जब पीएम मोदी पुतिन से मुलाकात कर रहे थे, तभी रूसी मिसाइलें यूक्रेन पर हमला कर रही थीं। रूस कीव में बच्चों के अस्पताल को निशाना बना रहा था। मोदी ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से उनके आवास पर मुलाकात की थी। सोमवार सुबह ही रूसी मिसाइलों ने यूक्रेन के शहरों पर हमला किया. इसमें कम से कम 37 लोग मारे गए और 170 अन्य घायल हुए. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पीएम मोदी को निशाना पर लिया और उनकी आलोचना की। साथ ही जेलेंस्की ने पुतिन को खूनी भी बताया।

सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि की 14 दवाओं की बिक्री पर लगाई रोक

उत्तराखंड की सरकार ने पहले ही लाइसेंस निलंबित कर दिया है

नई दिल्ली (ए.)। योग गुरु बाबा रामदेव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। उनकी आयुर्वेदिक प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी कि उसने उन 14 उत्पादों की बिक्री पर रोक लगा दी है, जिनके विनिर्माण लाइसेंस को उत्तराखंड की सरकार ने निलंबित कर दिया था।

उत्तराखंड प्रशासन ने लिया था फैसला : दरअसल, उत्तराखंड ने बाबा रामदेव की दवा कंपनियों द्वारा बनाए गए 14 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को उनकी प्रभावशीलता के बारे में बार-बार भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए निलंबित कर दिया है।

इस दिन होगी सुनवाई :इस मामले में अब 30 जुलाई को सुनवाई होगी। शीर्ष अदालत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा दायर ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

सर्वोच्च न्यायालय ने यह कहा

पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को दो सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया कि क्या विज्ञापनों को हटाने के लिए सोशल मीडिया मंचों से किया गया अनुरोध मान लिया गया है। साथ ही क्या इन 14 उत्पादों के विज्ञापन वापस ले लिए गए हैं।

विज्ञापनों को हटाने का अनुरोध

कंपनी ने मंगलवार को न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि उसने 5,606 स्टोरों से इन उत्पादों को वापस लेने का निर्देश जारी किया है। उसने यह भी बताया कि सोशल मीडिया मंचों को भी निर्देश दिया गया है कि वे इन 14 उत्पादों से जुड़े सभी विज्ञापनों को हटा लें।

सीसीटीवी में कैद हुई नृशंसता, भिलाई में नशेड़ी युवक ने गाय को मारा चाकू

डॉक्टर ने पेट से निकाला चाकू, आरोपी की तलाश जारी

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई के रुआबांधा क्षेत्र में सोमवार की रात एक नशेड़ी युवक ने गाय के पेट पर चाकू मार दिया। जब गाय के मालिक को इसकी जानकारी हुई, तो उसने भिलाई नगर थाने में मामले की शिकायत की। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिला है। जिसमें वो गाय को चाकू मारते दिख रहा है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। शिवपारा निवासी सत्यजीत यादव ने बताया कि, उनके चाचा की गाय सोमवार की रात मोहल्ले में घूम रही थी। रात करीब एक बजे रामशंकर उर्फ रामा (27) नशे की हालत में पहुंचा। उसने अपने पास से एक बड़ा चाकू निकालकर गाय पर वार कर दिया।

गाय के पेट में घुसा दिया चाकू : बताया जा रहा है कि, पहले उसने चाकू से एक वार किया। जब गाय जोर से चिल्लाकर ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

लंबे इंतेजार के बाद रायपुर में झमाझम बरसे बादल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 17 जिलों के लिए हैवी रेन का यलो अलर्ट जारी किया गया है। अगले तीन घंटे शाम 6 से रात 9 बजे तक भारी बारिश हो सकती है। रायपुर में दिन में गर्मी के बाद शाम को तेज बारिश हुई। बलरामपुर, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद, कोंडागांव, कोरिया, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, नारायणपुर, रायपुर, राजनांदगांव, सुकमा, सरगुजा सूरजपुर में बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिन ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

नई ऊंचाइयों पर शेयर बाजार; सेंसेक्स 80 हजार तो निफ्टी 24400 के पार

मुंबई (ए.) । स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 391 अंक उछलकर नए रिकॉर्ड छलांग के साथ बंद हुआ। वाहन और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से एनएसई निफ्टी भी नए शिखर पर पहुंच गया।

30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 391.26 अंक यानी 0.49 फीसदी चढ़कर अपने अब तक के उच्चतम स्तर 80,351.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 436.79 अंक की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 80,397.17 अंक तक गया था।

टीम इंडिया के नए मुख्य कोच बने गौतम गंभीर

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने किया ऐलान

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने भारतीय टीम के नए मुख्य कोच का ऐलान कर दिया है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर टीम इंडिया के नए हेड कोच होंगे। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे। द्रविड़ का कार्यकाल टीम इंडिया के टी20 विश्व कप 2024 चैंपियन बनते ही समाप्त हो गया।

गंभीर तीनों प्रारूप में टीम इंडिया के कोच होंगे। जय शाह ने पहले ही कहा था कि अलग-अलग कोच नहीं नियुक्त किए जाएंगे। गंभीर का कार्यकाल 3.5 साल का होगा। बीसीसीआई ने मई में आवेदन मंगवाए थे। इसके बाद दो लोगों का टेस्ट ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

'अमेरिका चाहे जो कर ले...', पीएम मोदी के रूस दौरे पर क्या कह रहा यूएस का मीडिया?

साय केबिनेट की सौगात...

छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती में स्थानीय को 5 साल की छूट, 47 हजार 90 आवासहीन परिवारों को मिलेंगे मकान

नई शिक्षा नीति लागू, 47 हजार आवास, नीतियों पर अमल के लिए नया विभाग

रायपुर/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक ली। बैठक को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा मंत्रिमंडल में वन अधिकारी पट्टा धारक की मृत्यु के बाद उनके परिजनों को हस्तांतरित करने को लेकर दिक्कत आ रही थी।

इन्हीं समस्याओं को देखते हुए निर्णय लिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया गया है। स्थानीय भाषाओं को लागू करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ सशस्त्र सहायक प्लाटून कमांड, नर्स समेत अन्य पदों पर भर्ती में स्थानीय निवासियों को 5 वर्ष की छूट दी जाएगी। आर्म्ड फोर्स के लिए स्थानीय को आयु सीमा में मिलेगी छूट।

करप्शन रोकने पर सहमति : वर्तमान में प्रचलित सीएसआईडीसी के सभी रेट कॉन्ट्रेक्ट इस माह के अंत में निरस्त करने का भी निर्णय लिया गया। यह कदम भ्रष्टाचार निवारण की दृष्टि से लिया गया है। ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ सशस्त्र सहायक प्लाटून कमाण्डर (नर्सिंग), प्रधान आरक्षक (नर्सिंग), मेल नर्स, फिमेल नर्स, लैब टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, नर्सिंग असिस्टेंड, कम्पाउण्डर, ड्रेसर, आरक्षक (बैण्ड), आरक्षक (श्वान दल) भर्ती प्रक्रिया वर्ष-2023 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

5 वर्ष तक प्रदान की जाएगी छूट

- 0 कक्षा 5वीं तक स्थानीय भाषा में दी जाएगी शिक्षा
- 0 सुशासन एवं अभिसरण विभाग का किया गया गठन
- 0 वित्तीय वर्ष के बजट में 5 करोड़ रूपए का प्रावधान
- 0 वस्तु एवं सेवाओं के क्रय के लिए वित्त विभाग की सहमति अब आवश्यक
- 0 47 हजार परिवारों को मिलेगा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर
- 0 सीएसआईडीसी के सभी रेट कॉन्ट्रेक्ट इस माह के अंत में निरस्त करने का भी निर्णय लिया गया।

टोप्पो जल संसाधन विभाग के सचिव बनाये गए

कांग्रेस शासनकाल में फील्ड से ग्राउंड कर दिए गए छत्तीसगढ़ कैडर के 2005 बैच के आईएएसराजेश सुकुमार टोप्पो को राज्य सरकार ने पदोन्नत कर दिया है। आईएएस टोप्पो को सचिव के पद पर पदोन्नत कर सरकार ने उन्हें जल संसाधन विभाग का सचिव बनाया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के मुताबिक 1 जनवरी 2021 की तारीख से आईएएस टोप्पो को पदोन्नति दी गई है। जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार) राजेश सुकुमार टोप्पो को विष्णुदेव साय सरकार ने भूतलक्षी प्रभाव (1 जनवरी 2021) से सचिव प्रमोट कर दिया है।

पूर्व की कांग्रेस सरकार में राजेश टोप्पो को न तो पदोन्नति दी गई और न ही कहीं पोस्टिंग मिली। जबकि उन्हें 1 जनवरी 2021 से प्रमोशन मिलना था। 2005 बैच के आईएएस टोप्पो को सरकार ने उसी 1 जनवरी 2021 की तारीख से अधिसमय वेतनमान में पदोन्नति दी है।

मुंबई-हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश का कहर

ट्रेन, सड़क व हवाई सेवा बाधित, कई राज्यों में अलर्ट जारी

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड समेत देश के नौ राज्यों में बारिश का कहर टूटा है। सड़क से लेकर ट्रेन और हवाई सेवाएं बाधित हुई हैं। मुंबई में विधानमंडल के दोनों सदनों की कार्यवाही भी स्थगित करनी पड़ी है। बिहार में बिजली गिरने से 12 लोगों की जान चली गई है और असम में बाढ़ से 23 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अरुणाचल प्रदेश के कई जिलों का भूस्खलन के चलते सड़क संपर्क टूट गया है।

मौसम विभाग के मुताबिक, बीते 24 घंटे के दौरान महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के अलावा उत्तर प्रदेश, असम, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, राजस्थान और गोवा में मूसलाधार बारिश हुई है और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मुंबई में सोमवार सुबह 7 बजे से पहले के छह घंटों में 300 एमएम बारिश दर्ज की गई, जिससे मायानगरी थम गई। भारी बारिश के चलते मुंबई हवाईअड्डे पर दृश्यता कम होने की वजह से 50 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। ट्रैक पर पानी भर जाने से लोक ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई। सड़कों और निचले इलाकों में जलभराव होने से वाहनों पर भी ब्रेक लग गया। स्कूल और कॉलेजों को बंद करना पड़ा और मुंबई विश्वविद्यालय की परीक्षाएं भी रद्द करनी पड़ीं। उत्तरी गोवा में भारी बारिश के चलते दीवार गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई।

इन राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

राज्य मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया है कि असम और उसके पड़ोस पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इस वजह से अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में आंधी और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। राज्य प्रशासन, 25 जिलों में 543 राहत शिविरों पर नजर बनाए हुए हैं। इन 25 जिलों में कुल 3,45,500 लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं।

हिमाचल में 70 सड़कें बंद

हिमाचल में शिमला-किन्नौर राष्ट्रीय राजमार्ग-5 समेत 70 सड़कों पर भूस्खलन होने से वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। बिजली के 84 ट्रांसफॉर्मर और 51 जलापूर्ति योजनाएं ठप हो गईं। वहीं, जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में श्रीनगर को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाले वैकल्पिक मार्ग मुगल रोड पर भारी भूस्खलन से यातायात रुक गया।

असम में हालात में धीरे-धीरे हो रहा सुधार

असम में बाढ़ के हालातों में धीरे धीरे सुधार हो रहा है। इसके बाद भी सोमवार को छह लोगों की मौत हो गई। अभी भी असम के 27 जिलों में बाढ़ से करीब 19 लाख से लोग प्रभावित हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार धुबरी जिले के बिलासीपाड़ा और अगामोनी क्षेत्रों में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई।

बिहार में वज्रपात का कहर जारी

बिहार के सात जिलों में वज्रपात से 12 लोगों की मौत हो गई है। राज्य में बीते 10 दिनों में बिजली गिरने से 40 लोगों की जान जा चुकी है। 22 की मौत पिछले 48 घंटे में हुई है।

उत्तराखंड में जनजीवन अस्तव्यस्त

उत्तराखंड के चंपावत और उधम सिंह नगर जिले में लगातार बारिश से नदियों में उफान आने से कई गांवों में पानी भर गया है। भूस्खलन के चलते 325 सड़कें बंद हो गई है। हालांकि, गढ़वाल मंडल में मौसम में कुछ सुधार होने के बाद सोमवार को चारधाम यात्रा फिर शुरू हो गई।

'राहुल गांधी को संसद के अंदर बंद करके मारने चाहिए थप्पड़': भरत शेट्टी

नई दिल्ली। हाल ही में संसद के विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिंदू धर्म को लेकर एक बयान दिया था, जिस पर जमकर बवाल मचा। अब उनके इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विधायक भरत शेट्टी ने विवादित बयान दे दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की संसद के अंदर बंद करके पिटाई करनी चाहिए। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस मुद्दे पर बोलते हुए मैंगलोर सिटी नॉर्थ के विधायक भरत शेट्टी ने कहा, विपक्ष के नेता राहुल गांधी को संसद के अंदर बंद करके थप्पड़ मारना चाहिए. ऐसा करने से सात से आठ एफआईआर दर्ज हो जाएंगी. अगर विपक्ष के नेता राहुल गांधी मैंगलोर शहर आते हैं तो हम उनके लिए भी यही व्यवस्था करेंगे। राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए बीजेपी विधायक ने कहा, पागल को नहीं पता कि अगर भगवान शिव ने अपनी तीसरी आंख खोली तो वह (एलओपी) भस्म हो जाएंगे। उन्होंने हिंदू विरोधी नीति अपनाई है। यह स्पष्ट है कि एलओपी राहुल गांधी एक पागल है। उसे लगता है कि वह हिंदूओं के बारे में जो कुछ भी कहेगा, हिंदू चुपचाप सुन लेंगे। अगर वह संसद में बोलेगा तो स्थानीय नेता यहां अपनी दुम हिलाना शुरू कर देंगे।

'हिंदू धर्म की रक्षा करना बीजेपी का कर्तव्य'

भरत शेट्टी ने कहा कि हिंदू धर्म और संस्थाओं की रक्षा करना बीजेपी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने यह संदेश देना शुरू कर दिया है कि हिंदू और हिंदुत्व अलग-अलग हैं। ऐसे नेताओं की वजह से भविष्य में हिंदुओं को खतरा होगा।

सुप्रीम कोर्ट लेगा 121 मौतों का हिसाब!

हाथरस भगदड़ मामले में 12 जुलाई को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर 12 जुलाई को सुनवाई के लिए तैयार हो गया. सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि उन्होंने इस मामले को सूचीबद्ध करने का निर्देश दे दिया है। उत्तर प्रदेश के हाथरस में 2 जुलाई को भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ मच गई थी. इस दौरान 121 लोगों की मौत हो गई. यूपी की योगी सरकार ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है. हाथरस भगदड़ मामले की जांच के लिए बनी एसआईटी ने योगी सरकार को अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी है.

स्ढ्ढञ्ज ने बताया क्यों हुआ हादसा?

एसआईटी ने इस मामले में हाथरस डीएम आशीष कुमार और एसपी निपुण अग्रवाल से लेकर सत्संग की अनुमति देने वाले एसडीएम और सीओ के बयान भी दर्ज किए हैं. इसके अलावा सत्संग में ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों समेत तमाम लोगों के बयान भी दर्ज किए गए हैं.

सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट में सत्संग आयोजित करने वाली कमेटी के द्वारा अनुमति से अधिक लोगों के बुलाने, ना काफी इंतजाम के साथ-साथ अनुमति देने के बावजूद के बाद मौके पर अफसरों के द्वारा मुआयना नहीं करने को घटना का जिम्मेदार बताया गया है.

एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भगदड़ के पीछे साजिश से इनकार हीं किया जा सकता है. इस मामले में गहन जांच की जरूरत है।

यह हादसा आयोजकों की लापरवाही की वजह से हुआ. स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने आयोजन को गंभीरता से नहीं लिया, वरिष्ठ अधिकारियों को भी इसकी पूरी जानकारी नहीं दी गई।

FIR में भोले बाबा का नाम नहीं

दो जुलाई को स्थानीय सिकंदराराऊ थाने में हाथरस भगदड़ को लेकर एफआईआर दर्ज की गई थी. हालांकि, इसमें भोले बाबा का नाम आरोपी के तौर पर दर्ज नहीं है. भोले बाबा भगदड़ की घटना के बाद से फरार है. उसकी आखिरी लोकेशन मैनपुरी आश्रम में मिली थी. इसके बाद उसका फोन बंद हो गया. हाल ही में भोले बाबा ने बयान जारी कर घटना पर दुख जताया था और कहा था कि इस हादसे के दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

न्यूज गैलरी

आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध शुरू हो: खड़गे

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर से बड़ा आतंकी हमला हुआ है। कठुआ में सेना के वाहन पर घात लगाकर किए गए हमले में भारतीय सेना के 5 जवान शहीद हो गए, जबकि पांच जवान घायल भी हैं। इस हमले के बाद जम्मू कश्मीर कांग्रेस ने सरकार से बड़ी अपील की है। नेताओं ने सरकार से आतंकवाद के खिलाफपूर्ण पैमाने पर युद्ध शुरू करने का आग्रह किया है। आइए जानते हैं पूरा मामला। जम्मू क्षेत्र में एक महीने में हुआ ये पांचवां आतंकवादी हमला था। नेताओं ने विशेष रूप से जम्मू क्षेत्र में बढ़ती आतंकवादी घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख विकार रसूल वानी ने कहा कि हम जम्मू क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को लेकर बेहद चिंतित हैं। यह जरूरी है कि सरकार निर्णायक कार्रवाई करे। उन्होंने ये भी कहा कि सशस्त्र बलों, सुरक्षाकर्मियों, पुलिस और नागरिकों के जीवन की सुरक्षा के लिए आतंकवाद के खिलाफपूर्ण पैमाने पर युद्ध शुरू करना चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को जम्मू कश्मीर में सैनिकों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि आतंकवादी हमलों पर अब ÷खोखले भाषण÷ और झूठे वादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है। जम्मू कश्मीर के कठुआ इलाके में इस हमले की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर्स नाम के एक संगठन ने ली है। कश्मीर टाइगर्स ने भारतीय सेना के काफिले पर घात लगाकर हमला किया। पत्र जारी कर उन्होंने इस हमले की जिम्मदारी ली है। पत्र में लिखा है कि मुजाहिदीन ने ग्रेनेड और स्नाइपर राइफलों का इस्तेमाल किया। हमले के बाद मुजाहिदीन सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे।

बीजेपी गरीबों की जान बचाने और कांग्रेसी घूमने के लिए करते हैं हेलीकॉप्टर का उपयोग: मोहन यादव

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार कमलेश शाह के समर्थन में आयोजित जनसभा में कांग्रेस नेताओं की कार्यशैली पर बड़ा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस के नेता हेलीकॉप्टर का उपयोग घूमने के लिए करते हैं और भाजपा गरीबों की जान बचाने के लिए। अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के अंतिम दिन सोमवार को बटकाखापा और अमरवाड़ा में जनसभाओं में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि अमरवाड़ा के हर खेत को पानी और हर हाथ को काम देने का कार्य भाजपा सरकार करेगी। कांग्रेस के नेता घूमने के लिए हेलीकॉप्टर का उपयोग करते हैं, लेकिन भाजपा सरकार गरीबों की जिंदगी बचाने के लिए 'पीएम श्री हेल्थ एंबुलेंस सेवा' चला रही है। कांग्रेस ने आदिवासी महापुरुषों, क्रांतिवीरों को कभी सम्मान नहीं दिया, भाजपा सरकार भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में आदिवासी गौरव दिवस मना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आप सभी लोगों की उपस्थिति और चेहरे की चमक बता रही है कि यहां भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में लहर चल रही है। अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की पूरी जनता भाजपा के साथ है, यहां हमारी पार्टी को कोई नहीं हरा सकता है। अमरवाड़ा क्षेत्र में पीने के पानी के साथ सबसे बड़ी समस्या सिंचाई के लिए पानी की है। इस क्षेत्र में नदियों को जोड़कर, बड़े बांध बनाकर हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा। इस क्षेत्र में पीजी कॉलेज भी खोला जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी पर समीक्षा याचिकाओं पर खुली अदालत में सुनवाई से किया इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादियों पर फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिकाओं पर खुली अदालत में सुनवाई से इनकार कर दिया है. सेम सेक्स मैरिज को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता ने सीजेआई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच के सामने मंगलवार को याचिका का उल्लेख किया और ओपन कोर्ट में इसकी सुनवाई का भी अनुरोध किया. हालांकि, सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि ऐसा नहीं किया जा सकता।

ओपन कोर्ट में सुनवाई को लेकर सीजेआई ने वरिष्ठ अधिवक्ता एनके कॉल से पूछा की खुली अदालत में समीक्षा कैसे की जा सकती है. आप जानते हैं कि यह चेंबर में होता है. पीठ का कहना है की पुनर्विचार याचिका पर चेंबर में फैसला किया जाता है और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका के गुण-दोष पर संविधान पीठ विचार करेगी. सीजेआई ने कहा कि पुनर्विचार याचिकाओं पर ओपन कोर्ट में सुनवाई की जाए या नहीं यह भी जजों द्वारा चेंबर में डिसाइड किया जाता है. समीक्षा याचिका पर सीजेआई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच जजों की बेंच सुनवाई करेगी, जिसमें जस्टिस संजीव खन्ना, हीमा कोहली, बीवी नगरत्ना और पीएस नरसिम्हा शामिल है।

दो जज साल 2023 में हुए रिटायर

गौर करने वाली बात यह है कि सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की पांच जजों की बेंच के दो जज जस्टिस रविंद्र भट्ट और एसके कॉल जिन्होंने सेम सेक्स मैरिज पर फैसला सुनाया था, वह 2023 में रिटायर हो गए हैं. सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल अक्टूबर में सेम सेक्स मैरिज को लेकर फैसला सुनाया था. इस मामले में याचिकाकर्ताओं में से एक वकील उदित सूद ने अक्टूबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए समीक्षा दायर की थी।

सेम सेक्स मैरेज को मान्यता देने से किया था इनकार

अक्टूबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने सर्वसम्मति से माना था कि शादी करने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है और कोर्ट LGBTQAI+ व्यक्तियों को विशेष विवाह अधिनियम के तहत शादी करने के अधिकार को मान्यता नहीं दे सकती। सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की इस बेंच ने अधिनियम 1954 की वैधता को बरकरार रखा और शीर्ष अदालत ने सेम सेक्स मैरेज करने या नागरिक संघ बनाने के अधिकार को मान्यता देने से भी मना कर दिया था।

पांच सैन्यकर्मियों की हत्या का बदला लेंगे सरकार की बुरी ताकतों को चेतावनी

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में कल आतंकवादियों ने हमला किया था। इससे उत्तराखंड के पांच जवान शहीद हो गए। इस खबर के बाद से देवभूमि शोक में डूब गई है। परिजन सदमे में है तो वहीं बलिदानियों के घर -गांव में मातम पसर गया है। इस बीच, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कड़े शब्दों में कहा कि पांचों जवानों की हत्या का बदला लिया जाएगा और भारत इस हमले के पीछे की बुरी ताकतों को छोड़ेगा नहीं। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जवानों की शहादत पर दुख जताया और कहा कि सशस्त्र सेनाएं क्षेत्र में शांति लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, जम्मू कश्मीर के बदनोता में आतंकवादी हमले में भारतीय सेना के पांच बहादुर जवानों की शहादत से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना।

बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू

गौरतलब है, कठुआ के बिलावर उपजिले में बदनोता के बरनूड इलाके में जेंडा नाले के पास सेना के एक वाहन पर आतंकियों ने सोमवार को घात लगाकर हमला कर दिया था। आतंकी हमले में पांच जवान बलिदान हो गए। वहीं कुछ अन्य बुरी तरह से घायल हो गए। हाई अलर्ट और हमले के इनपुट के बीच जम्मू-कश्मीर में एक माह में सबसे बड़ा आतंकी हमला अंजाम दिया गया। हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया जा चुका है।

दिल्ली पुलिस ने किया एक बहुत बड़े किडनी रैकेट का भंडाफोड़

एक नामी हॉस्पिटल की महिला डॉक्टर सहित 7 लोगों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। किडनी रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। दिल्ली पुलिस ने एक महिला डॉक्टर सहित 7 लोगों को ऑर्गन ट्रांसप्लांट में अरेस्ट किया है। इस पूरे मामले में बांग्लादेश हाई कमीशन से फर्जी दस्तावेज मिलने की भी बात कही गई है. महिला डॉक्टर ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए विदेशों से भी लिंक बताया जा रहा है।

भारत और बांग्लादेश का है कनेक्शन

पुलिस के मुताबिक महिला डॉक्टर का ऑर्गन ट्रांसप्लांट रैकेट में बांग्लादेश और भारत के कनेक्शन जुड़े हुए है। महिला डॉक्टर पर आरोप है कि लोगों को ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए प्रेरित करती थी. साथ ही वह बांग्लादेश और बिचोलियों से बात करके अपना नेटवर्क बनाती थी। दिल्ली पुलिस ने महिला डॉक्टर को अरेस्ट करने से पहले बांग्लादेश के तीन नागरिकों को भी गिरफ्तार किया था. महिला डॉक्टर किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन है. जो फिलहाल बतौर जूनियर डॉक्टर अपोलो में काम कर रही थीं. किडनी ट्रांसप्लांट एक प्रोसेस है. जिसमें आपके शरीर में डोनर से ली गई किडनी लगाई जाती है. यह आमतौर पर किडनी फेलियर के इलाज के लिए किया जाता है।

किडनी ट्रांसप्लांट का पूरा प्रोसेस क्या होता है?

एक व्यक्ति के शरीर में दो किडनी होती है. एक किडनी के सहारे भी इंसान सालों तक जिंदा रह सकता है. लेकिन जब दोनों किडनियां खराब, या दोनों सही से फंक्शन नहीं करती है यूं कहें कि काम करना बंद कर दें तो इंसान को बचाना बेहद मुश्किल है. एक इंसान में किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत तब पड़ती है जब उसकी दोनों किडनी पूरी तरह से काम करना बंद कर दें. किडनी ट्रांसप्लांट में खराब किडनी को निकालकर अच्छी किडनी लगाई जाती है।

किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत कब पड़ती है?

किडनी जब पूरी तरह से खराब या काम करना बंद कर देती है. यानि किडनी लास्ट स्टेज में पहुंच जाती है. आम बोलचाल की भाषा में बोले तो किडनी टॉयलेट और ब्लड को ठीक से फिल्टर नहीं कर पाती है तब किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ती है. ब्लड को प्यूरीफाई करने का काम किडनी का है. जब किडनी ठीक से काम नहीं करता है तो मरीज की जान को खतरा है. तभी मरीज को किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी जाती है।

किडनी ट्रांसप्लांट में डोनर की क्या भूमिका है?

किडनी ट्रांसप्लांट वाले व्यक्ति अगर जिंदा है तो ट्रांसप्लांट की तैयारी डोनर के हिसाब से की जाती है. अगर किसी मरे हुए व्यक्ति की किडनी लेनी है तो ट्रांसप्लांट केंद्र मरीज को किडनी मिलने के बाद पूरी जानकारी देता है. इसके बाद ही सर्जरी होती है. आमतौर पर खराब किडनी को हटाया नहीं जाता है बल्कि उसी किडनी के नीचले हिस्से में ट्रांसप्लांट किया जाता है. इसके बाद लगी हुई किडनी को ब्लड वेसल्स और ब्लैडर के साथ जोड़ा जाता है।

न्यूज गैलरी

केन्द्रीय वित्त आयोग आज से राज्य के दौरे पर

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 12 सदस्यीय दल राजधानी रायपुर पहुंच रहा है। यह दल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्रीमण्डल के सदस्यों और अधिकारियों के साथ, राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं, अधोसंरचना विकास तथा आर्थिक प्रगति सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करेगा। वित्त आयोग 12 एवं 13 जुलाई को जगदलपुर भ्रमण पर भी रहेगा। केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री पनगढ़िया के साथ आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पाण्डा, डॉ. सौम्यकांति घोष तथा आयोग के सचिव ऋत्विक रंजनम पाण्डेय, संयुक्त सचिव श्री कमल कुमार मिश्रा, संयुक्त संचालक राघवेन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारीगण भी रायपुर पहुंचेंगे। केन्द्रीय वित्त आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 जुलाई को शाम 6.20 बजे आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया एवं सदस्यों का दल राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेगा। अगले दिन 11 जुलाई को सुबह 10 बजे केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्य मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके मंत्रालय स्थित कक्ष में मुलाकात एवं चर्चा करेंगे। इसके बाद सुबह 10.25 बजे वित्त आयोग की बैठक मंत्रालय महानदी भवन में होगी। इस बैठक को मुख्यमंत्री श्री साय सम्बोधित करेंगे एवं राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं सहित विभिन्न मद्दों पर चर्चा होगी। बैठक में राज्य की वित्तीय स्थिति का प्रस्तुतिकरण भी होगा।

छात्रावासों के रिक्त सीटें पर जल्द होगी भर्तियां

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में आदिम जाति एवं अनुसूचित विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि विभागीय छात्रावासों के रिक्त सीटों को तत्काल भरा जाएं। साथ ही विशिष्ट संस्थाओं जैसे प्रयास, खेल परिसर का सुचारू रूप से संचालन किया जाए। डॉ. सिंह ने कहा कि नर्सिंग प्रशिक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थियों का आवेदन मंगाया जाए तथा लाभ दिलाया जाए। कलेक्टर ने कहा कि पीसीआर से लंबित आवेदनों का तत्काल निराकरण किया जाए। छात्रावास व आश्रमों के भवन निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाए। साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अप्रारंभ व अपूर्ण कार्यों को जनपद पंचायतों के सीईटो से चर्चा कर तत्काल पूर्ण कराया जाए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, सहायक आयुक्त विजय कंवर समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

बलौदाबाजार जिले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का आज शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के कार्यालय का विधिवत शुभारंभ 10 जुलाई 2024 शाम 5 बजे करेंगे एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश बिहारी घोरे एवं कलेक्टर दीपक सोनी के कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की रजिस्ट्रार हिमांशु जैन भी उपस्थित रहेंगी।

खराब बिजली ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द बदलने के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में बिजली विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति धीमी होने पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने नाराजगी जताई है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रोजेक्ट डिवीजन व सिटी कंस्ट्रक्शन डिविजन के विभिन्न योजनाओं जानकारी ली। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कम प्रगति वाले कार्यों पर नाराजगी जाहिर की और बाकी के कामों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जिले में पंप कार्यों के विस्तर की प्रगति की जानकारी ली। समीक्षा में अधिकारियों ने बताया कि 1241 नग पंप में 1029 पंप के कार्य पूर्ण किए गए है। बाकी अपूर्ण होने की जानकारी दी गई।

निजी स्कूल में गाली गलौज मामले में कांग्रेसी नेता विकास तिवारी समेत 3 आरोपी गिरफ्तार

■ कोर्ट ने तीनों को भेजा एक दिन की न्यायिक हिरासत में जेल

रायपुर/नवप्रदेश। निजी स्कूल में प्रवेश कर गाली गलौज करने के आरोप में पुलिस ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता विकास तिवारी समेत एनएसयूआई के दो कार्यकर्ताओं को मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया था। इस मामले की शिकायत निजी स्कूल प्रबंधन ने राजेंद्र नगर थाने में की थी। इस पर धारा 452, 294, 34 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई की थी। पुलिस ने विकास तिवारी समेत एनएसयूआई कार्यकर्ता हेमंत पाल और कुणाल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहाँ से तीनों आरोपियों को एक दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पिछले कुछ दिनों से एनएसयूआई के कार्यकर्ता गैर मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों के खिलाफकार्रवाई करने को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। प्रदेश प्रवक्ता विकास तिवारी का आरोप है कि शहर में कृष्णा किड्स एकेडमी की ओर से सुन्दर नगर, राजेन्द्र नगर और शैलेन्द्र नगर में जो स्कूल संचालित किया जा रहा है, उनकी मान्यता नहीं है। वहीं, स्कूलों में फीस नियामक और आरटीई अधिकार अधिनियम का भी पालन नहीं किया जा रहा है।

कृष्णा किड्स एकेडमी के एडमिनिस्ट्रेटर संजय त्रिपाठी ने शिकायत में बताया था कि 6 जून की दोपहर एनएसयूआई कार्यकर्ता स्कूल परिसर के अंदर जबरदस्ती घुस आए और कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता विकास तिवारी भी उनके साथ पहुंचे थे। वो लोग संस्था के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे साथ ही हंगामा करते हुए गाली-गलौज भी की। जिसकी शिकायत पर विकास तिवारी समेत तीन लोगों के खिलाफ रायपुर के राजेंद्र नगर थाने में गैरजमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था।

मामले की सहीं जांच किए बिना न हो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और नेताओं की गिरफ्तारी

■ वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी जुनेजा को सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। बलौदाबाजार घटना और प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के डीजीपी जुनेजा से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की लगातार हो रही गिरफ्तारी के मुद्दे पर चर्चा करते हुए मामले की जांच के बाद कोई क़ानूनी कार्रवाई किए जाने का प्रस्ताव रखा। डीजीपी से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, फूलोदेवी नेताम, राजेंद्र तिवारी, देवेंद्र यादव शामिल थे। देवेंद्र यादव को बलौदाबाजार पुलिस ने घटना के विषय में पूछताछ के लिए तलब किया है जिसके चलते गिरफ्तारी के भय से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी जुनेजा से मिलकर अपना पक्ष रखा। डीजीपी जुनेजा ने प्रतिनधिमंडल का ज्ञापन स्वीकार करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

शहर के डेंगू संक्रमित स्थानों को तलाशेगा स्वास्थ्य अमला

■ राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में लापरवाही बरतने पर दिए कार्रवाई के निर्देश

■ कलेक्टर ने स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में डेंगू के संक्रमण को रोकने स्वास्थ्य अमला मैदान में उतरेगा और डेंगू संक्रमित स्थानों की तलाश की जाएगी। साथ ही डेंगू से बचाव के लिए नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट के रेडक्रॉस सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई के निर्देश दिए है। साथ ही शासकीय अस्पतालों को साफ-सफाई रखने को कहा है, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। कलेक्टर डॉ. सिंह ने जिले में नए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए डोर-टू-डोर सर्वे करने के निर्देश दिए है। जिले में 4 लाख 50 हजार राशनकार्ड धारियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

कलेक्टर ने सी.जी.एम.एस.सी. को सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही एन.आर.सी. पर रायपुर में 20 बेड बढ़ाने की, महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी की सुझाव को पूरा करने के लिए कोविड वार्ड जिला चिकित्सालय पण्डरी में प्रस्ताव पारित कराने को कहा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम के समीक्षा में पाया कि गर्भवती का पंजीयन प्रथम तिमाही में अर्बन रायपुर एवं तिल्दा का कम है, इसे बढ़ाने का निर्देश दिए। संस्थागत प्रसव सुरक्षित प्रसव कराने के लिए एवं हाईरिस्क गर्भवती को समय पर एफआर.यू. रिफरल करने को कहा है। कलेक्टर ने कहा कि प्रति गुरूवार को सुपरवाईजर को फिल्ड में जाकर रिपोर्ट कलेक्ट करें। कोई भी संस्था बंद न रहे। साथ ही मातृत्व मृत्यु की जानकारी लेने पर एम.सी.एच. नोडल द्वारा मातृत्व मृत्यु की कारणों की जानकारी बताई गई, जिसमें 3 केस की मृत्यु पी.पी.एच., हार्ट प्राब्लम, टी.बी. से मातृ मृत्यु होने की जानकारी दी गई। परिवार नियोजन में पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में पुरूष नसबंदी अधिक से अधिक करने के निर्देश दिए है। साथ ही टीकाकरण रिपोर्ट में सुधार करने एवं कार्यक्रम अधिकारी एवं सलाहकार को अच्छे से मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। आर.बी.एस.के. टीम के कार्यों व प्रगति से कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उनकी विजिट आंगनबाड़ी एवं स्कूल में कम है एवं उनकी रिपोर्ट में विभिन्नता दिखी, जिस पर कलेक्टर ने नोडल अधिकारी एवं सलाहकार को फिल्ड स्तर में सुधार करने को कहा। आर.बी.एस.के. टीम की स्क्रीनिंग कम है टीम पर कार्यवाही करने का निर्देश दिए। कुष्ठ से रोकथाम के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए है और छोटे बच्चों में मिल रहे लेप्रोसी केस के लिए चिंता व्यक्त की और घर-घर सर्वेक्षण पूर्ण कर लेप्रोसी का पूर्णतः उपचार पूर्ण करने के निर्देश दिए।

9 महीने पुरानी समस्या 10 मिनट में निपटी

■ कलेक्टर जनदर्शन में लोगों की समस्या का हो रहा मौके पर समाधान

■ कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के ग्राम खोरसी, भैंसा निवासी रतन यादव के लिए आज का दिन विशेष था। उनकी करीब 9 माह पुरानी समस्या का समाधान कलेक्टर जनदर्शन में कुछ क्षणों में ही हो गया। इतने तेज समाधान से यादव बहुत प्रसन्न हैं। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर कर जिला प्रशासन को इसके धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सुशासन की राह पर बढ़ चला है। श्री यादव ने कलेक्टर जनदर्शन में आज डॉ गौरव सिंह को अपनी समस्या बताई। उन्होंने बताया कि उनके पिता स्व. श्री भुवन लाल यादव की आकस्मिक मृत्यु विगत वर्ष अक्टूबर माह में हो गई थी। उनकी मृत्यु उपरांत उन्होंने मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अन्तर्गत मिलने वाली सहायता राशि के लिए श्रम विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया लेकिन आवेदन देने के बाद अब तक सहायता राशि प्राप्त नहीं हो पाई है। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने उनकी बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और आवेदन पर संज्ञान लेते हुए जिला श्रम अधिकारी से मामले की पूरी जानकारी ली और निराकरण करने आदेशित किया।

कलेक्टर डॉ. सिंह के निर्देशन पर रतन यादव को तुरंत ही सहायता राशि का ऑनलाइन आर.टी.जी.एस. भुगतान किया गया एवं श्री यादव को 1 लाख रुपये राशि का प्रतीकात्मक चेक दिया गया। श्री रतन यादव ने त्वरित समाधान से प्रसन्न होकर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को धन्यवाद दिया। जनदर्शन में आवेदक तिल्दा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गनियारी से श्री श्याम लाल साहू ने ग्राम पंचायत गनियारी में हो रहे अवैध मुरूम उत्खनन पर रोक लगाने के लिए आवेदन देकर कहा कि इससे ग्राम पंचायत एवं शासन को राजस्व की हानि हो रही है। साथ ही भूमि को भी क्षति पहुंच रही है। इसे तत्काल रोका जाए। इस पर कलेक्टर डॉ. सिंह ने सम्बंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को उत्खनन रोकने आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत खोला तहसील क्षेत्र गोबरा से आये श्री केवलचंद मन्नाडे ने अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण आर्थिक सहायता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। सिमरन सिटी मठपुरैना निवासी श्रीमती अन्नपूर्णा ठाकुर ने अपने पुत्र ओजस्वी कुमार ठाकुर का स्वामी आत्मानन्द स्कूल के कक्षा आठवीं में प्रवेश के लिए आवेदन दिया। रेडक्रास सभाकक्ष में हुए इस जनदर्शन में 63 आवेदन प्राप्त हुए।

राजभवन में मनाया गया बिहार, ओडिशा, गुजरात सिक्किम और तेलंगाना राज्यों का स्थापना दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। राजभवन में आज बिहार, ओडिशा, गुजरात, तेलंगाना और सिक्किम राज्यों का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि विभिन्न राज्यों की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और प्रथाओं के ज्ञान और समझ से भारत की एकता और अखंडता मजबूत होगी।

केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे का स्थापना दिवस मनाएगें। इसी कड़ी में राजभवन में यह कार्यक्रम आयोजन किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले गुजराती, बिहारी, उड़िया, तेलुगू समाज और सिक्किम के लोगों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह गर्व विषय है कि आज हमारे बीच बिहार, ओडिशा, गुजरात, सिक्किम और तेलंगाना राज्यों के लोग हैं, जो हमारे जीवन को समृद्ध बना रहे हैं और छत्तीसगढ़ के उत्थान और विकास में योगदान दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने और इसकी प्रगति को आगे बढ़ाने में इन राज्यों के नागरिकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है, उनकी उपस्थिति से न केवल विविधता आई है बल्कि नए विचारों और दृष्टिकोणों का भी संचार हुआ है।

निगम क्षेत्र की सड़कों को आवारा पशुओं से मुक्त कराने किए गए नोडल और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

■ कैटल कैचमेंट क्षेत्र एवं सड़कों को आवारा पशुओं से मुक्त कराने प्रतिदिन सुबह 6 बजे से काउकेचर टीम के साथ कार्यवाही करने निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में नगर निगम रायपुर क्षेत्र के सड़कों को आवारा पशुओं से मुक्त कराने हेतु राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता अपर आयुक्त को नोडल अधिकारी एवं हेमशंकर देशलहरा उपायुक्त एवं डॉ. श्रीमती तृप्ति पाणीग्रही स्वास्थ्य अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाये गये है। वहीं सभी 10 जोनो के जोन कमिश्नरों को जोन स्तर पर नोडल अधिकारी एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को जोन स्तर पर सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये है। आयुक्त ने जोन में स्थित कांजी हाउस व गोठानों से गाय छोड़ने पर सहमति पत्र कि ''भविष्य में गाय को बांध कर रखेगें एवं खुले में नही छोड़ेगे'' के साथ एवं नियमानुसार अर्थदण्ड करके ही मुक्त किया जाना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये है। कांजी हाउस, गोठान में चारा, पानी, शेड की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें एवं अस्वथ्य गायों के समुचित उपचार की व्यवस्था भी करें। निगम क्षेत्र के पशुपालकों की लगातार बैठक लेकर उन्हें अपने पषुओं को बांधकर रखने एवं खुले में न छोड़ने हेतु समझाईश अनिवार्यतः देवे। निगम क्षेत्र के किसी भी सडक पर कोई आवारा पशु नहीं होना अनिवार्य रूप से सुनिष्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की चूक मान्य नहीं होगा। सतत निरीक्षण कर निगम के सड़कों को आवारा पश से मुक्त करावें। जोन क्षेत्र में कैटल कैचमेंट क्षेत्र में एवं सड़कों को आवारा पशुओं से मुक्त कराने हेतु प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से काउकेचर की टीम के साथ कार्यवाही करें व कृत कार्यवाही से अवगत करावें एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करावे। निदान 1100 में आवारा पशु से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल शिकायत का निराकरण करें । जोन में कही भी सड़कों पर एवं मुख्य स्थानों पर आवारा पशु न हो यह कार्य प्राथमिकता से आधार पर कडाई से पालन करना सुनिश्चित करने के निर्देष दिये है।

समाज में रोजगार को लेकर विमर्श बदलने की जरुरत : प्रो. गर्ग

■ श्री रावतपुरा विवि में स्वाबलंबन और रोजगार विषय पर व्याख्यान आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में विकसित भारत अभियान के तहत देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का दौर जारी है। इसी क्रम में 'श्री रावतपुरा सरकार व्याख्यान माला' के तहत 8 जुलाई सोमवार को श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, रायपुर में ''21वीं सदी का भारतः स्वाबलंबन एवं रोजगार- एक चुनौती'' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कला संकाय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता डीएवी पीजी कॉलेज, बुलंदशहर, उत्तरप्रदेश में इतिहास विभाग के प्रो0 राजेश गर्ग ने अपने विचार रखे। प्रो. गर्ग ने कहा कि आज के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ आय के विकल्प भी बनाने चाहिए। विद्यार्थियों को उद्यमशीलता के क्षेत्र में प्रशिक्षित करने की जरूरत है। वे इतना कौशल विकास कर लें कि उन्हें देश व विदेश में रोजगार के अवसर मिल सके।

आज युवाओं को बड़ा सोचने, सामान्य से हटकर कार्य करने, मजबूत इच्छाशक्ति के साथ राष्ट्र और स्वदेशी को प्राथमिकता देने जैसे संकल्प लेना चाहिए। प्रो. गर्ग ने कहा कि आज समाज में रोजगार को लेकर सामाजिक विमर्श को बदलने की जरूरत है। स्वाबलंबन, स्वदेशी उत्पाद व स्थनीय उत्पाद को महत्व देना होगा। हमें नौकरी चाहने और करने वाला नहीं बल्कि नौकरी दाता बनने का प्रयास करना होगा।

प्रो. गर्ग ने अपने उद्बोधन में बताया कि कभी हमारा देश पूर्ण रोजगार युक्त था, यहां तक कि हमारे संस्कृत साहित्य में बेरोजगारी जैसे शब्द तक नहीं है लेकिन आक्रांताओं और अंग्रेजों ने भारत को लूटकर देश की अर्थव्यवस्था खराब कर दी थी। अब फिर से हमारा देश बहुत तेजी से विकास की राह पर अग्रसर है। प्रो. गर्ग ने कहा कि हमें नए और समृद्ध भारत के लिए जिला केंद्रित अर्थव्यवस्था मॉडल अपनाना होगा। एक जिला एक उत्पाद जैसे व्यवसायिक कार्य करने होंगे। किसान का काम देश सेवा है। हमें यह मानकर कदम बढ़ाना होगा कि कोई काम छोटा नहीं होता। स्वाबलंबन के लिए सहकारिता बहुत लाभकारी प्रयास है। सहकारिता आधारित व्यवसाय में आय की असमानता नहीं बढ़ती है।

अपने स्वागत उद्बोधन में कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने कहा कि स्वाबलंबन एक ज्वलंत विषय है। यदि देश को विकसित बनाना चाहते हैं तो हमें नौकरी से कुछ अलग करना होगा।

अपने को इतना काबिल बनाना होगा जिससे हम केवल नौकरी न कर सकें बल्कि लोगों को नौकरी भी दे सकें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संतोष कुमार ने किया एवं आभार प्रस्तुति कला संकायाध्यक्ष डॉ. मनीष पांडेय ने किया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, सहायक प्राध्यापक और विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

बांकीमोंगरा के विकास में फंड की नहीं होगी कमी : मंत्री लखन लाल

रायपुर/नवप्रदेश। बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के संचालन समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष समेत सभी सदस्यों के पदभार ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि अब बांकीमोंगरा नगर पालिका में विकास का नया सूर्योदय होने जा रहा है। बांकीमोंगरा की जनता बहुत भाग्यशाली है कि उनको पहला अध्यक्ष शैल राठौर नारी शक्ति के रूप में कर्ता मिला है। बांकीमोंगरा की जनता लंबे समय से विकास नहीं होने का मलाल झेल रही थी। अब बांकीमोंगरा की जनता को विकास के लिए सोचना नहीं पड़ेगा। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। केंद्र और राज्य दोनों से नगर पालिका के विकास कार्यों के लिए राशि मिलेगी। विष्णुदेव सरकार में निकाय को न तो सेटअप की न ही फंड की कमी नहीं होगी। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, संचालन समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शैल राठौर, उपाध्यक्ष कमला बरेठ, सदस्य प्रभावती चौहान, सतीश झा, लखपत शर्मा, अश्विनी मिश्रा, संतोष राठौर, मेलू पटेल, ज्योतिदास महंत पूर्व महापौर जोगेश लांबा, प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, भागवत विश्वकर्मा सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सुविचार

कमाओ कमाते रहो और तब तक कमाओ, जब तक महंगी चीज सस्ती न लगने लगे

कश्मीर में फिर आतंकी हमला

कश्मीर घाटी में पांव पसार चुका आतंकवाद अब जम्मू को भी अपनी जद में लेने लगा है। जम्मू संभाग के कठुआ क्षेत्र में दो माह के भीतर आतंकवादियों ने दूसरी बार सेना के वाहन को निशाना बनाया। आतंकवादियों के इस हमले में पांच जवान शहीद हो गए। वहीं पांच जवान घायल हो गए। इसके बाद से उस पूरे क्षेत्र में सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर नामक एक आतंकी संगठन ने ली है जिसके तार लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े हुए है। इस घटना के बाद से सेना के जवान कठुआ क्षेत्र में घर-घर तलाशी ले रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इन आतंकवादियों को स्थानीय लोगों की मदद मिली थी। एक लोकल गाइड ने उन्हें क्षेत्र की जानकारी दी थी। कश्मीर घाटी में अभी भी जो लगभग 100 आतंकवादी सक्रिय हैं वे अब कश्मीर घाटी में सेना का दबाव बढ़ने के बाद जम्मू में आतंकी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। दरअसल लोकसभा चुनाव में जम्मू कश्मीर में हुए भारी मतदान के बाद से वहां सक्रिय आतंकवादी बुरी तरह बौखला गए हैं और वे जम्मू कश्मीर में फिर से दहशत का माहौल बनाना चाहते हैं। पड़ौसी देश पाकिस्तान अभी भी अपने नापाक इरादों से बाज नहीं आ रहा है। इसका सबूत यह है कि हाल ही में जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के साथ सेना की जो मुठभेड़ हुई है उसके बाद वहां से आतंकवादियों के पास से जो हथियार मिले हैं वे पाकिस्तान के हैं। इन आतंकवादियों को स्थानीय लोग भी मदद कर रहे हैं। अलगाववादी ताकतें इनकी सबसे बड़ी मददगार है। इसलिए अब यह जरूरी हो गया है कि इन घर के भेदियों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही की जाए। अब इसमें कोई शक नहीं रह गया है कि मुट्ठी भर आतंकवादी स्थानीय अलगावादियों की मदद से ही इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। बहरहाल पांच जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। भारतीय सेना और सुरक्षाबल के जवान कायराना हमला करने वाले आतंकवादियों को ढूंढ कर उन्हें जरूर जहन्नूम रसीद करेंगे, किन्तु ऐसी घटनाएं आगे और न हो इसके लिए यह जरूरी है कि कश्मीर और जम्मू में सेना तथा सुरक्षाबलों की संख्या और बढ़ाई जाए ताकि बचे-खुचे आतंकवादियों के सफाये की मुहिम को और तेज किया जा सके। दरअसल जब से जम्मू कश्मीर से 370 का खत्मा हुआ है और जम्मू कश्मीर में अमन और चैन की बहाली हो रही है तभी से पाकिस्तान की सह पर जम्मू कश्मीर में आतंकवादी सक्रिय हो गए हैं। भारत सरकार को चाहिए कि वह पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह मुद्दा उठाए और जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के खिलाफ एक बार फिर सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कड़ी और बड़ी कार्यवाही करने से न हिचकिचाए। पाकिस्तान की भाषा बोलने वाले कश्मीरी नेताओं के खिलाफ भी कार्यवाही होना निहायत जरूरी है। कठुआ आतीक हमले के बाद जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने एक बार फिर यह बयान दिया है कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत करनी चाहिए। यह बात वे हर आतंकी हमले के बाद दोहराते रहे हैं। उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि आतंकवाद की आग को हवा देने वाले पाकिस्तान के साथ भारत ने पहले ही किसी भी स्तर पर किसी भी तरह की कोई बातचीत न करने का ऐलान कर रखा है। इसके बाद भी डॉ. फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती जैसे नेता जब तब पाकिस्तान की हिमायत करते रहते हैं। इनके खिलाफ भी कार्यवाही की जानी चाहिए।

बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ में बिजली की आंख मिचौली और अघोषित कटौती को लेकर आखिरकार कांग्रेस पार्टी ने राज्य व्यापी प्रदर्शन कर ही दिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने हाथों में लालटेन लेकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने बिजली के दामों में वृद्धि कर दी है, जबकि कांग्रेस के शासनकाल में बिजली दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई थी, बल्कि बिजली बिल हाफ किया गया था। कांग्रेस शासनकाल में बिजली की कोई कटौती नहीं हो रही थी, लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद से न सिर्फ बिजली की दर बढ़ाई गई है बल्कि बिजली की कटौती भी की जा रही है। विपक्ष का यह आरोप सही है। वाकई विद्युत के मामले में सरप्लस राज्य होने के बावजूद छत्तीसगढ़ में घंटो बिजली की अघोषित कटौती होना वाकई हैरत की बात है। गर्मी के मौसम में राजधानी रायपुर से लेकर लगभग सभी शहरों के लोग बिजली की आंखमिचौली और लो वोल्टेज की समस्या से जूझते रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति और भी बदतर हो गई थी। अब बरसात के मौसम में भी अघोषित बिजली कटौती से लोग त्रस्त हो चले हैं। राज्य सरकार को चाहिए कि वह बिजली की व्यवस्था को सुचारू बनाने के कारगर कदम उठायें और विपक्ष को अपनी अलोचना का औसर न दें। यदि उम्मीद की जानी चाहिए कि साय सरकार इसे गंभीरता से लेगी और प्रदेश में पटरी से उतरी विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए जल्द से जल्द कड़े कदम उठाकर बिजली उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करेगी।

प्रेरक प्रसंग -

अहंकार ने हमेशा परेशानी के सिवा कुछ नहीं दिया

बहुत समय पहले की बात है। एक गांव में एक मूर्तिकार (मूर्ति बनाने वाला) रहता था। वह ऐसी मूर्तियां बनता था, जिन्हें देख कर हर किसी को मूर्तियों के जीवित होने का भ्रम हो जाता था। आस-पास के सभी गांव में उसकी प्रसिद्धि थी, लोग उसकी मूर्तिकला के कायल थे। इसीलिए उस मूर्तिकार को अपनी कला पर बड़ा घमंड था। जीवन के सफर में एक वक्त ऐसा भी आया जब उसे लगने लगा कि अब उसकी मृत्यु होने वाली है, वह ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह पाएगा। उसे जब लगा कि जल्दी ही उसकी मृत्यु होने वाली है तो वह परेशानी में पड़ गया। यमदूतों को भ्रमित करने के लिए उसने एक योजना बनाई। उसने हुबहू अपने जैसी दस मूर्तियां बनाई और खुद उन मूर्तियों के बीच जा कर बैठ गया। यमदूत जब उसे लेने आए तो एक जैसी ग्यारह आकृतियों को देखकर दंग रह गए। वे पहचान नहीं कर पा रहे थे कि उन मूर्तियों में से असली मनुष्य कौन है। वे सोचने लगे अब क्या किया जाए। अगर मूर्तिकार के प्राण नहीं ले सके तो सृष्टि का नियम टूट जाएगा और सत्य परखने के लिए मूर्तियों को तोड़ा गया तो कला का अपमान हो जाएगा। अचानक एक यमदूत को मानव स्वाभाव के सबसे बड़े दुर्गुण अहंकार को परखने का विचार आया। उसने मूर्तियों को देखते हुए कहा, कितनी सुन्दर मूर्तियां बनी हैं, लेकिन मूर्तियों में एक त्रुटी है।

आज का पंचांग

सूर्योदयः 05:35, सूर्यास्तः 07:17
चन्द्रोदयः 08:18, चन्द्रास्तः 21:56

अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (काल), मास : आषाढ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्रः मघा, योग : व्यतीपात, प्रथम करण : गर (06:08 तक), द्वितीय करण : वणिज (18:56 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : सिंह (07:52 से), मंगल : मेष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कर्क (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:54 से 12:50
अमृत काल 06:09 से 07:52
सर्वार्थसिद्धि योग 05:23 से 07:52
रवि योग 07:52 से 29:23
विजय मुहूर्त 14:42 से 15:38
गोधूलि मुहूर्त 19:20 से 19:40
सायाह्न सन्ध्या 19:21 से 20:22
निशिता मुहूर्त 24:02 से 24:42
राहुकाल 12:00 से 13:37
राहु वास पश्चिम
यमगण्ड 08:52 से 10:37

योगेश मिश्र

> नाली से लेकर सड़क और पुल से ले कर एयरपोर्ट और नए नए रेलवे स्टेशन बनाने वाली कम्पनियों और ठेकेदारों और उनके काम को क्लीन चिट देने वाले हाकिमों तक में से कितनों को आपने जेल जाते, जुर्माना भरते देखा-सुना है?
> अंग्रेजों और उनके भी पहले के राजाओं-नवाबों के ज़माने में भी अपने देश में यही मिट्टी थी। यही पत्थर थे। यही नदियां थीं। ऐसे ही इंसान थे। लेकिन तबकी बनाई गई चीजें और आज की चीजें? फर्क आया ही क्यों? कहाँ मिलावट हो गई। कैसे इंजीनियरिंग फेल हो गई। क्या हम इतने मूर्ख हैं कि ये भी नहीं जानते कि हर निर्माण में हमारा ही पैसा लगा है। उसके लिए अलग से नोट नहीं छापे जाते। सुबह से शाम तक जो टैक्स हम हर चीज पर भरते हैं उसी पैसे से सब बनता है। आपके हजार रुपए खो जाएं तो रातों की नींद हराम हो जाती है। यहां हजारों करोड़ रुपये पानी में बहे जा रहे हैं और किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता।सही कहा है, सब मिथ्या है माया है। इस चराचर जगत में।

सब मिथ्या है, सब माया है

बिहार में पुल ढहने का रिकॉर्ड बन रहा है। बाकी राज्य भी रेस में शामिल होने को आतुर हैं। पुल न सही एयरपोर्ट ही सही। कुछ नहीं तो सड़कें ढहा कर गिनती दर्ज करा लेंगे। बस नाम होना चाहिए। अभी तो बरसात और बाढ़ का मौसम शबाब पर आना बाकी है। उत्तराखंड ने पुल बहने का फीता काट दिया है, हिमाचल लम्बी रेस लगाने को तैयार बैठा है।

पुल ही क्यों? अभी तो इमारतें भी भरभराना है। इसका सिलसिला शुरू ही कहां हुआ है? अभी तो सिर्फसूरत शहर ने आमद दर्ज कराई है।

हम धीरज रखे हैं। सब कुछ होगा। हम जानते हैं कि इस चराचर जगत में सब मिथ्या है, भ्रम है, नश्वर है। कुछ भी मोह करने लायक नहीं है, जो आया है वह जाएगा। जो पुल बने हैं, जो चमचमाती सड़कें बनीं हैं, जो बिल्डिंग खड़ी की गईं हैं, उन्हें तो एक न एक दिन जाना ही है। वो कोई सूरज चांद थोड़े ही हैं जो हमेशा बने रहेंगे। वैसे अब तो उनका भी भरोसा नहीं कि कब उनका भी बल्ब फ्यूज हो जाये!

बहरहाल, हम इसी चराचर फलसफे पर यकीन करने वाले लोग हैं। हमें किसी चीज पर न क्रोध आता है, न आश्चर्य होता है। हम सांसारिक चीजों से बहुत ऊपर उठ चुके हैं। कुछ भी टूटता रहे, ढहता रहे हम उदासीन भाव से देखते हैं। क्योंकि हमें पता है : जो आया है उसे तो जाना ही होगा।

महान रचनाकार अज्ञेय लिख गए हैं :
"जो पुल बनाएंगे, वे अनिवार्यतः पीछे रह जाएंगे।
जो निर्माता रहे, इतिहास में बन्दर कहलाएंगे।"

अज्ञेय का संदर्भ चाहे जो रहा हो। लेकिन हम पुल ही क्या, कुछ भी बनाने वालों को पीछे छोड़ देते हैं। हम उनका नाम तक नहीं पूछते, याद करना तो दूर की बात है।

बिहार में दर्जन भर पुल इतने ही दिनों में खत्म हो गए, क्या हमने बनाने वाले का नाम पूछा? नहीं। वो तो बन्दर थे। अब कहीं और उछल कूद कर रहे होंगे। हमने क्या दिल्ली, राजकोट, जबलपुर, लखनऊ हवाई अड्डे बनाने वालों का नाम पूछा? नहीं जी, न हमने पूछा न किसी ने बताया।

एयरपोर्ट की छत ढहे या बरसात में पानी नीचे आने दे, हम फोटो वीडियो देख कर फारवर्ड कर देते हैं। बनाने वाले ठेकेदार या कंपनी से हमें क्या। हमें तो बता दिया गया है कि जांच बैठा दी गई है। कुछ इंजीनियर सस्पेंड कर दिए गए हैं। इतना बता दिया, अब चुप बैठो।

गुजरात के मोरबी में दो साल पहले पुल टूटा था। जो 132 लोग मारे गए उनके घरवालों को छोड़ कर किसी और को याद है उसकी? याद हो भी तो कर क्या लोगे? जिसने पुल बनाया था हो सकता है वो कम्पनी या ठेकेदार अब आपके आसपास पुल बना रहा हो।

चमचमाती वंदे भारत ट्रेन के एक कोच में छत से पानी की धार बहने का वीडियो आया। मीम बने। सरकार ने बता दिया कि कुछ खास बात नहीं,थोड़ी टपकन हो गई थी। चलिए अच्छा हुआ इतना बता दिया। बहती धार को अब हम भी टपकन कहेंगे। ये नया स्टैण्डर्ड है।

50 डिग्री गर्मी झेल चुके लोग अब पानी देख कर परेशान हैं। अयोध्या में रेलवे स्टेशन के बाहर घुटनों तक भरे पानी, चंद महीनों पहले बनी सड़क में जगह जगह हो गए गड्ढे। मुंबई के शानदार अटल सेतु में दरारें और गड्ढे। दिल्ली व मुंबई में सड़कों पर झीलें।क्या क्या गिनाएं। कुछ पूछने से पहले ही हाकिमों ने तमाम फोटुओं को फेक करार दे दिया है। बचे खुचे वाकयों के बारे में जांच बिठा दी गई है। तसल्ली दे दी है कि कोई बख्शा नहीं जाएगा। हालांकि वो भी जानते हैं कि बखूश देंगे तो हम उखाड़ भी क्या लेंगे।

टूटते पुलों, दरकती दीवारों, ढहती छतों से अवध के नामचीन नवाब आसफुद्दौला से जुड़ी एक कहानी याद आती है। उस समय एक भयंकर अकाल पड़ा। लोगों को काम देने के लिए नवाब साहब ने इमामबाड़े का निर्माण शुरू कराया। दिन में मजदूर ईंटें जोड़ते थे जबकि बड़े लोग रात के अंधेरे में उसे तोड़ने का काम करते थे, ताकि उनकी इज्जत पर कोई आंच न आए। मजदूरी दोनों तरह के लोगों को मिलती थी।

सवाल वाजिब है कि कहीं नवाब सरीखे हमारे मॉडर्न हाकिम उसी फार्मूले का इस्तेमाल तो नहीं कर रहे? जब सब लोहा-लाट बन जाएगा तो इकॉनमी का पहिया घूमेगा कैसे? अंग्रेज़ बेवकूफथे, जो सैकड़ों साल पहले लोहा लाट बिल्डिंग, पुल वगैरह बनाते थे। तभी तो उनका साम्राज्य ढह गया। बिहार गरीब राज्य है। बेचारा कब से स्पेशल दर्जा, स्पेशल पैकेज मांग रहा है। गरीब गुरबे से क्या लोहे की उम्मीद करना? वो तो तिनका जोड़ जोड़ कर पुल बना दे वही गनीमत है। नीतीश कुमार खुद इंजीनियर हैं। वो सब जानते हैं। यही उनका सुशासन है। उनके राज का पुल भी पलटी मार रहा तो हैरत क्या है?

ये तो भगवान का बहुत शुक्र है कि हमारे बड़े शहर जलजले से अभी तक मुहाफ़िज़ हैं। लखनऊ से लेकर हैदराबाद और मुंबई से लेकर दिल्ली नोएडा तक जितनी अट्टालिकाएं हैं उनके बारे में आप क्या सोचते हैं? क्या ये किसी बड़े भूकम्प को झेल पाएंगी?

भूकम्प से इमारतें बची रहें इसके लिए कंस्ट्रक्शन के नियम कानून तो बहुत हैं। ठीक उसी तरह जिस तरह पुलों और सड़कों के निर्माण के लिए हैं। यही नहीं, बरसात के पानी को जमा न होने देने के लिए जो बड़े बड़े पाइप जमीन के अंदर डाले गए थे उनके लिए भी ढेरों मानक होंगे। लेकिन क्या कहीं इन मानकों को आपने परीक्षा में पास होते देखा है? नाली से लेकर सड़क और पुल से ले कर एयरपोर्ट और नए नए रेलवे स्टेशन बनाने वाली कम्पनियों और ठेकेदारों और उनके काम को क्लीन चिट देने वाले हाकिमों तक में से कितनों को आपने जेल जाते, जुर्माना भरते देखा-सुना है?

अंग्रेजों और उनके भी पहले के राजाओं-नवाबों के ज़माने में भी अपने देश में यही मिट्टी थी। यही पत्थर थे। यही नदियां थीं। ऐसे ही इंसान थे। लेकिन तबकी बनाई गई चीजें और आज की चीजें? फर्क आया ही क्यों? कहाँ मिलावट हो गई। कैसे इंजीनियरिंग फेल हो गई।

क्या हम इतने मूर्ख हैं कि ये भी नहीं जानते कि हर निर्माण में हमारा ही पैसा लगा है। उसके लिए अलग से नोट नहीं छापे जाते। सुबह से शाम तक जो टैक्स हम हर चीज पर भरते हैं उसी पैसे से सब बनता है। आपके हजार रुपए खो जाएं तो रातों की नींद हराम हो जाती है। यहां हजारों करोड़ रुपये पानी में बहे जा रहे हैं और किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता।सही कहा है, सब मिथ्या है माया है। इस चराचर जगत में।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 2003 में आज ही के दिन ह्यूस्टन का मंगलयान रोवर लॉन्च हुआ था। 1999 में 10 जुलाई को ही जिनीवा में अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन की शुरुआत हुई थी। 1994 में आज ही के दिन नेपाल के प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला ने इस्तीफा दिया था। 1986 में आज ही के दिन भारत ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर लॉर्ड्स में पहली टेस्ट जीत हासिल की थी। 1966 में 10 जुलाई को ही वायु सेना के लड़ाकू विमान मिग का महाराष्ट्र के नासिक जिले से निर्माण शुरू हुआ था। 1940 में 10 जुलाई को ही 2 माह के युद्ध के बाद नार्वे ने जर्मनी के सामने आत्मसमर्पण किया था। 1938 में आज ही के दिनहावर्ड ह्यूज ने 91 घंटे विमान उड़ाने का रिकॉर्ड बनाया था। 1931 में 10 जुलाई को ही नार्वे ने पूर्वी ग्रीनलैंड पर कब्जा कर लिया था। 1925 में आज ही के दिन सोवियत संघ के ऑफिशियल न्यूज एजेंसी के तौर पर ज्ञास की शुरुआत हुई थी। 1924 में 10 जुलाई को ही डेनमार्क ने ग्रीनलैंड पर कब्जा जमाया था। 1913 में आज ही के दिन यूरोपीय देश रोमानिया ने बुल्गारिया के खिलाफयुद्ध की घोषणा की थी। 1848 में 10 जुलाई को ही न्यूयॉर्क और शिकागो के बीच पहला टेलीग्राफ लिंक शुरू हुआ था। 1800 में आज ही के दिन भारत में ब्रिटिश सरकार ने फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना की थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कई बार बिन कहे भी

कई बार बिन कहे भी बहुत कुछ कह लेते कितना भी बहस हो पर फिर ठहर ही जाते हो उन यादों को जागते जागते मानों कम ही लगता हो हर मुलाकात का होना हर बार नए अहसास में भींगो देता वो पायल का तेरा दरवाज़े पर दस्तक देना मानों खुद में ही खोना

- सोनू कुमार आकाश

चाहत ही बेहिसाब की मैंने

चाहत ही बेहिसाब की मैंने जिंदगी बहुत ख़्वाब की मैंने सोच-सोचकर हर एक बात नींदें कितनी खराब की मैंने इश्क़ जुदा नहीं ग़म से कभी तेरी सौगातें गुलाब की मैंने चैन ओ सुकून पास नहीं मेरे आँखें अपनी तालाब की मैंने हर लफ़्ज किताब हो गए जिंदगी को बेनकाब की मैंने क्या खता थी ये क्या बताएँ कुछ तो नहीं हिसाब की मैंने सबब रोने का बड़ा जुदा था क्यूँ ख़्वाहिश अजाब की मैंने

- सपना चन्द्रा

ख़ास पाती | मैंने सुना है कि ख़्वाब बहरा है

मैंने सुना है कि ख़्वाब बहरा है लेकिन सबकी सुनता है मैंने यह भी सुना है कि ख़्वाब अँधा होता है लेकिन सबको देखता है मैंने देखा है कि हक़ीक़त बड़ी निर्लज्ज होती है लेकिन वह सबको एक पर्दा भी देती है मैंने यह भी देखा है कि हक़ीक़त बड़ी कठोर होती है लेकिन साथ में दिल को मुलायम भी करती है तो फिर ज़िंदगी अगर ख़्वाब हैं तो मुझे ख़ुद को तलाशने दे ज़िंदगी गर हक़ीक़त है तो मुझे ख़ुद को तराशने दे - **रामकिशोर उपाध्याय**

प्रिय मानसून, तुम जहाँ कही भी हो

प्रिय मानसून , तुम जहाँ कही भी हो वापिस आ जाओ।। कोई तुम्हें कुछ नहीं कहेगा सोयाबीन ,धान, की तबियत बहुत ख़राब है / सब तुम्हारे बिना परेशान है। छतरी वाले काका और रेनकोट वाले ताऊ तुम्हे बहुत याद कर रहे हैं जो कोई मानसून को यहाँ लेकर आएगा उसे उचित इनाम दिया जायेगा एवं नाम गुप्त रखा जायेगा।।

- पितांबर श्रीवास्तव

अपने रूठे साजन को इस तरह मनायेंगे

अपने रूठे साजन को इस तरह मनायेंगे, फूल अपने आँसुओं के उनके आँचल में सजायेंगे,, दुख में डूबे जब कभी वो-मेरे करीब आयेंगे, सांस थम सी जायेगी और होठ कपकपायेंगे,, हम मिसाल देने को उनकी आँखों की, हम प्यार के समंदर से सीप भी ढूँढ़ लायेंगे,, जो कदम आज मेरे घर तक आने वाले हैं, हम ह्रदय के फूल से उनके रास्ते सजायेंगे,, इस तरह गुस्से में आकर आप देखते क्यों हो, आइने मेरे दिल के सनम चूर चूर हो जायेंगे,, लो प्यार की सरहद से गुजर गये हम, अब लाख बुलाओ हम लौटकर ना आयेंगे

- ललित उपाध्याय

अश्क रखता हूं तिरे मैं, ये हँसी तू रख

अश्क रखता हूं तिरे मैं ,ये हँसी तू रख लें वस्ल की रात भी होगी थोड़ा काबू रख लें स्याह रातों की डराये न तुझे कोई शै बंद मुट्ठी में मिरी याद के जुगनू रख लें देख पायेगा नमी वो न तिरी आंखों की ओट पलकों की छिपा के सब आँसू रख लें बाँट मुझको न ,मुझे रहने दे गुम सा ,ख़ुद में फूल रखने दे उसे तू मेरी ख़ुशबू रख लें लौट आती है ख़ुशी देख तिरे चहरे को नाम अपना तू बदल कर अब जादू रख लें जानना गर मेरे किरदार को चाहे तू भी आइना एक मिरे यार तू रुबरू रख लें रात आँखों में कटे या तेरे पहलू में,बस तू जरा शानों'प मेरे अपने गेसू रख लें आखिरी नींद मिरी गोद में बस तेरी हो तू मिरे सर के नीचे अपने ये बाजू रख लें कर दुआ या तू झुका सर को किसी के आगे फर्क क्या नाम में हिंदी या तू उर्दू रख लें - **वंदना गोयल**

क्षमा, यह वह कर्म है जो स्वयं

"क्षमा" ,यह वह कर्म है जो स्वयं की ही गिरफ्त में हैं,अपनी भावनाओं को निर्मल कर इस प्रशस्त पथ की ओर अग्रसित होना ही जीवन लक्ष्य प्राप्ति का प्रथम कदम है।यह इतना आसान नहीं क्योंकि किसी का आघात हर वक्त आहट देता है उस आहट को अनसुना कर निर्मल रहना खुद की इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने समान है ।

- मीनू वोहरा

सर पर ये खानदान की पहचान है

सर पर ये खानदान की पहचान है आंचल गौरव है आरती का यही शान है आंचल। बचपन से मां ने हमको पढ़ाया यही सबक नेमत खुदा की ईश का वरदान है आंचल। शाहों के सर के ताज़ की कीमत नहीं है जो देखो तो कितना कीमती परिधान है आंचल। जिसने भी इसको आरती परचम बना लिया उस नारी के विद्रोह का ऐलान है आंचल।

- आरती आलोक वर्मा

QUIZ TIME

1) राजस्थान के किस शहर को सूर्यनगरी कहा जाता है?

2) राजस्थान का राजकीय पक्षी कौन सा है?

3) किसने संपूर्णता अभियान की शुरूआत की है?

4) भारतीय मसाला बोर्ड ने एआई उपकरण विकसित करने के लिए किसके के साथ समझौता किया है?

5) हाल ही में 1965 युद्ध के नायक अब्दुल हमीद पर आधारित पुस्तक का विमोचन किसने किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जोधपुर (2) गोडावण (3) नीति आयोग (4) [illegible]

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरूजी

मेष : आज के दिन आप स्वयं को अन्य लोगो से कम आंकेंगे जिससे मन हीन भावना से ग्रस्त रहेगा।

वृष : आज के दिन व्यावसायिक उलझने बढ़ने के कारण नई परेशानी खड़ी होगी। हाथ आये अनुबंध निरस्त हो सकते है सहकर्मियो के साथ भी तकरार होने की संभावना है।

मिथुन: आज आप दिन भर कार्य क्षेत्र पर व्यस्त रहेंगे व्यवसाय सम्बंधित वादे पूरे करने के लिए कठोर परिश्रम करना पड़ेगा इसका उचित फल भी धन लाभ के रूप में यथा शीघ्र मिल जाएगा।

कर्क : आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। कार्य क्षेत्र पर प्रतिस्पर्धा के चलते अधिक मशक्कत करनी पड़ेगा।

सिंह : आज का दिन आपके लिए आशा से अधिक फायदेमंद रहेगा। घर एवं बाहर आश्चर्यजनक घटनाएं घटित होंगी।

कन्या : आज के दिन आप परिस्थितियों से हार मान लेंगे मानसिक अशांति अधिक रहेगी। समझौते वाली प्रवृति भी आज काम् नहीं आने वाली।

तुला: आज के दिन आप सामाजिक गतिविधियो में अधिक सक्रिय रहेंगे।

वृश्चिक : आज आपके द्वारा बनाई योजनाएं शीघ्र फलीभूत होंगी। सभी महत्त्वपूर्ण कार्य आज सरलता से पूर्ण होने की संभावना अधिक रहेगी।

धनु : आज आप किसी धार्मिक क्षेत्र से जुड़ेंगे जिससे आध्यात्मिक उन्नति होगी मन शांत रहेगा हास्य परिहास वाले स्वभाव के कारण आसपास का वातावरण खुशनुमा करेंगे।

मकर : आज के दिन आपको अधूरे कार्य पूर्ण करने की जल्दी रहेगी जल्दबाजी में कुछ कार्य बिगड़ भी सकते है इसका ध्यान रखें।

कुंभ : आज के दिन आपको पारिवारिक समस्याओं का स्थायी समाधान मिल सकेगा किसी वरिष्ठ व्यक्ति का इसमें महत्त्वपूर्ण सहयोग रहेगा पूजा-पाठ के आयोजन की रूप रेखा भी बनेगी।

मीन: आज के दिन आपको मिला जुला फल मिलेगा। एक पल में खुशी के समाचार मिलने से आनंदित हो उठेंगे अगले ही पल किसी अन्य कारण से चिंता की स्थिति बनेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. रुचिकर लगने वाली, रुचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 112 का हल

ज	ल		आ	बा	जा	ही		
मा		खू	ब		दू	र	स्थ	
ना	दा	न		सा	ग		ल	क्ष्य
	न	ख		त	र	ल		
	वी	रा	न			च	ट	क
	र	ब		आ	ज	क	ल	
			आ	ग		दा	ना	
	अ	ग	र	म	ग	र		क्रो
भा	भी		ती	न			य	ध

स्वास्थ्य सुविधाओं में कोताही बरतने पर होगी कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर

■ स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान दिये निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक में शिशु मृत्यु अंकेक्षण सहित समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में हुई चिन्हांकित शिशु मृत्यु के प्रकरण, प्रत्येक प्रसव प्रकरणों का पार्टोग्राफ भरते हुए आवश्यक होने पर समय पर उच्च संस्था में रिफरल करने हेतु भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर संबंधित के विरूद्ध शक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने राष्ट्रीय टीबी उन्मुलन कार्यक्रम के तहत समस्त गर्भवती महिलाओं की तथा स्वास्थ्य संस्थाओं की ओपीडी संख्या का 5 प्रतिशत एवं 01 दिन की भी खांसी/बुखार होने पर स्पूटम जांच सुनिश्चित करने कहा। ताकि यथाशीघ्र टीबी प्रकरणों का चिन्हांकन कर त्वरित उपचार प्रारंभ किया जा सके। कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की समीक्षा करते हुए प्रत्येक गर्भवती का शीघ्र पंजीयन करने हेतु मैदानी स्तर पर निगरानी बढ़ायी जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही घर पर हुए प्रसव को तुरंत रोक लगाने हेतु कठोर कदम उठाने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये। बैठक में जिला अस्पताल आईसीयु के निर्बाध संचालन, गंभीर गर्भवती महिला हेतु 01 आईसीयु बिस्तर आरक्षित रखने एवं हेतु आवश्यक मानव संसाधन एवं चिकित्सकीय उपकरण की तुरंत उपलब्ध कराने हेतु सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक को निर्देशित किया। बैठक में उपस्थित समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संबंधित नोडल अधिकारी एवं कंसल्टेंट को सतत् निगरानी एवं उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. हेमन्त कुमार साहू, डॉ. के. एस. संघा डीएमएस चंदुलाल चन्द्राकर शास. मेडिकल कॉलेज कचांदुर, डॉ. दिव्या श्रीवास्तव जिला टीकाकरण अधिकारी एवं नोडल शिशु स्वास्थ्य, डॉ. आरके. खण्डेलवाल जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीबीएस बंजारे जिला नोडल अधिकारी आईडीएसपी, डॉ. अनिल शुक्ला जिला क्षय अधिकारी, संदीप ताम्रकार जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. अर्चना चौहान जिला नोडल अधिकारी मातृत्व स्वास्थ्य, डॉ. वाय. किरण कुमार शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. विनिता ध्रुवे स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. अनिल सिन्हा आईसीयु विशेषज्ञ एवं समस्त सीपीएम, कंसल्टेंट व स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

निगम नें शांतिनगर में रोकी अवैध प्लाटिंग

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिली थी, कि शांति नगर इंदु आई.टी. स्कूल के पीछे वाले भाग में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। धड़ल्ले से प्लाट काट कर मुरम गिराकर रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिसका परमिशन निगम एवं टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग से नहीं लिया गया था। निगम के भवन अनुज्ञा विभाग की टीम एवं तोड़ फोड़ दल मौके पर पहुंचकर रोड निर्माण के कार्य को रूकवाया। आयुक्त द्वारा बार-बार दिशा निर्देश जारी किया जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति निगम क्षेत्र में प्लाट खरीदने से पहले निगम भवन अनुज्ञा शाखा में आकर संपर्क कर लें। वह जो प्लाट खरीद रहा है, जो मकान या दुकान बनाने के लिए उसका परमिशन मिलेगा की नहीं। फिर भी लोग निगम या पटवारी कार्यालय या टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग जाकर यह परीक्षण नहीं करवा रहे है कि उनके खरीदा जाने वाला प्लाट सही है अथवा नही। दलाल के बहकावे में आकर प्लाट खरीद लेते है। प्लाट पर मकान या दुकान बनाने का परमिशन नहीं मिलता है, तो बाद में परेशान होते है। इसलिए प्लाट खरीदते समय सभी सचेत रहें। कार्यवाही के दौरान भवन अनुज्ञा विभाग से सब इंजिनियर दौलत चंद्राकर, शहबाज खान, जोन 2 के राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी एवं निगम के तोड़फोड़ दस्ता दल उपस्थित रहा।

न्यूज गैलरी

लापता छात्र बिहार में मिला

भिलाई। कैंप क्षेत्र में संचालित मदरसे से लापता हुए छात्र को रेलवे पुलिस ने खोज निकाला है। पुलिस ने नाबालिग को बिहार से बरामद किया है। 14 साल का अयान राइन 4 चार दिन से लापता था। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने छावनी थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस बच्चे की तलाश में जुटी हुई थी। अयान की मां शकीला खातून ने बताया कि 5 जुलाई की शाम घर से कुछ दूरी पर स्थित चटाई क्वॉर्टर मदरसा में वो पढ़ने गया था, लेकिन वो वहां नहीं पहुंचा। कुछ समय बाद मदरसे के हाफ़िज़ का उनके पास फ़ोन आया कि अयान मदरसे नहीं आया है। इससे परिजन चौंक गए और उसको खोजने निकल गए।

स्टीयरिंग छोड़कर स्टंटबाजी मंगवाई माफी, भेजा जेल

भिलाई। जिले में बीती रात सेंट्रल एवेन्यू रोड पर दो युवकों ने शराब के नशे में कार में स्टंट किया। इनमें से एक युवक खिड़की से बाहर निकलकर चिल्ला रहा था। इसी दौरान कार चला रहा युवक भी कार का स्टीयरिंग व्हील छोड़कर बाहर आ गया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनसे माफी मंगवाई और कार जब्त कर दोनों को जेल भेजा गया है। भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना 8 जुलाई 2024 की देर रात 12.30 बजे के आसपास की है। उस समय भिलाई नगर पुलिस रूटीन गस्त पर थी, तो इसी दौरान सेन्ट्रल एवेन्यू रोड में सेक्टर 5 की ओर से ग्लोब चौंक की ओर से एक स्विफ्ट कार सीजी 10 एफए 4205 तेज रफ्तार में आती हुई दिखाई दी। उस कार में दो लड़के सवार थे।

माता का जुड़वास कार्यक्रम

दुर्ग। कसारीडीह सिविल लाईन स्थित सतरुपा शीतला मंदिर में 11 जुलाई को माता का जुड़वास कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सुबह 7 बजे मंदिर पुजारी पं. धीरज शर्मा एवं बैंगा श्यामलाल यादव द्वारा माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई जाएगी। इस पूजा-अर्चना के माध्यम से शहर की सुख-समृद्धि व खुशियाली के लिए माता से प्रार्थना की जाएगी। उक्त जानकारी मंदिर समिति अध्यक्ष रोमनाथ साहू व सदस्यों के अलावा श्रद्धालुओं से माता के जुड़वास कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

परिजन को मिली आर्थिक सहायता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 25 हजार की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। वार्ड 8 बोरीगारका निवासी चंदन की विगत 12 मई 2022 को वाहन दुर्घटना से उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। उक्त घटना में मृतक के परिजन को आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

क्रय किये जाने के लिए निविदा

दुर्ग। जिले के अंतर्गत जिला कार्यालय दुर्ग एवं अन्य शासकीय कार्यालयों के उपयोग के लिए स्थानीय बाजार से कम्प्यूटर व फोटोकापी सामग्री तथा लेखन एवं स्टेशनरी सामग्री क्रय किये जाने के लिए बाजार दर का निर्धारण हेतु मोहरबंद निविदा आमंत्रित की गई है।निविदा प्रपत्र कार्यालय कलेक्टर के प्रपत्र शाखा से 29 जुलाई 2024 शाम 5.30 बजे तक कार्यालयीन अवधि में ले सकते है।

विवेकानंद नगर की सड़कों की हालत खस्ता

वार्डवासियों में पार्षद के खिलाफ बढ़ा आक्रोश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम क्षेत्र के 60 वार्डों में से अधिकांश वार्डों में इन दिनों लाखों-करोड़ों के सीसी रोड व अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन व शिलान्यास किया जा रहा है,लेकिन इसके बावजूद कई वार्ड अभी भी विकास कार्यों से अछूते है। इनमें से एक वार्ड पोटियाकला वार्ड-54 है। वार्ड अंतर्गत आने वाला क्षेत्र विवेकानंद नगर गणपति चौक की सड़कों की हालत बदहाल है। जहां से गुजरना दुर्घटना को न्यौता देने के सामान है। सड़कों की दयनीय स्थिति से क्षेत्र के लोग परेशान है। शिकायत के बावजूद निगम प्रशासन समस्या की अनदेखी कर रहा है,वहीं पार्षद का भी इस ओर ध्यान नहीं है। जिसके चलते नाराज क्षेत्रवासियों ने निगम पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया है। वार्डवासियों ने बताया है कि पोटियाकला वार्ड क्रमांक-54 अंतर्गत आने वाला यह क्षेत्र लंबे समय से निगम की उपेक्षा का शिकार है। वार्ड के पार्षद अजय वर्मा नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष के पद को सुशोभित करते है। बावजूद विवेकानंद नगर में न तो नाली निर्माण किया जा रहा है और न ही अंदर कालोनी में सड़कों का निर्माण किया गया है। लोग थोड़ी सी बारिश में इन सड़कों में आने-जाने से डरते है,क्योंकि इन सड़कों में भवन निर्माण से संबंधित वाहनों से और भी बड़े बड़े गड्डे हो गए है। जगह-जगह पानी पाईप लाईन लिकेज हो रहे है,जिससे सड़कों के कीचड़ व गड्डों में रोज महिलाएं, स्कूल कॉलेज आने जाने वाले छात्र-छात्राएं गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है। इन सड़कों को सीसी सीमेंटीकरण कराने व

पाईप लाईन का मरम्मत कराने के लिए वार्ड पार्षद को कई बार मौखिक व आवेदन देकर निवेदन किया जा चुका है। बावजूद पार्षद द्वारा समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। जिसकी वजह से क्षेत्र की सड़कों की स्थिति बदहाल हो गई है। विवेकानंद नगर (गणपति चौक) के नागरिकों का कहना है कि अगर हाल-फिलहाल सीसी रोड निर्माण संभव नही है, तो कम से कम डस्ट व मुरूम डलवाकर सड़कों का संधारण किया जाए, ताकि बरसात में क्षेत्रवासियों को आवागमन में परेशानियों का सामना न करना पड़े। क्षेत्र के निवासियों ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा है कि नगर निगम प्रशासन या पार्षद जल्द ही क्षेत्रवासियों की इन समस्याओं का समाधान नहीं करवाती है, तो क्षेत्रवासी निगम चुनाव का बहिष्कार करने के लिए बाध्य होंगे।

संयंत्र में भर्ती होने का सुनहरा मौका, 45 पदों पर होगी भर्ती

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु औपचारिक सूचना जारी की गयी है। यह भारत सरकार की प्रतिष्ठित महारत्न कंपनी भिलाई इस्पात संयंत्र में रोजगार प्राप्त कर अपना करियर बनाने का सुनहरा अवसर है। भिलाई इस्पात संयंत्र ने विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया है। जिसका विवरण इस प्रकार है। सहायक प्रबन्धक (सर्वे) हेतु 3 पदों पर नियुक्ति की जाएगी, जिसका ग्रेड ई-1 एवं अधिकतम आयु 30 वर्ष निर्धारित की गयी है। सलाहकार (ई3 ग्रेड) तथा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (ई2 ग्रेड) हेतु कुल 19 पदों पर भर्तियाँ होगी। इसके लिए अधिकतम आयु 41 व 38 वर्ष तय की है। इसी प्रकार चिकित्सा अधिकारी ओ.एच.एस. हेतु ई-1 ग्रेड में 1 पद पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए अधिकतम आयु सीमा 34 वर्ष निर्धारित की गयी है। माइन्स फोरमेन हेतु 3 पदों पर नियुक्ति की जाएगी, जिसका ग्रेड एस-3 एवं अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित है। वही खदानों हेतु जूनियर इन्जिनीयरिंग एसोसिएट (विद्युत पर्यवेक्षक) हेतु कुल 14 पदों पर भर्तियाँ की जाएंगी, जिसका ग्रेड एस-3 एवं अधिकतम 28 वर्ष निर्धारित की गयी है। साथ ही टेक्निकल एसोसिएट बॉयलर ऑपरेशन हेतु 5 पदों पर जिसका ग्रेड एस-01 व अधिकतम आयु सीमा 28 वर्ष निर्धारित की गयी है।

63 पदों के लिए 12 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

दुर्ग। 08 जुलाई 2024/जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग द्वारा जिले में नियोजकों द्वारा उपलब्ध 63 रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 12 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक एनआईआईटी प्राईवेट लिमिटेड स्मृति नगर भिलाई द्वारा रिलेशनशिप मैनेजर के 20, ब्रांच रिलेशनशिप ऑफिसर के 10, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार नियोजक विहान आयरन एण्ड स्टील भिलाई द्वारा अकाउन्टेंट के 4, प्लांट सुपरवाईजर के 3, ऑटो कैड डिजाइनर एवं मार्केटिंग एक्सक्लूसिव के 2-2, नियोजक फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड रायपुर द्वारा रिलेशनशिप मैनेजर के एवं सिनियर रिलेशनशिप मैनेजर के 10-10 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक श्री आर.के.कुर्रे से मिली जानकारी के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड) रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग.निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित हो सकते हैं। पदों, योग्यता, आयु एवं अनुभव से संबंधित जानकारी आवेदक प्लेसमेंट कैम्प स्थल पर प्राप्त कर सकते हैं।

आज से 13 वार्डों के लिए लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छग शासन, सामान्य प्रशासन एवं जनशिकायत निवारण विभाग मंत्रालय महानदी भवन के आदेशनुसार किसी तरह की समस्या होने पर नागरिकों को लंबी दूरी तय कर निगम कार्यालय आने की जरूरत नहीं होगी। सुविधा और समस्याओं का निराकरण करने अधिकारी वार्ड के निर्धारित स्थान तक पहुंचेंगे। शासन के आदेश के बाद कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं।शिविर अलग-अलग तिथियों में वार्डवार लगाया जाएगा। शिविर स्थल पर नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं शिविर में प्रभारी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। शिविर का आयोजन 10 जुलाई की प्रातः 10 से 3 तक वार्ड 36 से 49 वार्डो के लिए स्थान विवेकानंद सभागार पद्मनाभपुर में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जाएगा। शिविर के सफल कियान्वयन के लिए उपायुक्त मोहेंद्र साहू को नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन अधिकारी दिनेश नेताम सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। शिविर में खासबात यह है कि नागरिक अपना टैक्स भी उक्त शिविर में जमा कर सकते हैं। शिविर समाप्त होने के बाद प्राप्त आवेदनों की समीक्षा हर दिन आयुक्त करेंगे।

आवेदन लेने व कागज पर शिकायत लिखने से काम नहीं चलेगा : वोरा

निगम द्वारा लगने वाले जनसमस्या समाधान शिविर को लेकर वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा ने कहा कि शिविर स्थल पर निगम के वरिष्ठ अफसरों और इंजीनियरों को लोगों की समस्या सुनना चाहिए और सुलझाना चाहिए। पूर्व में लगे शिविरों के आवेदन पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। फिर से निगम द्वारा 6 स्थानों पर 60 वार्डो का जनसमस्या शिविर आयोजित करने जा रही है। शिविर केवल खानापूर्ति बनकर न रह जाए। सडक़, नाली, पेयजल, सफाई, स्ट्रीट लाइट, राजस्व विभाग, बाजार विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारी लोगों की समस्याओं का समाधान ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिविर स्थल पर ही करें।

आवास योजना के हितग्राहियों को सौंपी चाबी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। केन्द्र सरकार की अति महत्वकांक्षी पीएम आवास योजना अंतर्गत आवासहीन हितग्राहियो को पक्का आवास प्रदान किया जा रहा है। निगम क्षेत्रांतर्गत अविनाश मट्रोपोलिस जुनवानी में पीएम आवास योजना मोर-मकान मोर-आस के तहत आवेदन करने वाले हितग्राहियों की लॉटरी निकाली थी। जिसमें चयनित 54 पात्र हितग्राहियो को आवास का आबंटन किया गया। जिसमें 15 हितग्राहियों के द्वारा पूर्ण राशि जमा कराकर कब्जा प्रदान किया। आज 15 हितग्राहियों को मकान का भौतिक अधिपत्य प्रदान किया। नियमानुसार 2 विकलांग एवं 1 वरिष्ठ हितग्राही को भूतल का मकान सौंपा।

वरिष्ठ महिला रूखमणी देवांगन अपना सपनो का मकान क्रं. 1/4 भूतल में प्रवेश करते हुए कहा कि मेरी वर्षो की इच्छा पुरी हुई। बरसात के मौसम में मुझे परिवार सहित रहने के लिए नीचे का घर मिला, मेरे परिवार को भी छत मिल गया। दिव्यांग धनंजय को भूतल का मकान प्राप्त करते हुए खुसी व्यक्त की और निगम प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस दौरान आवास योजना सहायक नोडल अधिकारी बीके वर्मा, सहायक अभियंता अजय गौर, प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन, सूडा से अभियंता उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह उपस्थित रहें।

कलश यात्रा में शामिल हुए शिवभक्त

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन समीप के ग्राम छाटा में दिनांक 9 जुलाई से शुरू हुआ। कथा की शुरुआत में आज दोपहर को कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में शिव भक्त शामिल हुए। कलश यात्रा गांव की गलियों भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंची। इसके बाद यहां पर कलश पूजन, घट पूजन, सहित देवी स्थापना वैदिकंत्रोचार के साथ किया गया। इसके बाद कथा वाचक पंडित पुरन प्रसाद शर्मा श्रीधाम अंडी डोंडीलोहारा जिला बालोद द्वारा व्यास पीठ से शिव महापुराण सुनने की कड़ी शुरू हुई। शिव महापुराण कथा का महात्म की चर्चा करते हुए पंडित श्री शर्मा ने कहा की जीवन में तीन लोगों का आशीर्वाद जरूरी है. बचपन में मां का, जवानी में महात्मा का और बुढ़ापे में परमात्मा का, मां बचपन को संभाल देते ही, महात्मा जवानी सुधार देता है और बुढ़ापे को परमात्मा संभाल लेता है. इसलिए कहा गया है मां, महात्मा और परमात्मा से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने कथा का विस्तार करते हुए कहा की कहा कि मॉ वह जो हमें संस्कार देती है, जैसा बीज बोएंगे वैसा ही फल पाएंगे। धर्म का बीज रोपण किया है तो संस्कार रूपी फसल लहलहराएगा।

जिला स्तरीय समिति और मेंटार्स की बैठक

■ आरटीई चयनित छात्रों का प्रवेश निर्विघ्न रूप से किया जाए : कलेक्टर चौधरी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति एवं आरटीई मेंटोर की बैठक आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के नियमों एवं प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले में आर.टी.ई. अंतर्गत चयनित छात्रों का प्रवेश निर्विघ्न रूप से किया जाए। कलेक्टर ने जिले में नियुक्त सभी मेंटोर से कहा कि वे आरटीई के चयनित छात्रों को उनकी शिक्षा पूर्ण होने तक विद्यालयों में अध्ययनरत् रखने का सतत् प्रयास करें। आरटीई के छात्रों से किसी प्रकार का भेदभाव न हो। कलेक्टर ने मेंटोर को पालकों से समन्वय स्थापित करने कहा, ताकि छात्रों की उपस्थिति विद्यालय में नियमित रहें। समिति सदस्य यह ध्यान रखे कि छात्रों से किसी प्रकार का फीस ना ले। छात्रों को सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भी शामिल किया जाए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय में आर.टी.ई. के छात्रों को गणवेश एवं पुस्तक के लिए भेदभाव न बरती जाए। कलेक्टर ने समिति को सभी बिन्दुओं पर त्रैमासिक समीक्षा करने के निर्देश दिये। बैठक में समिति सदस्यों के सुझाव भी आमंत्रित किये गये। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, डीएफओ चन्द्रशेखर परदेशी, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, आयुक्त देवेश ध्रुव, जिपं सीईओ अश्वनी देवांगन,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, आयुक्त मोनिका वर्मा सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ व डीईओ के अधिकारी मौजूद थे।

सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा फेंकने पर लगेगा जुर्माना

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश और स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वार्ड 57 उरला संगम चौक, वार्ड 4 गयानगर व सिविल लाइन मानस भवन के पास, वार्ड 20 क्षेत्र के अलावा अनेक वार्ड के नुक्कड़ों की सफाई करके जीवीपी सफाई स्थानों पर नो जीवीपी पॉइंट का बोर्ड लगाया। इसमें स्पष्ट लिखा है कि खुले में कूड़ा फेंकना दंडनीय अपराध है, ऐसा करते पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। सभी जगह यह चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। अब सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा फेंकते पाए जाने पर 500 से 1000 रुपए तक जुर्माना देना पड़ सकता है।

संयंत्र ने तिमाही में दर्ज किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र ने वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल से जून) में उत्पादन और तकनीकी-अर्थशास्त्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। संयंत्र ने पहली तिमाही में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 1.28 मिलियन टन सेलेबल स्टील उत्पादन दर्ज कर, वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में दर्ज 1.22 मिलियन टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन को पार किया। संयंत्र ने अप्रैल से जून अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 1.16 मिलियन टन फिनिश्ड स्टील उत्पादन दर्ज किया, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में दर्ज 1.08 मिलियन टन फिनिश्ड स्टील उत्पादन से अधिक है। संयंत्र ने अपनी स्थापना के बाद से किसी भी पहली तिमाही अवधि के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ कुल 2.91 लाख टन प्राइम रेल उत्पादन दर्ज कर, वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 2.88 लाख टन को पार किया। कुल प्राइम रेल उत्पादन में संयंत्र की यूनिवर्सल रेल मिल से 1.98 लाख टन का सर्वश्रेष्ठ प्राइम रेल उत्पादन शामिल है, जो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में दर्ज 1.90 लाख टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन से अधिक है। वित्तीय वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही, अप्रैल से जून अवधि में दर्ज 2.18 लाख टन लांग रेल उत्पादन के पिछले सर्वश्रेष्ठ की तुलना में वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 2.36 लाख टन लांग रेल उत्पादन किया। इसके अंतर्गत यूनिवर्सल रेल मिल द्वारा उत्पादित 1.90 लाख टन का उच्चतम लांग रेल उत्पादन शामिल है, जो कि वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.82 लाख टन से अधिक है। संयंत्र की रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल ने भी 46,654 टन का उच्चतम लांग रेल उत्पादन दर्ज कर, वर्ष 2012-13 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 37,516 टन को पार किया। वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल से जून अवधि में किसी भी पहली तिमाही अवधि के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ कुल 2.36 लाख टन लांग रेल की लोडिंग की गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज 2.17 लाख टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ लोडिंग से कहीं अधिक है। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने किसी भी तिमाही अवधि के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ कास्ट बिलेट उत्पादन 5.77 लाख टन दर्ज करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.38 लाख टन को पीछे छोड़ा।

न्यूज गैलरी

डुप्लीकेट होलोग्राम सप्लाई करने वाले कंपनी का स्टेट हेड गिरफ्तार

नवा रायपुर के GST भवन में होती थी प्रिंटिंग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ EOW ने डुप्लीकेट होलोग्राम सप्लाई करने वाले प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के स्टेट हेड दिलीप पांडे को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली की नवा रायपुर के जी.एस.टी. भवन आफिस के भूतल-कक्ष में होलोग्राम प्रिंटिंग होते थे। वही EOW की टीम ने सेटअप से जुड़े हुए इंडस्ट्रियल कम्प्यूटर के हार्ड ड्राइव को, जिसके माध्यम से डुप्लीकेट होलोग्राम के सीरियल नंबरों की छपाई की गई थी उसे जब्त कर लिया है। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी बरामद किया गया है।

शराब घोटाले के मिले पुख्ता सबूत

ईओडब्ल्यू ने बताया कि डुप्लीकेट होलोग्राम के परिवहन संबंधी महत्वपूर्ण दस्तावेज की आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो जांच की जा रही । इसके साथ शराब घोटाले में डुप्लीकेट होलोग्राम से संबंधित महत्वपूर्ण एविडेंस भी हाथ लगे हैं। डुप्लीकेट होलोग्राम सप्लाई करने वाली कंपनी प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राईवेट लिमिटेड नोएडा स्थित कंपनी के मुख्यालय से डुप्लीकेट होलोग्राम छपवा कर रायपुर तक भेजता था। जिसके परिवहन के लिये उपयोग में आने वाले दस्तावेज जिसमें डुप्लीकेट होलोग्राम की संख्या एवं अन्य विवरण होते थे, इन सभी चीजो को भी आरोपी दिलीप पांडे से बरामद किया है। और इन दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है।

4 साल फर्जी होलोग्राम डिस्टलरियों तक पहुंचाए

आरोपी से पूछताछ के दौरान इस बात की भी पुष्टि हुई है कि सिंडिकेट के मुख्य आरोपीगण रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट अनिल टुटेजा, कारोबारी अनवर ढेबर, आबकारी विभाग के विशेष सचिव रहे अरूणपति त्रिपाठी के सिंडेकट में प्रिज्म होलोग्राफी के मालिक विधु गुप्ता ने 2019 से 2022 के बीच फर्जी होलोग्राम छत्तीसगढ़ के डिस्टलरियों को उपलब्ध करायें गये थे।

पट्टा नहीं तो वोट नहीं को लेकर लामबंद

- नगर पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने वार्ड के लोग एकजुट
- आज विधायक रोहित साहू निवास पहुंचेंगे एवं तहसील का करेंगे घेराव

राजिम/नवप्रदेश। शहर के वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 के निवासी पट्टा नहीं तो वोट नहीं की मांग को लेकर लामबंद हो गये हैं जिसकी आगाज इन्होंने आज दिन मंगलवार को शाम 5:00 बजे अपने मोहल्ले से कर दी है। देखते देखते मोहल्ले की महिलाएं एवं पुरुष बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए और पट्टा नहीं तो वोट नहीं शब्दों के साथ हाथ ऊपर करके नारे लगाने लगे। सैकड़ो की संख्या में उपस्थित इन महिला पुरुषों ने बताया कि इस बार के नगर पंचायत चुनाव का हम बहिष्कार करेंगे। हम लोग जिस जमीन पर वर्षों से रह रहे हैं उसका पट्टा की मांग करते-करते 50 साल से भी ज्यादा समय हो गया परंतु शासन प्रशासन हमारी मांग को कभी भी गंभीरता से नहीं लिया है। विधायक, सांसद, कलेक्टर से लेकर मंत्रियों तक फरियाद की है लेकिन इस दिशा में अभी तक कोई पहल नहीं हुआ है। इस वार्ड के लगभग सभी घरों के दीवाल पर पट्टा नहीं तो वोट नहीं लिखा हुआ है।उल्लेखनीय है कि इन दोनों वार्ड को मिलाकर तकरीबन 300 घर बताई जा रही हैं। इसमें 700 से भी ज्यादा लोग निवास कर रहे हैं। मिट्टी के घर के अलावा बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बन गई है। अपनी गाढ़ी कमाई का लाखों रुपया खर्च कर मकान बनाए हैं लेकिन इनको डर बना हुआ है और जमीन का मालिकाना हक मांग रहे हैं। कई लोग ऐसे हैं जो कच्चे मकान पर रहते हैं और प्रधानमंत्री आवास की आस लगाए हुए हैं लेकिन उनके आवास इसलिए पास नहीं हो रहे हैं क्योंकि वह शासकीय जमीन पर रह रहे हैं इन लोगों का साफ कहना है कि जिस जमीन पर घर बनाकर रह रहे हैं वह हमारे हो जाए तो आवास भी मिलेगा और फिर खुशी से रह पाएंगे। उपस्थित वार्ड के द्रोपती सतनामी, दुलारी बाई सोनकर, रामशिला पटेल, गायत्री देवांगन, लक्ष्मी सोनवानी, सविता कोसरे, धनेश्वरी कोसरे, पूजा साहू, परागा निषाद, मीना पटेल, ज्योति सोनवानी ने बताया कि हम लोग कच्चे मकान में रह रहे हैं प्रधानमंत्री आवास की दरकार है। मजदूरी करते हैं तब परिवार के लिए राशन का जुगाड़ हो पाता है। पक्की घर बनाने की हिम्मत नहीं है। सरकारी जमीन में रह रहे हैं इसलिए हमें प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं मिल रहे है। हमारे घरों में बरसात का पानी गिरने पर घर में घुस जाता है। गर्मी में भी बड़ी दिक्कत होती है सरकार हम गरीब लोगों का भला कर दे तो उन्हें दुआएं मिलेगी। बिसाहिन आडिल, किरण निषाद, जमुना आडिल, शहजादी, गायत्री कुर्रे, ज्योति जांगड़े, मेहरुन्निसा, धामिन ध्रुव, हेमा देवांगन, सरस्वती साहू ने बताया कि हम जिस जमीन पर रह रहे हैं उनका पट्टा यदि सरकार नहीं देती है तो हम लोग नगरीय निकाय चुनाव का बहिष्कार करेंगे। पेट्टे के इंतजार में पचासों साल बीत गए हैं। कोरा आश्वासन के सिवाय अभी तक हमें कुछ नहीं मिला है। जब तक हमें पट्टा नहीं मिलेगी तब तक हम चुप बैठने वाले नहीं है।

तहसील कार्यालय का घेराव आज

मनीष यादव, सुखनंदन निषाद, जितेंद्र निषाद, मन्नू निषाद, रवि देवांगन इत्यादि ने बताया कि कल बुधवार को सुबह 10:00 बजे सबसे पहले विधायक कार्यालय पहुंचेंगे वहां विधायक से मुलाकात कर पट्टा नहीं तो वोट नहीं की जानकारी देंगे तथा तहसील कार्यालय पहुंचकर घेराव करेंगे। सैकड़ो की संख्या में मोहल्ले के लोग काम धाम छोड़कर अपने हक की लड़ाई के लिए पहुंचेगे।

जानकी बाई के आवेदन पर अभी तक कार्यवाही नहीं

वार्ड 12 शीतला पारा की जानकीबाई देवांगन अपनी समस्या को लेकर पिछले साल 22 अगस्त को जिला कलेक्टर से मिलकर आवेदन दिया। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि मैं कच्चा मकान में रहती हूं। जमीन का पट्टा नहीं है। जिसके कारण आवास का लाभ नहीं मिल पा रही है हालांकि नगर पंचायत में शपथ पत्र जमा कर दी है। मैं रोजी मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रही हूं मुझ गरीब पर दया कीजिए। इन्होंने 10 माह पहले आवेदन दिया लेकिन अभी तक इनके आवेदन पर कार्यवाही नहीं हुई है।

तहसील कार्यालय का घेराव आज

मनीष यादव, सुखनंदन निषाद, जितेंद्र निषाद, मन्नू निषाद, रवि देवांगन इत्यादि ने बताया कि कल बुधवार को सुबह 10:00 बजे सबसे पहले विधायक कार्यालय पहुंचेंगे वहां विधायक से मुलाकात कर पट्टा नहीं तो वोट नहीं की जानकारी देंगे तथा तहसील कार्यालय पहुंचकर घेराव करेंगे। सैकड़ो की संख्या में मोहल्ले के लोग काम धाम छोड़कर अपने हक की लड़ाई के लिए पहुंचेगे।

छत्तीसगढ़ में अब तक 207.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 207.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 09 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार सुकमा जिले में सर्वाधिक 342.8 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 94.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

दो नाटकों के साथ फिर छा जाने को तैयार महाराष्ट्र नाट्य मंडल

- 30 को होंगे द्वि वार्षिक आम चुनाव, सर्वसम्मति से निर्वाचन की परंपरा

रायपुर/नवप्रदेश। 65 वर्षीय महाराष्ट्र नाट्य मंडल एक बार फिर दो मराठी नाटकों 'गप्पा' और 'प्रेक्षकांनी क्षमा करावी' के मंचन के साथ रंगमंच की दुनिया में छा जाने को तैयार है। दोनों ही नाटकों की रिहर्सल इसी सप्ताह चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में शुरू हो जाएगी। महाराष्ट्र नाट्य मंडल की बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए इस निर्णय की जानकारी सचिव प्रसन्न निमोणकर ने दी।

उन्होंने बताया कि गप्पा (गपबाजी) और प्रेक्षकांनी क्षमा करावी (दर्शक क्षमा करें) का मंचन यथासंभव गणेशोत्सव से पहले महाराष्ट्र मंडल में संत ज्ञानेश्वर सभागृह के सौ. कुमुदिनी वरवंडकर स्मृति रंगमंच पर किया जाएगा। गणेशोत्सव में दोनों ही नाटकों का पुनर्मंचन भी संभावित है। नाट्य मंडल की अध्यक्ष डा. अभया जोगलेकर ने रंगसाधकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी कलाकारों ने दोनों नाटकों के सफल मंचन की जिम्मेदारी ली है, तो उन्हें अनुशासनबद्ध तालीम करनी चाहिए। इसके लिए नियमितता और समयबद्धता पर विशेष जोर देने की जरूरत है। नाट्य मंडल के निर्देशक अनिल श्रीराम कालेले ने कहा कि महाराष्ट्र मंडल के तत्वावधान में दिसंबर- जनवरी में बृहन्न महाराष्ट्र मंडल का राष्ट्रीय सम्मेलन प्रस्तावित है। इसमें देशभर के महाराष्ट्र मंडलों के सैकड़ों प्रतिनिधि शामिल होंगे। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि इस अति महत्वपूर्ण सम्मेलन में महाराष्ट्र नाट्य मंडल के नाटकों का मंचन हो, ताकि महाराष्ट्र नाट्य मंडल के साथ महाराष्ट्र मंडल की नेशनल लेवल पर ब्रांडिंग हो।

भाजपा की कार्यसमिति की बैठक आज

- अपेक्षित श्रेणी के 1500 से ज्यादा पदाधिकारी व सदस्य बैठक में शामिल होंगे

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की वृहद प्रदेश कार्यसमिति की बैठक कल 10 जुलाई बुधवार को राजधानी स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आहूत की गई है। इस कार्यसमिति की बैठक में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश कार्यसमिति में कार्यकर्ताओं को सभी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के लिए विशेष तैयारी की गई है। इस दौरान अनेक बिंदुओं पर महत्वपूर्ण चर्चा भी होगी।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने बताया कि पहली बार प्रदेश कार्यसमिति की बैठक कार्यालय से बाहर आहूत की जा रही है। इस कार्यसमिति को बड़ा रूप दिया गया है। यही वजह है कि कार्यक्रम स्थल बोरियाकला स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय के स्थान पर राजधानी के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम को चुना गया है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यसमिति में भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी कार्यसमिति के सदस्य, प्रदेश कोर कमेटी, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, सांसद, मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी कार्यसमिति के सदस्य, निवृत्तमान सांसद, विधायक, निवृतमान विधायक, समस्त मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, कोषाध्यक्ष, प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक, संभाग प्रभारी, सहप्रभारी, जिला भाजपा एवं समस्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष भाजपा, समस्त प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, निगम महापौर नेता प्रतिपक्ष, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष शामिल होंगे।

कांग्रेस की बैठक में लचर कानून व्यवस्था को लेकर विस घेराव की रणनीति पर चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस की दो महत्वपूर्ण बैठकें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को लेकर विधानसभा घेराव की रणनीति पर चर्चा, बलौदाबाजार में घटित आगजनी, प्रदेश में अपहरण, लूट-पाट, हत्या व आगजनी की घटना के संबंध में चर्चा, केंद्र की एनडीए व राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफजनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन की रणनीति पर चर्चा, रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारी एवं रणनीति पर चर्चा, आसन्न नगरीय-निकाय चुनाव की तैयारी व रणनीति पर चर्चा, संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने पर चर्चा की गयी। बैठक में उपाध्यक्ष गण गुरूमुख सिंह होरा, अंबिका मरकाम, पी.आर. खुंटे, प्रेमचंद जायसी, बीरेश ठाकुर, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, महामंत्री गण प्रशांत मिश्रा, नरेश ठाकुर, डॉ. थानेश्वर पाटिला, राजेन्द्र साहू, सकलेन कामदार, जितेंद्र साहू, सीमा वर्मा, कन्हैया अग्रवाल, शाहिद खान, दीपक दुबे, सुबोध हरितवाल, कार्यसमिति सदस्य गण लालजी चंद्रवंशी, गंगा पोटाई, सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, भोलाराम साहू उपस्थित थे।

जिला अध्यक्षों की बैठक में रायपुर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष उधो वर्मा, बलौदाबाजार अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, गरियाबंद अध्यक्ष भावसिंह ठाकुर, महासमुंद अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, धमतरी अध्यक्ष शरद लोहाना, बालोद जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, दुर्ग शहर अध्यक्ष गया पटेल, दुर्ग ग्रामीण निर्मल कोसरे, भिलाई शहर अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, बेमेतरा अध्यक्ष बंशी पटेल, राजनांदगांव शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, राजनांदगांव ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकुर, कवर्धा अध्यक्ष होरी राम साहू, जगदलपुर शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, सुकमा अध्यक्ष महेश्वरी बघेल, कांकेर अध्यक्ष सुभद्रा सलाम आदि मौजूद थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

नकली होलोग्राम मामला : इलाहाबाद ...
के एक्साइज डिपार्टमेंट ने होलोग्राम की आपूर्ति करने के लिए अवैध रूप से दिया गया। कंपनी टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र नहीं थी। आबकारी विभाग के विशेष सचिव एपी त्रिपाठी, तत्कालीन आबकारी कमिश्नर निरंजन दास, तत्कालीन आईएएस अनिल टुटेजा ने टेंडर के लिए उसकी शर्तों में संशोधन किया। बदले में कंपनी के मालिक विधु गुप्ता से प्रति होलोग्राम 8 पैसे का कमीशन लिया गया।

पीएम मोदी को मिला रूस का ...
में समाधान संभव नहीं होते। बम, बंदूक और गोलियों के बीच समाधान और शांति वार्ताएं सफल नहीं होती। हमने वार्ता के माध्यम से ही शांति के रास्ते अपनाए।'

'मैं आतंकवाद की घोर निंदा करता हूं'
पीएम मोदी ने इस दौरान आतंकवाद की भी घोर निंदा की। उन्होंने कहा,'युद्ध हो, संघर्ष हो या आतंकवादी हमले हों, मानवता पर विश्वास करने वाला हर व्यक्ति, जब जनहानि होती है तो बहुत पीड़ित होता है। लेकिन, ऐसे युद्धों में जब मासूम बच्चों की मौत होती है तो हृदय छलनी हो जाता है और वह दर्द बहुत भयानक होता है। इस विषय में भी आपसे विस्तार से चर्चा हुई। करीब 40 वर्षों से भारत आतंकवाद को झेल रहा है। आतंकवाद इतना भयानक और घिनौना होता है, वो हम 40 वर्ष से भुगत रहे हैं। ऐसे में जब मॉस्को में आतंकवादी घटनाएँ घटीं, दागेस्तान में आतंकी घटनाएं घटी। उसका दर्द कितना गहरा होगा, इसकी मैं कल्पना कर सकता हूं। मैं हर प्रकार के आतंकवाद की घोर निंदा करता हूं।' लगभग ढाई दशक से मेरा रूस के साथ नाता जुड़ा है। आपके साथ भी करीब ढाई दशक से नाता जुड़ा है। हम 10 वर्षों में 17 बार मिले और पिछले 25 वर्ष में हमारे बीच करीब 22 द्विपक्षीय वार्ता हुई। ये मेरी रूस की छठी यात्रा है। ये अपने आप में हमारे संबंधों की गहराई दिखाता है।

सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि की ...
एक याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पतंजलि द्वारा कोविड टीकाकरण अभियान और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों के खिलाफ अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है। उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने पहले शीर्ष अदालत को बताया था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी के 14 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं। वहीं, शीर्ष अदालत ने भ्रामक विज्ञापनों के मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को जारी अवमानना नोटिस पर 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

लंबे इंतेजार के बाद रायपुर...
मध्य छत्तीसगढ़ यानी रायपुर और दुर्ग संभाग में बारिश की गतिविधियां कम रहेंगी। 11-12 जुलाई को सरगुजा और बिलासपुर संभाग के जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की से भारी बारिश की संभावना है। वहीं, प्रदेश के 11 जिलों में सोमवार को मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई। बाकी जिलों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में 1 जून से 8 जुलाई तक 207 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो औसत से 28 प्रतिशत कम है। अब तक 286.7 मिलीमीटर बारिश हो जानी चाहिए थी। जबकि प्रदेश में महीने भर से मानसून एक्टिव है। हालत ये है कि प्रदेश के बड़े-छोटे बांधों को मिलाकर सिर्फ 34 फीसदी पानी बचा है।

बालोद में सबसे ज्यादा बरसे बदरा
रायपुर और जगदलपुर में सुबह से बारिश हो रही थी, लेकिन दोपहर बाद फिर मौसम बदला और धूप निकल आई। सबसे ज्यादा बारिश 39.8 मिलीमीटर बालोद में और सबसे कम बारिश 1.2 मिलीमीटर मोहला मानपुर में दर्ज हुई।

टीम इंडिया के नए मुख्य ...
लिया गया था। इनमें गंभीर के अलावा भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच डब्ल्यूवी रमन का नाम शामिल था। हालांकि, अब जय शाह ने गंभीर के नाम का एलान कर दिया है।

जय शाह ने गंभीर के नाम का एलान करते हुए कहा- मुझे टीम इंडिया के हेड कोच के तौर गंभीर के नाम का एलान करते हुए काफी खुशी हो रही है। मैं उनका भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में स्वागत करता हूं। आधुनिक क्रिकेट तेजी से विकसित हुआ है और गौतम ने इस बदलते परिदृश्य को करीब से देखा है। अपने पूरे करियर में कठिनाइयों को सहने और विभिन्न भूमिकाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद, मुझे विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श व्यक्ति हैं। जय शाह ने लिखा- टीम के लिए उनका स्पष्ट दृष्टिकोण, उनके विशाल अनुभव के साथ मिलकर, उन्हें इस रोमांचक और सबसे अधिक मांग वाली कोचिंग भूमिका को निभाने के लिए पूरी तरह से सक्षम बनाता है। बीसीसीआई गंभीर की इस नई यात्रा का पूरा समर्थन करता है।

सीसीटीवी में कैद हुई ...
भागी, तो नशे में रामा उसे दौड़ा दिया। फिर उसके पेट में चाकू घुसा दिया। इसके बाद वो वहां से भाग गया। सुबह जब मोहल्ले के लोगों ने देखा कि गाय के पेट में चाकू लगा है, तो सत्यजीत और उनके परिवार को जानकारी दी।

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। जिसमें देखा जा सकता है कि, एक युवक हाथ में चाकू लेकर गाय को चाकू मारने दौड़ा रहा है। बताया जा रहा है कि, आरोपी कई तरह का नशा करता है और आदतन अपराधी है। इससे पहले भी दूसरे मामले में जेल जा चुका है।

डॉक्टर और पशुप्रेमी ने किया इलाज
इस मामले की जानकारी मिलते हिंदू धर्म के लोग और पशु प्रेमी वहां पहुंचे। उन्होंने गाय को बांधकर एक जगह खड़ा किया। इसके बाद पशु चिकित्सक को बुलाया गया। डॉक्टर ने गाय के पेट से चाकू निकालकर उसका इलाज किया। डॉक्टर का कहना है कि, जिस तरह गाय को चाकू मारा गया है, वो हत्या के इरादे से मारा है। पुलिस ने चाकू को जब्त कर लिया है। आरोपी की तलाश जारी है।

नई शिक्षा नीति लागू, 47 हजार...
खरीदी, बिक्री और डिमांड के नाम पर सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार के निवारण की दृष्टि से बैठक में अह्म फैसला लिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम 2002 के (यथा संशोधित 2022) में संशोधन प्रारूप का अनुमोदन किया गया। राज्य शासन के समस्त विभाग आदि आवश्यकतानुसार सामग्री, वस्तुओं एवं सेवाओं जिनकी दरें एवं विशिष्टियां भारत सरकार के डीजीएसएण्डडी की जेम वेबसाइट में उपलब्ध हो का क्रय जेम वेबसाईट से उनकी नियमावली निर्धारित प्रक्रिया पालन करते हुए क्रय करेंगे। अतिरिक्त आवश्यकता होने पर सामग्री, वस्तु एवं सेवाओं के क्रय के लिए वित्त विभाग की सहमति आवश्यक होगी।

कार्यालय अस्पताल अधीक्षक
दाऊ कल्याण सिंह स्नातकोत्तर संस्थान एवं अनुसंधान केन्द्र
डी.के. एस. भवन रायपुर (छ.ग.)
Email-dkspgi@gmail.com

क्रमांक/डी.के.एस./र.र./3053 — रायपुर, दिनांक 09/07/2024

// खुली निविदा सूचना //

दाऊ कल्याण सिंह पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेंटर रायपुर में रखरखाव के संदर्भ में स्टेशनरी सामग्री, आवश्यकतानुसार भण्डार क्रय नियमानुसार क्रय की जाती है, इस प्रयोजन से वर्ष 2024-2025 में मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु निविदा प्रपत्र प्रकाशन तिथि से अधीक्षक, दाऊ कल्याण सिंह पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेंटर रायपुर के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस में शुल्क रुपए 1000.00 (रुपए एक हजार मात्र) लेखा शाखा ऐकेडेमिक ब्लाक में जमा कर रसीद प्रस्तुत कर रख रखाव शाखा से प्राप्त किया जा सकता है, जो वापसी योग्य नहीं है। निविदा के साथ अस्पताल अधीक्षक के नाम से बना हुआ रुपए 50,000.00 (रुपये पचार हजार मात्र) की धरोहर राशि किसी राष्ट्रीयकृत/ अधिसूचित बैंक का बना हुआ एफ.डी.आर. संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

मुहरबंद निविदाएं दाऊ कल्याण सिंह पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेंटर रायपुर के नाम से अंतिम तिथि 30/07/2024 तक शाम 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जावेगा।

प्राप्त निविदा दिनांक 31/07/2024 को दोपहर 12.30 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जावेगी जिसमें निविदादाता एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं।

निविदा प्रपत्र प्राप्त कनरे की तिथि - प्रकाशन दिनांक से 30/07/2024 तक (कार्या समय शाम 5.00 बजे तक)
निविदा प्रपत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 30/07/2024 (कार्यालयीन समय शाम 5.00 बजे तक)
निविदा खोले जाने की तिथि - 31/07/2024 (समय दोपहर 12.30 बजे)

अस्पताल अधीक्षक एवं ऐकेडमिक इंचार्ज
दाऊ कल्याण सिंह पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेंटर
रायपुर (छ.ग.)

जी-242500962/4

कैनरा बैंक Canara Bank — शुद्धि पत्र - विक्रय सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 06/07/2024 को नवप्रदेश सम्पूर्ण छ.ग. में प्रकाशित ई-नीलामी सूचना में सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd., E-mail ID: -eauction@ccsl.co.in अथवा www.canarabank.com का परिवर्तन हो गया है जिसे M/s. PSB Alliance (ebkray), Helpline: Email ID- support.ebkray@psballiance.com, Website: https://ebkray.in पढ़ा एवं समझा जावे।
प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा वीरसावरकर नगर हीरापुर कालोनी रायपुर में निर्मित एल.आई.जी.II भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/भूखंडों/भवनों में से भूखंड/भवन क्रमांक LIG-II/506 श्री डी. मोहन पिल्ले पिता श्री के.डी. पिल्ले को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 27/10/2007 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 03/07/2024 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती रेनू धीमान पति श्री अवतार सिंह धीमान के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय, तहसीलदार भिंभौरी, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)
क्रमांक/3301/निर्वा/वार्ड परिसीमन/न.पं./ 2024 — भिंभौरी, दिनांक 08.07.2024

// प्रपत्र //
नियम 07 देखिए
नगर पंचायत क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं से अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत भिंभौरी क्षेत्र को 15 वार्डों में विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं जो नगर पंचायत भिंभौरी कार्यालय में कार्यालयीन समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख से सुझाव दिनांक 09.07.2024 से 15.07.2024 (07 दिन) तक लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किए जा सकेंगे।
स्थान- भिंभौरी
दिनांक- 08.07.2024

(सरिता मढ़रिया)
तहसीलदार
भिंभौरी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

NOTICE UNDER SECTION 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932

Be it known to all that the partnership firm M/s. **"RAIPUR KHANIJ UDYOG" KH. NO. 49/29, MITTAL DHARAM KANTA, URLA INDUSTRIAL AREA RAIPUR (C.G.)** having Registration No. **992/15-16 dated 29.02.2016**, has undergone changes by which **SMT. HEENA PATEL W/O LATE SHRI MANISHBHAI JEEVANBHAI BODA** has retire from the partnership Without any objection of old partners And Other partner have agreed to continue the Business. **SMT. RINA VAISHNANI, AND SMT. MITTAL KANSAGRA**, Hence above All Partners will continue the firm and accordingly made the new partnership deed on **30/01/2023**.

SMT. MITTAL KANSAGRA
for, M/s. "RAIPUR KHANIJ UDYOG"
(Partner)

कार्यालय नगर पालिका परिषद बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)
क्रमांक/552/निर्वा./न.पा.परि./2024-25 बीजापुर, दिनांक 08/07/2024

प्रपत्र
(नियम 7 देखिए)
नगरपालिका क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं के अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बीजापुर नगरपालिका परिषद क्षेत्र को 15 वार्डों में विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं, जो बीजापुर नगरपालिका परिषद कार्यालय में कार्यालय समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख 09/07/2024 से 15/07/2024 (सात दिवस) के भीतर लिखित रूप से अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

स्थान- बीजापुर
दिनांक 08/07/2024

(डी.आर. ध्रुव)
तहसीलदार
एवं नाम निर्दिष्ट अधिकारी
जिला-बीजापुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)
निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु. (लाख में)
1	2	3
66/155605	S/R MOM WORKS AND SMALL DEPOSITE WORKS AT G.A.D. & JUDGES COLONY RASIDENCLAL QUARTERS AT CIVIL LINES RAIPUR UNDER P.W.D. SUB DIVISION NO.1, RAIPUR CHHATTISGARG	रु. 25.00 लाख
67/155606	S/R MOW WORKS AND SMALL DEPOSITE WORKS AT SALE TAX (SATEE TAX) OFFICE BUILDING & OLD PHQ CMAPUS CAMPUS AT CIVIL LINES RAIPUR UNDER P.W.D. SUB DIVISION NO.1, RAIPUR CHHATTISGARH	रु. 25.00 लाख
68/155607	WHITE WASHING COLOUR WASHING, DISTEMPERING & PAINTING WORK AT VIP BUNGLOW CIVIL AND SHANAKR SAGAR UNDER SECTION NO.1 SUB DIVISION NO.1 RAIPUR (C.G.)	रु. 25.00 लाख
69/155608	S/R, MOW & DEPOSIT WORK OF JILA HOSPIRAL KALIBADI SECTION UNDER MAINTENANCE SUB DIVISION, RAIPUR (C.G.)	रु. 25.00 लाख
70/155609	S/R, MOW & DEPOSIT WORK IN VARIOUS RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BUILDING IN HEERAPUR SECTION, RAIPUR (C.G.)	
72/155610	S/R, MOW & DEPOSIT WORK IN VARIOUS VARIOUS GOVT. BUILDING UNDER DHARDISA SECTION NO.1 DHARSIVA SECTION NO.2 & SI SILIYARI SECTION NO.2, RAIPUR (C.G.)	रु. 25.00 लाख

निविदा डाउनलोड करने की अँतिम तिथि दिनांक 24.07.2024 समय सायं 5.30 बजे तक
उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र.-1
रायपुर (छ.ग.)

जी-242500942/2

■ न्यूज गैलरी

एबीवीपी के नगर अध्यक्ष बने सोमेश सिन्हा

भाटापारा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई भाटापारा में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा विद्यार्थी दिवस के अवसर पर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार कोमल शर्मा ने विद्यार्थियों को रामायण का उदाहरण लेकर जीवन के महत्व और युवावस्था बताया ।मुख्य वक्ता बहन राशि त्रिवेदी ने एबीवीपी के उद्देश्य और संगठनात्मक पहलू के विषय में जानकारी दी तथा आरएसएस जिला प्रचारक विवेकानंद ने जीवन और अनुशासन के महत्व पर छात्राओं को संबोधित किए ।पूर्व नगर मंत्री अभिषेक मिश्रा द्वारा नवीन कार्यकारणी की घोषणा की गई जिसमें नगर अध्यक्ष सोमेश सिन्हा ,नगर मंत्री राजीव मिरझा बने एवं इसी प्रकार परिषद् में क्रमशः विभिन्न दायित्व दिया गया और आगे छात्र हित में काम करने का उदघोष किया गया।

सांसद ने युवा जनसेवक पीयूष को दी जन्मदिन की बधाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। लोकसभा सांसद विजय बघेल एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने जनसेवक पीयूष शर्मा को केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वही बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने युवा जनसेवक को एक पेड़ मां के नाम भेट कर बधाई दी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, अवधेश चंदेल, राजेंद्र शर्मा, हर्ष तिवारी, राजेश दीवान, आदित्य सिंह राजपूत, विजय सिन्हा, सिद्धांत तिवारी, गौरव तिवारी, शिवम दीवान सहित बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहें।

प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिए शिक्षक

भाटापारा/नवप्रदेश। अंबुजा फाउंडेशन बालोदाबाजार, सलाम मुंबई फाउंडेशन, मुंबई के सहयोग से एवं जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा हिमांशु भारतीय के निर्देशानुसार मंगलवार को सरकारी स्कूल के 22 शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन अंबुजा क्लब रवान मे संपन्न हुआ है। अंबुजा फाऊंडेशन से डॉ.जया अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को कोपटा नियमों, तंबाकू मुक्त स्कूल और तंबाकू मुक्त बच्चों के बारे में जागरूक करना है। यह कार्यशाला प्रभावित बच्चों की पहचान करने और उन्हें तंबाकू छोड़ने में सहायता करने के तरीकों पर भी मार्गदर्शन दिया गया।उक्त जानकारी अरूण वर्मा एपीसी समग्र शिक्षा ने दी।]

गांधी चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का धरना

पंडरिया/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा पंडरिया के गांधी चौक में एक दिवसीय धरना - प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। पहली मांग लगातार बढ़ती बिजली कटौती एवं बढ़ते बिजली के दाम, दूसरी नगर पालिका पंडरिया क्षेत्र में विकास के लिए पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दिए गए तीन करोड़ की राशि मे से 21 कामों को निरस्त किये जाने व निकाय क्षेत्र में चालू कार्य को अपूर्ण कर छोड़ दिये जाने के विरोध में तीसरी मांग पंडरिया के बसोड़ परिवार को शासन द्वारा बास प्रदान नही किये जाने के विरोध में पंडरिया गांधी चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन कर एस डी एम के नाम नायाब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा तथा ज्ञापन में लिखा है कि दस दिवस में निकाय क्षेत्र के अपूर्ण कार्य यदि पूर्ण नही होता है तो भीषण आंदोलन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की रहेगी। कांग्रेस द्वारा आयोजित धरना-प्रदर्शन को छाया विधायक नीलकंठ चन्द्रवँशी , आंदोलन के प्रभारी व पूर्व मंडी अध्यक्ष कवर्धा नीलकंठ साहू , ब्लाक अध्यक्ष नवीन जायसवाल ,युवा नेता आनंद सिंह ठाकुर ,वरिष्ठ नेता निर्मल सिंह सलूजा , घनश्याम साहू ने सम्बोधित किया ।

निधन

चोवा राम वर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। छ0 ग0 मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज के केन्द्रिय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया है।वे करीबन 65 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को दोपहर में उनके गृह ग्राम जरौदा में किया गया ।उनकी अंतिम यात्रा में काफी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। उनके निधन पर महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बेस, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दूर्ग लोकसभा के सासद विजय बघेल, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा,वरिष्ठ केंद्रीय उपाध्यक्ष डॉ के के नायक,समाज के पूर्व केन्दीय अध्यक्ष सीताराम वर्मा, पाटन राजप्रधान युगलकिशोर आडिल, दूर्ग राजप्रधान दुलारी वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, जिला सहकारी केंदीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, अरुण वर्मा, हेमलाल वर्मा, दीपक टिकरिहा, संतोष नायक, लखन कश्यप, सुरेश वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा सहित कुर्मी समाज के पदाधिकारियों व सदस्यो ने श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए शोक ब्यक्त किया है

प्रभु जगन्नाथ को भोग लगाकर विधायक इन्द्र साव ने माता कर्मा प्रसादी का वितरण किया प्रारंभ

भाटापारा/नवप्रदेश। भगवान जगन्नाथ जी के रथयात्रा के दिन नगर साहू समाज भाटापारा द्वारा रथ के पीछे माता कर्मा प्रसादी (खिचड़ी) प्रभु जगन्नाथ जी को भोग लगाने के पश्चात क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव के द्वारा प्रसादी वितरण का कार्य प्रारंभ किया गया।

इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने कहा ÷भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा हमारे समाज की एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है। यह रथ यात्रा हमें न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है, बल्कि हमारे सामूहिक विश्वास और एकता को भी प्रकट करती है। भगवान जगन्नाथ की कृपा से हम सभी को इस पवित्र रथ यात्रा के माध्यम से प्रेम सद्भावना और एकता का संदेश मिल सके मैं सभी श्रद्धालुओं को इस शुभ अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

भगवान जगन्नाथ महाप्रभू के रथयात्रा के पीछे सभी भक्तजनों को नगर साहू समाज भाटापारा के पदाधिकारियों द्वारा माता कर्मा प्रसादी (खिचड़ी) वितरित करते हुए प्रभु जगन्नाथ जी के रथयात्रा के सहभागी बनें जिसमें मुख्यरूप से नगर साहू समाज के अध्यक्ष राजेश साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनाराम साहू, श्रीमती कल्याणी साहू, सचिव मनीराम साहू, सह सचिव जीत नारायण साव, कोषाध्यक्ष तिलक साहू, सलाहकार अजय साहू (अमृतांशु), तोरण साहू, लुकु साहू, उपाध्यक्ष रामचंद साहू, नंदू साहू, भागवत साहू, साहू छात्रावास प्रभारी नभ नारायण साहू, रवि साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पीतांबर साहू, निकेश साव, हरि किशन साहू, डॉ लोकचांद साव, हेमंत साहू, प्रवीण साहू, समाज सेवक पिलाराम साहू, फ्लेश साहू, लेवेश साहू,क्रांतिलाल साहू,सुरेश साहू, राधेश्याम साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती कमला साहू, डॉ. वीणा साहू, नीरा देवी साहू, सती साहू, प्रमिला साहू, कामना साहू, लाला साहू, तरुण साहू, उमेश साहू के साथ ही चारों परिक्षेत्र व तहसील से आए हुए प्रमुख रूप से घनाराम साहू, कमलेश साहू, सहदेव साहू, कुलेश्वर साहू, तिहारू साहू आदि सामाजिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

धान खरीदी केंद्र में धान के उठाव में गड़बड़ी

कलेक्टर ने तीन समिति प्रबंधक और तीन ऑपरेटरों को किया निलंबित

बेमेतरा/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी केन्द्र मोहगांव के अंतर्गत कुल 9161 मे.टन धान की खरीदी की गई, जिसमें कुल 9055 मे.टन का उठाव होने के पश्चात कुल 106 मे.टन कमी प्रदर्शित हैं। उक्त शेष धान का निराकरण समिति प्रबंधक/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के द्वारा नहीं किया गया है, जो खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के धान खरीदी नीति की कडिका क्रमांक 16.9 का उल्लंघन है। शासन को हुई आर्थिक क्षति को दृष्टिगत रखते हुए दिगम्बर राजपूत समिति प्रबंधक एवं नितिन साहू डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में घान खरीदी केन्द्र साजा के अंतर्गत कुल 6668 मे.टन धान की खरीदी की गई, जिसमें कुल 6630 मे.टन का उठाव होने के पश्चात कुल 38 मे.टन कमी प्रदर्शित है। उक्त शेष धान का निराकरण समिति प्रबंधक/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के द्वारा नहीं किया गया है, जो खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के धान खरीदी नीति की कंडिका क्रमांक 16.9 का उल्लंघन है। शासन को हुई आर्थिक क्षति को दृष्टिगत रखते हुए दिपक सोनी समिति प्रबंधक एवं शरद वैष्णव डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी केन्द्र कुसमी के अंतर्गत कुल 9860 मे.टन धान की खरीदी की गई, जिसमें कुल 9101 मे टन का उठाव होने के पश्चात कुल 38 मे.टन कमी प्रदर्शित है। उक्त शेष धान का निराकरण समिति प्रबंधक/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के द्वारा नहीं किया गया है, जो खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के धान खरीदी नीति की कंडिका क्रमांक 16.9 का उल्लंघन है। शासन को हुई आर्थिक क्षति को दृष्टिगत रखते हुए सत्यनारायण साहू समिति प्रबंधक एवं नरेश साहू डाटा एन्ट्री ऑपरेटर को तत्काल प्रभाव से जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा जिला बेमेतरा द्वारा आदेश 8 जुलाई से निलंबित किया गया है। उक्त कृत्य के लिए दिगम्बर राजपूत समिति प्रबंधक एवं नितिन साहू डाटा एन्ट्री ऑपरेटर सेवा सहकारी समिति मर्या. मोहगांव पंजीयन क्रमांक 1249, विकासखंड साजा जिला बेमेतरा, दिपक सोनी समिति प्रबंधक एवं शरद वैष्णव डाटा एन्ट्री ऑपरेटर सेवा सहकारी समिति मर्या. साजा पंजीयन क्रमांक 1246 विकासखंड साजा जिला बेमेतरा एवं सत्यनारायण साहू समिति प्रबंधक एवं नरेश साहू डाटा एन्ट्री ऑपरेटर सेवा सहकारी समिति मर्या. कुसमी पंजीयन क्रमांक 570 विकासखंड बेमेतरा जिला बेमेतरा को प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी सेवा नियम 2018 के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्यवाही करने हेतु संबंधित समिति के प्राधिकृत अधिकारी को निर्देशित किया गया हैं।

लंबे समय से दर्ज प्रकरणों को एक सप्ताह के भीतर करें निराकृत : कलेक्टर

शिक्षकों को समय पर स्कूल पहुंचकर गंभीरता से बच्चों को शिक्षण देने के दिए निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा आज कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर टीएल के संबंधित पत्र, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों तथा टीएल के लिए प्रेषित प्रकरणों को समय सीमा में कार्यवाही नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में दिए गए निर्देशों एवं टीएल में दर्ज प्रकरणों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने लंबे समय से दर्ज प्रकरणों को एक सप्ताह के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में आनलाइन पोर्टलों में लंबित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने जन शिकायत एवं जन चौपाल में आए प्रत्येक आवेदन की जाँच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में नशीले पदार्थों की बिक्री संबंधी समस्याओं पर आबकारी विभाग के अधिकारी को निराकरण करने एवं जिले में अवैध शराब तस्करी करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पशुधन विकास विभाग को पशुओं के टीकाकरण की स्थिति और आवारा पशुओं को चिन्हकित कर उनके लिए उचित व्यवस्था करने को कहा।

झलप तहसीलदार से हुई मारपीट के विरोध में आज से प्रदेश भर के तहसीलदार तीन दिवसीय हड़ताल पर

■ राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को सौंपा ज्ञापन

भाटापारा/नवप्रदेश। महासमुंद जिले के झलप तहसील में नायब तहसीलदार युवराज साहू के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में राज्य के सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बेनर तले आज से तीन दिवस का सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक हड़ताल पर चले गए हैं और उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी संबंधी एक 7 सूत्रीय मांग पर का ज्ञापन संघ के सदस्यों ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को सौंपा है।

विदित हो कि महासमुंद जिले के झलप तहसील में कार्यरत नायब तहसीलदार युवराज साहू के साथ मारपीट कार्य के दौरान हुई थी। जिससे पूरे प्रदेश के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने गहरी नाराजगी जताई है। इस घटना के पूर्व भी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने न्यायालय में सुरक्षा संबंधी मांग सरकार से की थी और पूर्व सरकार के द्वारा न्यायालय में सुरक्षा हेतु पत्र समस्त कलेक्टर को भी जारी किए गए थे परंतु आज तक उसका क्रियान्वन नहीं हो पाया है।जिसके कारण आज भी न्यायालय में बैठे तहसीलदार नायब तहसीलदार असुरक्षा के बीच कार्य करने को मजबूर है।

पिछली सरकार के द्वारा नायब तहसीलदारों को राजपत्रित घोषित किया गया था परंतु आज तक इस आदेश का क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। इसी प्रकार तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर प्रमोशन में 50-50 का अनुपात लागू करने की घोषणा की गई थी वह भी अभी तक अमल में नहीं लाया गया है।वेतन विंसगती को दूर किया जाए। मैदानी कार्य एवं ला एंड ऑर्डर के लिए वाहन सुविधा या वाहन भत्ता दिया जाए।न्यायालीन कार्य के लिए जरूरी संसाधनों को उपलब्ध कराया जाए, प्रत्येक पीठासीन अधिकारी के लिए वाचक ,कंप्यूटर ऑपरेटर ,चपरासी के साथ साथ ,कंप्यूटर,लैपटॉप सहित स्टेशनरी सामग्री दी जाए।

एएसएलआर एसएलआर को पर्याप्त संख्या में नायब तहसीलदार तहसीलदार होने के बावजूद तहसीलदार का प्रभार दिए जाने का संघ ने विरोध किया था और बाकायदा समस्त कलेक्टरों को मंत्रालय से पत्र भी प्रेषित किया गया था परंतु आज तक किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया है ना ही घोषित एवं निर्देशित मांगों को अमल में लाया गया है।

आज से तीन दिनों तक कार्यालयों में काम नहीं

इन्हीं सब अपने मांगों को लेकर तहसीलदार नायब तहसीलदार आज 10 जुलाई से तीन दिवस 12 जुलाई तक के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं एवं मांग पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने संबधी एक ज्ञापन छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के द्वारा प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को सौंपा गया है।

जीएनए कॉलेज की वाणिज्य परिषद ने किया पौधा रोपण

भाटापारा/नवप्रदेश। विगत 6 दशकों से अंचल में उच्च शिक्षा की अलख जगाने वाले शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा की वाणिज्य परिषद ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण करवाया ।

महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा साहू के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन वाणिज्य विभाग के अंतर्गत गठित वाणिज्य परिषद ने किया । प्राचार्य महोदया ने कहा कि ऐसे समय में जब औद्योगिक प्रदूषण , उपभोक्तावाद से उपजे कचरे और कार्बन उत्सर्जन , बिजली की बढती खपत से धरती का औसत तापमान बढता जा रहा है । हमारे क्षेत्र में तापमान 46-47 डिग्री पहुँच जाता है । ऐसे में अंचल ही नहीं पूरी पृथ्वी में वृक्षारोपण की नितांत आवश्यकता है । महाविद्यालय में सतत वृक्षारोपण अभियान चलाकर हम न केवल अपने परिसर को हराङ्भरा बनाना चाहते हैं , बल्कि विद्यार्थियों और आमजनों को वृक्षारोपण हेतु प्रेरित करना चाहते है ।वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष अशोक वर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि विभाग के सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार सरवैया ने अपने पुत्र चि. प्रथम के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर आर्थिक सहयोग देकर वाणिज्य परिषद को वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर मौलश्री , बरगद और नीम के पौधे लगाये गये । विद्यार्थियों ने हॉस्टल बिल्डिंग की दीवार के किनारे प्राकृतिक रूप से उगे बरगद के पौधे को सुरक्षित रूप से निकाल कर मैदान में लगाने में सहयोग किया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक साथियों में गुतेश्वर साहू , डॉ. अनिता सरीन , डॉ. विकास गुलहरे , डॉ. प्रीति सोनी , डॉ. नवनीत द्विवेदी , डॉ. सुमीत पंत , डॉ. राजन तिवारी , राजेश कुमार , डॉ. शशि किरण कुजुर , डॉ. स्नेहा तिवारी , इंद्राणी मरकाम , रोहन अग्रवाल , डॉ दीपिका त्रिपाठी,रेखा कश्यप इत्यादि उपस्थित थे ।

वाणिज्य परिषद की ओर से एकता ठाकुर, धर्मेन्द्र , दीपक साहू , सौरभ , दीपक यादव , पोषण साव , कोमल मानिकपुरी ने सक्रिय सहयोग दिया । पौधारोपण में माली मुकेश , सोनू और विमला ने सहयोग दिया ।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्ट्रेट में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले 32 आवेदको ने अपनी समस्याओं, मांगो और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने जनदर्शन में आम जनता की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग को तुरंत निर्देश जारी किए।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, भाटापारा
(छ.ग. शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कंपनी)
नाका नम्बर -1, तरेंगा रोड, भाटापारा

//आवश्यक सूचना //

एतद् द्वारा जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि 33 के.व्ही. उपकेन्द्र सुहेला से 33 के.व्ही. उपकेन्द्र जरौद तक नई लाईन खींची गई है। उक्त नई लाईन ग्राम सुहेला, लोहारी, शिकारी केसली, डिग्गी, खपरी एवं जरौद से होकर गुजर रही है।

सहायक अभियंता (परियोजना) बलौदाबाजार द्वारा उक्त नई लाईन का निरीक्षण कर चार्ज किए जा सकने संबंधी लेख किया गया है। उक्त लाईन को दिनांक 10.07.2024 दिन बुधवार को या उसके बाद किसी भी दिन ऊर्जीकृत किया जा सकता है। अतः जन सामान्य से निवेदन है कि उक्त नव निर्मित लाईन से सुरक्षात्मक दूरी बनाकर सावधानीपूर्वक कार्य करें। विद्युत लाईन से छेड़छाड़ न करें। किसी भी तरह की दुर्घटना के लिए आप स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।

''स्वहित राष्ट्र हित में ऊर्जा बचाएं। बिजली बिल का भुगतान समय पर करें।''

(एन.के. सोनी)
कार्यपालन यंत्री (सं/सं) संभाग
छ. स्टेट पा.डि.कं.लि. भाटापारा
कर्मचारी क्र. 91542851

कार्यालय नगर पंचायत बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)
cmobodla@rediffmail.com Pho. 07740253505
क्रमांक/414/लो.नि.वि./न.पं./2024-25 बोड़ला, दिनांक 9/07/2024

मैनुअल (आफलाईन) पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में ठेकेदारों/फर्म से CG PWD/PHE Building Road S.O.R. 2015 कम, अधिक या समान दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से मैन्युअल (आफलाईन) निविदा त्रि-लिफाफा पद्धति से निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जावेगा

प्रथम निविदा आमंत्रण सरल क्रमांक 01 से 04 तक के कार्य के लिए
1. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि एवं समय - दिनांक 16.07.2024 समय शाम 4.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि एवं समय - दिनांक 19.07.2024 समय शाम 4.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - दिनांक 31.07.2024 समय दोपहर 3.00 बजे तक
4. निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय - दिनांक 31.07.2024 समय शाम 4.30 बजे

द्वितीय निविदा आमंत्रण सरल क्रमांक -05 के कार्य के लिए
1. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि एवं समय - दिनांक 16.07.2024 समय शाम 4.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि एवं समय - दिनांक 19.07.2024 समय शाम 4.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - दिनांक 25.07.2024 समय दोपहर 3.00 बजे तक
4. निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय - दिनांक 25.07.2024 समय शाम 4.30 बजे

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि	निविदाप्रपत्र का मूल्य एवं आवेदन शुल्क	निविदा प्रपत्र
1	वार्ड क्र. 03 अजय अवस्थी के घर से प्रभुदयाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	2.33	2500.00	750+100/-	"A"
2	वार्ड क्र. 03 मुक्तावन दास के घर से जगौतिन बाई के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	3.85	4000.00	750+100/-	"A"
3	वार्ड क्र. 03 उर्वशी पाठक के घर से दुक्कल पटेल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	0.91	2000.00	300+100/-	"A"
4	वार्ड क्र. 01 रामचरण देवांगन के घर से खेलु साहू के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	2.68	3500.00	750+100/-	"A"
5	वार्ड क्र. 12 कन्या आश्रम बोड़ला में दीर्घ मरम्मत कार्य।	1.53	2000.00	300+100/-	"A"

टीप :- उपरोक्त कार्यों की निविदा की विस्तृत विवरण, सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बोड़ला

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.), फोन नं. 0771 - 4222611, 4222612
ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस

यतः बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकायेदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी,जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया है जिनका विवरण निम्नानुसार है-

क्र.	शाखा का नाम /फोन नं.	उधारकर्ता / जमानतदार का नाम	प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण	मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक / भौतिक कब्जा तिथि
01	गीतांजली नगर शाखा, अवंति विहार, रायपुर 9109993985	श्री नरेश कुकरेजा पिता श्री एमडी कुकरेजा और श्रीमती दीपा कुकरेजा पति श्री नरेश कुकरेजा दोनों निवासी- मकान नंबर 8, गुरुगोविंद सिंह वार्ड नं. 34, संतोषी चौक के पास, पंडरी, रायपुर- 492001 (छ.ग.)	संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न जिसमें शामिल साम्यिक बंधक परिवर्तित भूमि स्थित ग्राम- गुढ़ियारी, खाता नं.- 55 भाग 3, खसरा नं. - 215 / 3 (का भाग), प.ह.नं.- 107 / 37, आरआईसी - रायपुर, तहसील एवं जिला - रायपुर, छ.ग. क्षेत्रफल - 1300 वर्गफीट हैं जो श्री नरेश कुकरेजा के नाम पर हैं. सीमाएं विक्रय विलेख के अनुसार. उत्तर- रोड, दक्षिण- दुबे जी का मकान, पूर्व-विनोद अग्रवाल की भूमि, पश्चिम- देवांगन का मकान	29.09.2018 रु. 15,42,106.28 + ब्याज + अन्य प्रभार 06.07.2024 सांकेतिक कब्जा
02	गीतांजली नगर शाखा, अवंति विहार, रायपुर 9109993985	श्री अभिषेक सिंह तोमर और श्रीमती किरण तोमर मकान नं. 27, पूजा जनरल स्टोर के पीछे, आम बगीचा के पास, सुंदर नगर, रायपुर, छ.ग.	साम्यिक बंधक प्लाट एवं मकान स्थित खसरा नं.- 21 / 1 का भाग (पुराना), नया खसरा नं. - 21 / 50, प्लाट नं. - 40, क्षेत्रफल - 800 वर्गफीट, ग्राम- सांकरा, प.ह.नं. - 8, आरआईसी - भिलाई-3, तहसील- पाटन, जिला- दुर्ग (छ.ग.) हैं जो श्री अभिषेक तोमर के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर - प्लाट नं. 39, दक्षिण- प्लाट नं. 41, पूर्व- रोड, पश्चिम- अन्य की भूमि	06.05.2020 रु.10,69,071.35 + ब्याज + अन्य प्रभार 06.07.2024 सांकेतिक कब्जा

अतेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं।
दिनांक:10.07.2024, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

■ न्यूज गैलरी

फुटु खाने से एक ही परिवार के 6 लोगों की तबीयत बिगड़ी अस्पताल में इलाज जारी

खैरागढ़ । बरसाती फुटु की सब्जी खाने के बाद फुड पाइजनिंग के शिकार आधा दर्जन लोगो को सोमवार देर शाम स्थानीय सिविल अस्पताल मे दाखिल कराया गया है । सभी मरीज सहसपूर दल्ली निवासी है । जिनका इलाज किया जा रहा है । घुमका तहसील अंतर्गत आने वाले सहसपूर दल्ली मे सोमवार को साहू परिवार मे दोपहर के भोजन मे फुटु की सब्जी बनाई गई थी । दोपहर दो बजे भोजन के दो घंटे बाद घरवालो की तबियत बिगडऩी शुरू हो गई । सभी उल्टी होने लगा । एक साथ सभी को उल्टियां होने से परेशान घर के बाकी सदस्यों ने सभी को आनन फानन मे सिविल अस्पताल पहुँचाया । देर शाम सिविल अस्पताल मे भर्ती होने के बाद उनका इलाज शुरू किया गया । बीएमओ डा विवेक बिसेन ने बताया कि सभी मरीजों की हालत रात मे स्थित हो गई । सभी खतरे से बाहर है । फुड पाइजनिंग के शिकार हूए लोगो में अजय साहू 37 वर्ष, सरस्वती साहू 33, रेखा साहू 50, मैना साहू 35 वर्ष रूचि साहू 16 वर्ष ओकेश साहू 35 वर्ष शामिल है ।

विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर महाविद्यालय परिसर में रोपे अनेक प्रजाति के पौधे

खैरागढ़ । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 76 वें वर्षगांठ पर परिषद की खैरागढ़ ईकाई द्वारा शासकीय महाविद्यालय परिसर मे पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार पौधे रोपकर उसकी सुरक्षा और संवर्धन का संकल्प लिया गया । कार्यक्रम मे आरएसएस के नगर कार्यवाहक प्रदीप सिंह, विद्या भारती जिला समन्वयक राम यादव, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, बजरंगदल के नगर संयोजक शिवम जय ताम्रकार, अमन पटवा, गुलशन भगत, शास्वत सिंह, महेश पटेल, जितेश बिसेन, चांदनी यादव, राजहंस वर्मा, मनीष पटेल, ऋतिक कंडरा, अनमोल सिंह, आशीष वर्मा, हर्ष वर्मा विनय साहू, पियुष यदु, सूर्यकांत वर्मा, विजय चंदेल सहित महाविद्यालय स्तर के पदाधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या मे मौजूद रहे ।

वनमहोत्सव के तहत पौधारोपण अभियान 11 को बैहाटोला में

खैरागढ़ । वनविभाग द्वारा वनमहोत्सव के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन ब्लाक के ग्राम बैहाटोला स्थित शासकीय हाईस्कूल परिसर मे 11 जुलाई को किया गया है । कार्यक्रम मे विधायक यशोदा वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सभापति घम्मन साहू, भागवत सिंह, जनपद अध्यक्ष लीला मंडावी, उपाध्यक्ष मुरली वर्मा, वनसमिति सभापति मंजू चतुर्वेदी, जनपद सदस्य फुलकुंवर वर्मा, सरपंच राधेलाल उइके,उपसरपंच राजकुमार वर्मा के आतिथ्य मे होगा ।

अध्यक्ष की नियुक्ति होते ही स्कूल में चंदन के पौधे लगाने पहुंचे

नगरी। शासन की मंशा के अनुरूप हर विद्यालय में शाला प्रबंधन एवम विकास समिति का गठन किया जाता है ताकि पालक अपने बच्चों की पढ़ाई की निगरानी भी करे और विद्यालय की जरूरतों को पूरा करते हुए विद्यालय को प्रगति पथ पर ले जाये। इसी बात को ध्यान में रखकर स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर ,मगरलोड में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति होते ही नव नियुक्त अध्यक्ष धनन्जय साहू ने अपने सहयोगी साथियों के साथ विद्यालय पहुंचकर यादगार के लिए दो नग चंदन के पौधे को लगाया। इस अवसर पर राधेलाल सिन्हा ,अयूब खान एवम स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे। नव नियुक्त अध्यक्ष ने आने वाले दिनों में पूरे विद्यालय को पर्यावरण की दृष्टि से साफसुथरा रखने बात भी कही है।

आदिवासी छात्रावास के सामने थोड़ा सा पानी गिरने पर घुटने भर पानी से पार करते हैं बच्चे

नगरी। नगरी विकास खंड तहसील बेलरगाँव के आदिवासी बालक छात्रवास के सामने में पानी भर गया है छात्रावास में रहने वाले बच्चों को जब स्कूल जाने के लिए निकालना पड़ता है तब बच्चों को भरा हुआ पानी से पार होकर गुजरना पड़ता है बच्चे भरा हुआ पानी में गड्ढे या कोई जीव जंतु ना हो इस डर से घबरा कर पर होते हैं।

वही नवनिर्माण छात्रावास बन रहा है जो ठेकेदार के द्वारा मनमानी करते हुए गिट्टी रेत को संचालित छात्रावास के सामने डंप कर रख दिया है जिसके कारण छात्रावास के सामने पानी भर जाता है । पानी निकासी के लिए रास्ता नहीं बनाया गया है जो कभी भी हादसा हो सकता है। वही ठेकेदार से फोन के माध्यम से संपर्क कर जानकारी लिया गया तो उन्होंने बताया कि अभी पानी निकासी के लिए अस्थाई रूप से साइड से नाली बना दिया जाएगा ताकि पानी का जाम ना हो ।व छात्रावास के अधीक्षक का कहना है कि इसके संबंध में ठेकेदार को बोला गया है जो छात्रावास के सामने गढ्ढे मे पानी भरा है उसको नाली बनाकर निकलने और पटवाने की बात कही जिस पर ठेकेदार के द्वारा हा हुजरी किया गया है।

पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से लोग हुए हलाकान

■ नामांतरण, बंटवारे, सीमांकन के कार्य अटके, प्रवेशी छात्रों को आय, जाति, निवास के लिए भटकना पड़ रहा

खैरागढ़ । राजस्व पखवाड़े की शुरूआत होते ही पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते राजस्व प्रकरणों की कार्यवाही गडबड़ा गई है । स्कूल और कालेज मे प्रवेश प्रक्रिया के दौरान आय जाति निवास प्रमाणपत्र के लिए छात्रो और परिजनों को पटवारी हड़ताल के चलते भटकना पड़ रहा है । पटवारियों की लगातार जारी दूसरे दिन की हड़ताल से राजस्व विभाग के कार्य पूरी तरह ठप्प हो गए है । प्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर जिला पटवारी संघ भी पूरानी मांग समस्याओं , भुईया मे हो रही गंभीर समस्याओं सहित 32 सुत्रीय मांगां को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है । पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कांडे ने बताया कि राजस्व पटवारी संघ प्रदेश इकाई ने 7 जूलाई तक मांगो और समस्याओ का निराकरण नही होने पर 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल की सुचना पहले ही दे दी थी । पटवारियो की लगातार दूसरी दिन जारी हड़ताल के च लते नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम कार्यालयों के काम पूरी तरह ठप्प पड़े है । पटवारी संघ की मांगो मे आनलाइन कार्य करने कम्प्यूटर लैपटाप, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट की सुविधा नही होने से अतिरिक्त आर्थिक भार पडने, आनलाइन नक् शा बटांकन संशोधन मे पटवारी आईडी की बजाय आरआई आईडी मे भेजने से विलंब होने, जिला स्तर पर सहायक प्रोगामरो की पदस्थापना नही होने से बार बार रायपूर बुलाए जाने, त्रूटिपूर्ण खसरे को शुद्ध और विलोपित करने आप्शन नही होने से परेशानी,भूमि के क्रय विक्रय के रकबे का आनलाइन उल्लेख नही होने उसे मैन्यूवली दर्ज करने से त्रूटि की संभावना के चलते उसे स्वतं भूईया पोर्टल मे दर्ज करने, दूसरे राज्य से आए व्यक्तियों के राज्य मे भूमि क्रय विक्रय मे युक्तियुक्त सुधार, पटवारी आईडी मे संकलन, विलोपन संसोधन का विकल्प नही होने के बाद भी कई जिलो मे पटवारी के खिलाफ कार्यवाही रोकने, जैसे मांगे शामिल है ।

जिले में 107 हल्कों में केवल 66 पटवारी

खैरागढ़ जिले मे कुल 107 हल्को की जिम्मेदारी केवल 66 पटवारियों पर ही है । जिले मे खैरागढ़ ब्लाक मे 56 और छुईखदान ब्लाक मे 51 हल्का है । इसके लिए जिले मे केवल 66 पटवारी पदस्थ है । लगभग हर पटवारी के पास दो से तीन हल्को की जवाबदारी है । इसके चलते पहले से ही पटवारियों की कमी के चलते जिले मे राजस्व कार्यो मे परेशानी बनी है । राजस्व विभाग सहित आम लोगो के कार्य समय पर पूर्ण नही हो पा रहे है । दूसरी ओर पटवारियों की हड़ताल के पहले राजस्व पखवाड़े के तहत जिले मे कुल 2400 से अधिक मामलो के निराकरण की तैयारी की गई थी । लेकिन पटवारियो की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चल ते सभी कार्य फिर से अटक गए है। ऐसे मे लोगो को भी अपने राजस्व संबंधी कार्यो के लिए दो दिन से भटकना पड़ रहा है। स्थानीय अंबेडकर चौक मे जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल मे जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कांडे सहित प्रदीप मिश्रा, वाणी झा, देवेन्द्र ताम्रकार, रविचंद नेताम, खेमलाल चंदेल, कृष्णकुमार पटेल, अमरचंद गायकवाड़, गजेन्द्र राणा, धर्मेन्द्र पटेल, नेमीचंद वर्मा, विकल्प यदु, अमित श्रीवास्तव, भारती शर्मा, वैभव वैष्णव, लोकेश साहू, शिवलाल टंडन, इरफान खान, गोविंद जोशी, श्यामलाल साहू, अंशुमान लोधी, शिरीष श्रीवास्तव, तरूण ठाकुर, ग्रीसदास साहू, सविता रैकवार, शाम्भवी तिवारी, योगेश्वरी कोलियारे, छेदीलाल सहित जिले भर के पटवारी शामिल है। दूसरे दिन भी अपनी मांगो को लेकर पटवारियों ने हड़ताल के दौरान जमकर नारेबाजी कर सरकार को जगाने का प्रयास किया।

कैलाश नगर के समस्या निवारण शिविर में लोगों का हुआ त्वरित परेशानियों का निराकरण

कवर्धा। कैलाश नगर वार्ड नं 03 के पार्षद एवम नगर पालिका के सभापति उमंग पांडेय ने कवर्धा के लाडले विधायक एवम उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया जिन्होंने आम जनता का गरीबो का चिंता किया उक्त शिविर के कारण वार्डवासियों को मिल पाया शासन के योजनाओं का लाभ। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा शहरवासियों के समस्याओं का निराकरण हेतु आज कैलाश नगर पुलिस चौकी के पास प्रातः 11 से जन समस्या निवारण शिविर वार्ड नंबर 1,2,3,8 का आयोजन किया गया। शिविर में वार्ड वासियों ने विभाग वार स्टाल लगाया गया।

शहर के भीतरी भाग में निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने आयुक्त ने स्वास्थ्य कर्मियों को दिए निर्देश

राजनांदगांव। निगम सीमाक्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणात्मक सुधार लाने आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सुबह सफाई की मानिटरिंग कर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रोत्साहित कर रहे है। इसी कडी में उनके द्वारा मानव मंदिर चौक,गांधी चौक,बासपाई पारा, चौखडिया पारा में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर सफाई में सुधार लाने तथा झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने लोगों को समझाई देने के निर्देश दिये।

सफाई मानिटरिंग में आयुक्त श्री गुप्ता प्रातः मानव मंदिर चौक, गांधी चौक में सफाई कार्य का जायजा लेकर सफाई कर्मियों से चर्चा कर कहा कि झिल्ली पन्नी फसने के कारण पानी का निकासी नहीं हो पाता और नाली जाम होने से बारिश में पानी सडकों पर आ जाता है। इसे ध्यान में रखकर नाली नालों की अच्छे से सफाई करे, झिल्ली पन्नी प्रतिदिन निकाले जिससे फसने की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि मानव मंदिर चौक, गांधी चौक शहर का प्रमुख क्षेत्र है, इसके अलावा आस पास के क्षेत्रों में साफसफाई में सुधार की आवश्यकता है। सभी सफाई कर्मी प्रातः दुकाने खुलने के पूर्व सफाई कर कचरा उठाना सुनिश्चित करे। साफ सफाई रखने झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने लोगों को समझाईस देवे।

सांकरदाहरा विकास समिति का शपथ ग्रहण समारोह एवं वृहद पौधा रोपण

डोंगरगांव/नवप्रदेश। प्रदेश के दूसरे प्रयाग के रूप में प्रसिद्ध मोक्षधाम सांकरदाहरा विकास समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार सात जुलाई को देवरी में आयोजित किया गया है। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्यअतिथि खुज्जी विधायक भोलाराम साहू थे। इसके अलावा बतौर विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य क्रांति भंडारी, गिरधारी लाल साहू,डुमेश्वर साहू, रूपराम चंद्रवंशी, श्रीमती अंजली घावड़े, कमलनारायण वैष्णव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

विधायक भोलाराम साहू ने सांकरदाहरा विकास समिति का नया अध्यक्ष बनने के लिए भुनेश्वर साहू को बधाई एवं शुभकामनायें दी। विधायक भोलाराम साहू एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा शपथ ग्रहण के बाद सांकरदाहरा में खाली मैदान के चारों ओर वृहद रूप से वृक्षारोपण भी किया गया। विधायक श्री साहू ने कहा भारतीय संस्कृति में एक वृक्ष का महत्व दस पुत्रों के बराबर माना गया है.

सेन समाज के बिना किसी भी समाज का काम नहीं चल सकता : ओंकार साहू

धमतरी। विधायक ओंकार साहू सेन समाज धमतरी महिमा सागर वार्ड के लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत किये द्य साथ में सेन समाज के सामाजिक बंधुओ से मुलाकात किये द्य धमतरी विधायक ओंकार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेन समाज के बिना किसी भी समाज का काम नहीं चल सकता है 7 धमतरी विधायक ओंकार साहू नें बताया की नाई शब्द कि उत्पत्ति संस्कृत के नाय शब्द से हुई हैं जिसका अर्थ हैं न्याय इस तरह सेन समाज जो है सबको न्याय देने वाला समाज है। अगर हम सेन समाज के महत्व की बात करें तो भगवान शिव पार्वती की विवाह भी सेन समाज नें ही करवाया था। भगवान शंकर मां पार्वती का विवाह भी नाई समाज ने ही करवाया था। संत शिरोमणि सेन महाराज जी राजा के यहां नाई का काम करते थे। एक दिन संतों के साथ वह ईश्वर भक्ति में ऐसे लीन हुए कि राजा के यहां जाना भूल गये। सेन महाराज की भक्ति देखकर भगवान स्वयं उनका रूप धारण कर उनका कार्य करनें राजा के यहां चले ।यह भक्त और भगवान के बीच के रिश्ते का अद्भुत उदाहरण सेन समाज के इतिहास में देखने को मिलता है 7 जब संत शिरोमणि महाराज जी को पता चला कि आज मेरे जगह भगवान राजा के यहां नाई का काम करने आये थे तों आश्चर्यचकित हो गया और कुछ समझ नहीं पाया। लेकिन एक बात उनके समझ में आ गई की प्रभु को मेरे अनुपस्थिति में नाई का रूप धारण करना पड़ा। फिर उन्होंने भगवान के चरण कमल का ध्यान किया और मन ही मन प्रभु से क्षमा मांगा द्य फिर वह राजमहल गया। धमतरी विधायक साहब ने बताया कि शिरोमणि स्वभाव से विनम्र, दयालू और ईश्वर में दृढ़ विश्वास रखते थे। संत शिरोमणि महाराज गृहस्ती जीवन के साथ-साथ भक्ति के मार्ग पर भी चलाते रहे और जनमानस को शिक्षा और उपदेश के माध्यम से एकरुपता में पिरोया 7विधायक जी नें बताया कि संत शिरोमणि देखते देखते प्रभावशाली हो गए जिससे जन समुदाय स्वतः ही उनके ओर खींचा चला आता था 7 इस तरह धमतरी विधायक नें बताया कि संत शिरोमणि महाराज सेन समाज का गौरव है।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरपोट, मचांदूर, खोपील में मनाया जल मड़ई

उतई। मड़ई के अंतर्गत पौधरोपण के साथ ही जल संरक्षण के प्रति जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए जिला प्रशासन दुर्ग के द्वारा कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ज़िला पंचायत दुर्ग व जनपद पंचायत दुर्ग के सयुक्त तत्वधान में दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरपोटी , खोपली मचांदुर में जल मड़ई कार्यक्रम मुख्या अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक श्री ललित चंद्राकर जी के उपस्थिति में मनाया गया जल है तो कल है, क्योंकि पानी के बिना पृथ्वी पर किसी का भी जीवित रहना असंभव है।

गरियाबंद में पटवारी संघ की हड़ताल राजस्व विभाग में पूरा काम ठप्प

गरियाबंद। जिले में पटवारी हड़ताल पर बैठ गए है। जिले।के भर के पटवारी सोमवार आंदोलन पर है। नगर के गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। पटवारी ने अपनी मांगो को लेकर प्रशासन को मांग पत्र सौंपा।

जिले में बड़े संख्या में पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। ऑनलाइन एप भुइयां में गड़बड़ी संसाधनों की कमी समेत 32 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी आंदोलन कर रहे हैं।।इस हड़ताल की वजह से राजस्व विभाग के सभी काम ठप पड़े हुए है। जिले के पटवारियों का कहना है कि सरकारी ऑफिस में ऑनलाइन कामों के लिए कंप्यूटर, इंटरनेट, प्रिंटर जैसी चीजों की सुविधा ही नहीं है।।इनका आरोप है कि ऑनलाइन कार्य के लिए शासन द्वारा किसी भी तरीके की कोई सुविधा नहीं दी जाती है।

सालासर समिति ने किया 18 मेधावी छात्रों का सम्मान

नवापारा। नवापारा नगर की समाजसेवी एवम धार्मिक संस्था सालासर सुन्दरकाण्ड जनकल्याण समिति द्वारा शा. हरिहर शाला के 18 मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। जिसके अंतर्गत हरिहर हिंदी एवम अंग्रेजी दोनों माध्यमों के 10वीं तथा 12 वीं के 90 प्रतिशत से अधिक लाने वाले होनहारों को प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 21- 21सौ नगद राशि,मिठाई समान देकर सम्मानित किया। वहीं नई शुरुआत करते हुए 80से 89 प्रतिशत तक मार्क्स लाने वाले 15 छात्रों को टीफिन बॉक्स,पानी बॉटल, कॉपी तथा सालासर बालाजी की तस्वीर देकर सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थीः कक्षा 10वीं से चैतन्य निषाद, हर्षल देवांगन, सृष्टि यदु, श्रेया हिरवानी,पवन पटेल, चंद्रप्रकाश साहू,गुलशन, शेखर,देवकुमार। कक्षा12वीं से गोपाल सोनकर,विवेक तुरकाने, कमलेश,सूरज कुमार,नेमीचंद,राजेश कुमार,नैना निषाद। संस्थापक राजू काबरा ने समिति के धार्मिक सामाजिक,जनकल्याण के कार्यो पर प्रकाश डालते हुवे सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आने वाले सत्र में भी मेधावी छात्राओं को सम्मानित करने की घोषणा की। संस्था प्राचार्य संध्या शर्मा ने सालासर समिति के इस प्रशंसनीय कार्य की सराहना की तथा शाल एवम स्मृति चिन्ह देकर समिति का सम्मान करते हुए कहा कि जब जब स्कूली बच्चों के सहयोग की बात आई सालासर समिति स्वयम आगे बढ़कर सहयोग करने खड़ी रही । इसके लिए प्राचार्य शर्मा ने समिति का आभार जताया।

घर में घुसकर किया छेड़छाड़, आरोपी हो गया था फरार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

कवर्धा । कबीरधाम जिले के थाना पंडरिया पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराधो पर अंकुश लगाने लगातार उचित वैधानिक कार्रवाई किया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना पंडरिया में दिनांक-23.06-2024 को प्रार्थिया द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित शिकायत दर्ज कराया गया।

राजनीति

मीडिया से कहा प्रदेश में अवैध रेत खनन, अवैध प्लाटिग सहित लचर कानून व्यवस्था

साय सरकार हर मोर्चो पर विफल : गुरूमुख होरा

धमतरी। राज्य की साय सरकार चंद महीने में ही हर मोर्चे पर विफल रही। बिजली बिल में बढ़ोतरी से जनता परेशान है । वही अवैध रेत उत्खनन, अवैध प्लाटिंग समेत लचर कानून व्यवस्था प्रदेश सरकार की पहचान बन चुकी है। उक्त बातें पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही ।

उन्होंने कहा कि आगे स्थिति और अराजक हो जाएगी। उन्होंने बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर मुखरता से अपनी बात कही। श्री होरा ने कहा कि पहले ही अमरबेल की तरह बढ़ी हुई महंगाई से आम जनता त्रस्त है उस पर प्रदेश सरकार ने बिजली दरों में बढोतरी कर उनकी कमर तोड़ दी है। मध्यम और निचले तबके के लोगों के लिए जीवन निर्वाह बेहद कठिन हो गया है। बिजली की दरों में बढ़ोतरी से सबसे ज्यादा किसान परेशान है। अभी खेती-किसानी का कार्य जोर पकडने लगा है । किसान खेती कार्य के लिए मोटर पम्प का भी उपयोग करेंगे । लिहाजा उन्हें भारी बिजली बिल पटाना मुश्किल हो जाएगा। श्री होरा ने एक सवाल के जवाब में

कहा कि छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। कानून व्यवस्था कही नजर नहीं आती। भाजपा सरकार अभी भी जीत के जश्न में डूबी है। लिहाजा आम नागरिक बेहद परेशान है। अवैध रेत उत्खनन पर श्री होरा ने कहा कि इस मामले में रेट उत्खनन करने वालों को शासन का प्रश्रय मिला हुआ है। अवैध रेत उत्खनन से न केवल जल स्त्रोत सूख जाएंगे बल्कि शासन को राजस्व की हानि भी होगी। उत्खनन इस कदर किया जा रहा है कि महानदी में रेत की जगह अब मिट्टी निकलने लगी है।

उन्होंने सरकार से निवेदन किया कि इस मामले में केवल औपचारिकता न निभाई जाए बल्कि सख्ती से कार्रवाई की जाए। महानदी में रेत खत्म हो जाएगा तो भूमिगत जल नीचे चला जाएगा। अधिकारी भी दबी जुबान से राजनीतिक दबाव की बात स्वीकार करते है। मात्र 6 महीने के कार्यकाल में ही साय सरकार फेल हो चुकी है। जनता सरकार के नीतियों से त्रस्त हो चुकी है। प्रदेश में कानून व्यवस्था तार-तार हो गई है। अवैध कार्य करने वालों के हौसले बुलंद है। बच्चियां एवं महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही है। कांग्रेस प्रदेश की जनता के हक के लिए लड़ती रहेगी। पहले से ही मोदी सरकार ने देशवासियों को मंहगाई की आग में झोंक दिया है उस पर साय सरकार मंहगाई को बढ़ावा दे रही है। कांग्रेस सरकार के समय बिजली बिल हाफ व सप्लाई पूरी थी लेकिन साय सरकार में सप्लाई आधी व बिजली बिल पूरा लिया जा रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गोपाल शर्मा, निगम सभापति अनुराग मसीह, पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू, वसीम कुरैशी, विक्रांत शर्मा, गोलू शर्मा आदि भी उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने की छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना पर कार्यवाही की मांग

खरोरा। भाजपा खरोरा मंडल कार्यकर्ताओं व्दारा आज थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपकर छत्तीसगढ़िया क्रांति के पदाधिकारियों पर कार्यवाही की माँग की गई।

गौ़रतलब हैं कि पिछले दिनों 4 जुलाई को क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा अपने जनदर्शन कार्यक्रम के तहत खरोरा पहुँचे थे। इस दौरान क्रांति सेना के लोगों व्दारा खरोरा के पंडित दिनदयाल तिगड्डा चौक में विधायक का रास्ता रोककर घेराव करने का प्रयास किया गया। इन प्रदर्शनकारियों व्दारा समीपस्थ ग्राम रायखेड़ा स्थित अड़ानी पॉवर लिमिटेड के विस्तार हेतु प्रस्तावित नये थर्मल पावर प्लांट नहीं लगाने की माँग को लेकर क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा का विरोध किया जा रहा था। इस दौरान छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के ग्रामीण अध्यक्ष अजय वर्मा एवं योगेश साहू की अगुवाई में बड़ी संख्या में क्रांति सेना एवं छत्तीसगढ़ जोहार पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

सड़कों पर आवारा पशुओं का डेरा

सक्ती/नवप्रदेश। इन दिनों अवारा एवं पालतु पशुओं से रोड में बैठने के कारण आम नागरिक परेशान यह नजारा आज सुबह पंजाब नेशनल बैंक के पास स्टेशन रोड पर पशुओं का झुंड होने के कारण आवाजाही के लिये भारी परेशानियों का सामना नागरिकों को करना पड़ रहा। आवारा पशुओं के झूंड को देखकर दो चक्का, चार चक्का वाहन वाले बड़ी मुश्किल से अपने वाहन को उस झुंड से निकालने के लिये भारी मशक्कत करना पड़ा। पैदल चलने वाले राहगिरों में महिलायें पशुओं के झूंड के पास 15-15 मिनट तक पार होते देखा गया। नगर पालिका के कांजी हाऊस नहीं होने के कारण यहां के पशुओं रोड पर ही खडे एवं बैठे देखे जा सकते हैं अगर कांजी हाउस होता तो इस प्रकार सड़को पर पशुओं का जमावड़ा नहीं होता। कोई भी राष्ट्रीय पार्टी एवं आम नागरिक परेशानियों से जुझने के लिये तैयार नही है और अनदेखा कर आगे बढ़ जाते हैं चाहे जितनी परेशानी हो परंतु इसका निदान करने की ओर किसी का ध्यान नहीं देते। पहले नगर पालिका के द्वारा एक कांजी हाउस संचालित किया जाता था परंतु न कांजी हाउस का पता है नहीं कांजी हाउस की जमीन का पता नही। नगर पालिका द्वारा आवारा पशुओं को सड़क से जब हटाते है जब कोई बडे नेता या अधिकारी का नगर आगमन होता है। नागरिकों ने मांग की है कि नगर में कांजी हाउस होना चाहिये।

जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति पुनर्गठित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय रायपुर के निर्देशानुसार जिला सरगुजा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग सामाजिक प्रास्थिति के प्रमाणीकरण का विनियम के जाति प्रमाण पत्रों को सत्यापन हेतु जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का पुनर्गठन किया गया है। जिसमें समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर अम्बिकापुर सुनील कुमार नायक, पदेन सदस्य अम्बिकापुर थाना आ.जा.क. उप पुलिस अधीक्षक, अ.जाति सदस्य सहा. अनुसंधान अधिकारी महेन्द्र खाण्डेकर , अ.ज.जा. सदस्य सहायक संचालक कु. अंकिता मरकाम, अ.पि. सदस्य परियोजना अधिकारी साक्षरता गिरिश गुप्ता तथा पदेन सदस्य सचिव अदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त होंगे।

आपदा के समय टोल फ्री नंबर 1070 से मिलेगी सहायता

रायगढ़/नवप्रदेश। प्रदेश में किसी आपदा में आम नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु टोल फ्री नंबर-1070 पर सूचित कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। भारत सरकारए गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा सी-डेक, तिरूवनंतपुरम एवं राज्य सरकार के सहयोग से ईआरएसएस डॉयल 1070-आपदा प्रबंधन आपातकालीन सेवा संचालित की जा रही है। इसके टोल फ्री नम्बर पर संपर्क कर बाढ़, अग्नि दुर्घटना, आकाशीय बिजली दुर्घटना, सर्पदंश आदि में सहायता ली जा सकती है।

जिले में 268.1 मि.मी. औसत वर्षा

रायगढ़//नवप्रदेश। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 जुलाई तक 268.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 5.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 322.6 मिली मीटर, पुसौर में 327.8, खरसिया में 222.2, घरघोड़ा में 260.9, तमनार में 187.4, लैलूंगा में 262, मुकडेगा में 313.5, धरमजयगढ़ में 208.8, छाल में 292.7 एवं कापू में 283 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

प्रयास आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित

रायगढ़//नवप्रदेश। शिक्षण सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित कर विभिन्न जिला मुख्यालयों में 9 जून 2024 को प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए जिलावार सूची https://eklavya.cg.nic.in पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

कानून व्यवस्था बनाए रखने अधिकारी सजग रहकर करें काम

- कानून-व्यवस्था के लिए सूचना तंत्र मजबूत करें : एसपी
- कलेक्टर-एसपी ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा
- वारदातों, घटनाओं व विवादों पर रखें पैनी नजर
- अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने करें तत्काल कड़ी कार्रवाई

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक एम आर अहिरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी सजग होकर कार्य करें। असामाजिक तत्वों के द्वारा की जाने वाली वारदातों, घटनाओं एवं विवादों पर पैनी नजर रखने कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की असामाजिक एवं अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए तत्काल कड़ी कार्रवाई करें। जिले में होने वाले अवैध अतिक्रमण तथा अन्य असामाजिक गतिविधियों को नजरअंदाज नहीं करते हुए तत्काल कार्यवाई करें। इसके लिए जिले के सभी एसडीएम एवं एसडीओपी तथा तहसीलदार एवं थाना प्रभारी संयुक्त रूप से समन्वय स्थापित करें एवं सभी आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। इसके अलावा उन्होंने जिले के शांतिपूर्ण तरीके से विकास के लिए टीम वर्क पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। साथ ही इस अवसर पर डीएफओ पंकज कमल ने जिले में हाथी मानव द्वंद्व एवं अन्य जंगली जानवरों के द्वारा आबादी वाले क्षेत्रों में जनहानि रोकने हेतु उचित कार्यवाही करने एवं इसके लिए हरसंभव प्रयास करने के लिए कहा। इस अवसर पर कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि सभी अधिकारी आम जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता बनाएं रखें। जनसमस्याओं के निराकरण के लिए सभी अधिकारियों को आम जनता से सतत रूप से संपर्क बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए आपसी समन्वय एवं सहयोग को बेहद जरूरी बताया। उन्होंने भविष्य में आने वाले विभिन्न धर्मो के त्यौहारों के मद्देनजर जिले में शांति व्यवस्था तथा सामाजिक सौहार्द्र कायम रखने के लिए सभी जरूरी उपाय करने के लिए कहा। जिले में कहीं पर सड़क दुर्घटना के कारणों पर ध्यान रखते हुए उनको रोकने के लिए गंभीर प्रयास करने को कहा साथ ही ऐसी घटना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए राहत प्रदान करने के लिए कहा।

पुलिस अधीक्षक अहिरे ने कहा कि सभी अधिकारी सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों की पूर्णतः जानकारी रखें। उन्होंने सामाजिक गतिविधियों में शामिल होने वाले व्यक्तियों के अपराधिक रिकार्ड एवं शिकायत भी अद्यतन करने की आवश्यकता बताई। इसके साथ एसपी अहीरे ने भी सड़क दुर्घटना के कारणों से संबंधित रिपोर्ट की समीक्षा को आवश्यक बताते हुए इसकी स्थिति को बेहतर करने एवं सड़क दुर्घटना की संख्या में कमी करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को कहा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सूचना तंत्र को मजबूत बनाने की जरूरत है। ऐसी कोई भी असामाजिक गतिविधि जो कानून एवं व्यवस्था को प्रभावित कर सकती है, इस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम एवं एसडीओपी तथा तहसीलदार एवं थाना प्रभारी संयुक्त रूप से कार्य करें और आपसी सामंजस्य बनाये रखें। जिससे किसी भी घटना एवं चुनौती का सामना करने में आसानी होगी। कलेक्टर एवं एसपी ने कहा कि किसी भी प्रकार की घटना होने पर आम जनता के साथ जिला एवं पुलिस प्रशासन का व्यवहार अच्छा होना चाहिए। पीड़ित पक्ष की समस्या को ध्यान से सुनने एवं उचित कार्यवाही करने की जरूरत है। जिले में शांति स्थापित करना समस्त अधिकारियों की संयुक्त जिम्मेदारी है इसलिए विवाद, झड़प, अतिक्रमण जैसे विवादास्पद परिस्थितियों में जिला एवं पुलिस प्रशासन को आपसी समन्वय के साथ बड़ी मुस्तैदी को साथ कार्य करना होगा। इसके अलावा जिन क्षेत्रो में अपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं ऐसे स्थानों पर विशेष ध्यान देते हुए गश्ती बढ़ाने की जरूरत है। इस दौरान विभिन्न जनसमस्याओं, उनके समाधान को लेकर आने वाले चुनौतियों तथा आवश्यक संसाधनों को लेकर बैठक में विशेष रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नयनतारा सिंह तोमर, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार, पुलिस विभाग के आधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

डीईओ ने बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता का किया परीक्षण

जिले के विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा द्वारा सोमवार को शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालमाटी, शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सायरराई,शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जरहाडीह का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ के उपस्थिति पंजी की जांच की। उन्होंने विद्यार्थियों से बात कर उनके पाठ्यक्रम एवं शैक्षणिक गुणवत्ता का परीक्षण किया तथा शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण अध्यापन हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालयों में सभी संस्था प्रमुखों से अपने विद्यालय में जिले के नवपदस्थ सभी अधिकारियों के नाम एवं उनके मोबाइल नम्बर अपडेट करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सभी विद्यालय के मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं मीनू की भी जांच की एवं सभी से गुणवत्तापूर्ण, पोषक एवं ताजा भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री सिन्हा ने प्रधानपाठकों को विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान अन्तर्गत इसी माह पौधारोपण हेतु निर्देशित किया एवं उनके सुरक्षा की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यों में लापरवाही पर प्राथमिक शाला लालमाटी के दो सहायक शिक्षकों, पूर्व माध्यमिक शाला लालमाटी में प्रभारी प्रधान पाठक सहित 03 शिक्षकों को स्पष्टीकरण जारी किया।

बिजली कटौती के विरोध में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

सूरजपुर/नवप्रदेश। प्रतापपुर क्षेत्र में बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस पार्टी के पूर्व मंत्री डॉक्टर प्रेमसाय सिंह टेकाम के नेतृत्व में एवं संगठन के पदाधिकारी व ग्रामीणों की मौजूदगी में राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार मुकेश देवांगन को सौंपा गया। इस अवसर पर प्रतापपुर जे ई अश्वनी टोप्पो भी मौजूद थे। जेई टोप्पो कहना है कि जल्द ही व्यवस्था सुधार कर अच्छी से अच्छी बिजली का सप्लाई ग्रामीण अंचलों सहित ब्लॉक मुख्यालय में करेंगे ताकि लोगों को किसी प्रकार से कोई तकलीफ असुविधा व परेशानी का सामना करना न पड़े।

बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस पार्टी के पूर्व मंत्री डॉक्टर प्रेमसाय सिंह टेकाम ने बताया कि छत्तीसगढ़ वर्तमान में भाजपा के शासन सत्ता में आते ही बिजली सायं सायं गोल हो रही है जबकि बरसात से पहले ही बिजली विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर कई घंटे कई दिनों तक कटौती कर दिए थे लेकिन समस्या जस का तस बना हुआ है। प्रतापपुर क्षेत्र में निवास करने वाले आम लोगों का जीविका ऊपार्जन हेतु एकमात्र सहारा है कृषि भूमि यहां अधिकतर लोग कृषि का खेती किसानी करते हैं तथा क्षेत्र में अधिकतर अनुसूचित जनजाति के लोग निवास करते हैं जो अपने कृषि कार्य एवं घरेलू ऊर्जा के लिए विद्युत विभाग के विद्युत सप्लाई पर आश्रित हैं। वही डॉक्टर प्रेम साय सिंह टेकाम का कहना है कि जब कांग्रेस की सरकार थी तब विद्युत का आधा पैसा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जमा किया जाता था परंतु वर्तमान छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार पूर्व के विद्युत बिल हाफ योजना को समाप्त करते हुए विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है जिस कारण राज्य सहित प्रतापपुर क्षेत्र के आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है जबकि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति सरप्लस है वर्तमान में भाजपा सरकार के द्वारा जानबूझकर आम जनता से अत्यधिक बिजली बिल वसूली करने नीति निर्धारण कर रही है जो क्षेत्र के आम जनता के लिए अहितकर साबित हो रहा है बिना कारण के ही कई कई घंटे तक प्रतिदिन तीन चार घंटे अघोषित विद्युत कटौती की जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बरसात के दिनों में जहां विद्युत की ज्यादा आवश्यकता होती है वहां जानबूझकर बिना कारण के प्रतिदिन 5 से 6 घंटा अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में ऑप्टिकल वायर से विद्युत सप्लाई की जा रही है जिसमें तकनीकी खराबी आने की संभावना कम होती है इसके बावजूद विद्युत आपूर्ति बिजली को जानबूझकर काटा जाता है। जहां शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान उपस्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुमार सिंह देव, पूर्व अध्यक्ष शक्कर कारखाना विद्या सागर सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन सोनी, डाक्टर अब्दुल माजिद बनवारी लाल गुप्ता, सतीश चौबे, जनपद पंचायत अध्यक्ष जगत लाल आयाम, वरिष्ठ कांग्रेसी इम्तियाज जफर, प्रियंकल तिवारी, अवधेश सिंह, सरपंच जालिम साय, मुमसाद खान मोना, बाबू दुबे, तनवीर अंसारी, राजा हसन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीणों की मौजूदगी में ज्ञापन सौंपा गया।

एक पेड़ मां के नाम पूर्व विधायक रंजना साहू ने प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में बच्चों के साथ लगाए पौधा

धमतरी/नवप्रदेश। एक पेड़ मां के नाम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के आवाहन पर पूरे भारत देश में पौधों रोपण करने की मुहिम एक पेड़ मां के नाम चलाई जा रही है, इसी कार्यक्रम के अंतर्गत धमतरी प्री मैट्रिक आदिवासी छात्रावास गोकुलपुर वार्ड में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने छात्रावास के बच्चों के साथ पौधारोपण किए। श्रीमती रंजना साहू ने पौधारोपण कर कहा कि धरती माता का श्रृंगार वृक्ष है और इसके लिए अधिक से अधिक पौधारोपण कर नियमित रूप से उसका सुरक्षित रखना हमारा नैतिक जिम्मेदारी है, देखने को मिल रहा है कि पिछले कुछ वर्षों से ग्रीष्मकालीन समय पर तापमान बहुत अधिक बढ़ा है, जिसका जीवन पर अधिक प्रभाव पड़ा, समय रहते बढ़ते तापमान पर अंकुश लगाने के लिए के अगर हमने पौधारोपण नहीं किया, वृक्ष नहीं लगाई तो आने वाली स्थिति और भयावह होगी। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि देश की यशस्वी प्रधानमंत्री तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के उपरांत सर्वप्रथम किसानों को किसान सम्मान निधि दिए और अब पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की है, देश के मुखिया पर्यावरण के संरक्षण के लिए कटिबंध है और उनके इस आवाह्न को पेड़ लगाते हुए आगे बढ़ाना है जिससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित हो। शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू इस मुहिम का हिस्सा बनते हुए कहा कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को पुनः हरा भरा करने की आवश्यकता है, जिसे हमारा भविष्य सुरक्षित हो, वृक्षारोपण करना पुण्य का कार्य है, साथ ही जिस वृक्ष को हम लगाए हैं उसे बड़े होने तक हमें सेवा करनी। इस मौके पर मुख्य रूप से महात्मा गांधी वार्ड पार्षद ईश्वर सोनकर, महेश साहू, राजू सोनी, ओमप्रकाश चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, ए सी प्रमुख एच पी हरदहा, निगरानी समिति अध्यक्ष मित्या मांधी, छात्रावास अधीक्षिका सरिता चंद्राकर, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास अधीक्षिका हेमलता ध्रुव व शकुंतला नेताम, राशिता बेगम, बसंती नेताम, आकांक्षा ध्रुव, गौतम रजक, रेखा कमार, ममता मनहर सहित बड़ी संख्या में छात्रावास की छात्राएं उपस्थित रहे।

कलेक्टर के जांच के निर्देश के बाद पटवारी घनश्याम मेरावी तत्काल प्रभाव से निलंबित

कवर्धा/नवप्रदेश । कलेक्टर जनमेजय महोबे ने इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया में वायरल पटवारी द्वारा लिए जा रहे रिश्वत की खबर को तत्काल संज्ञान में लिया। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की पंडरिया एसडीएम को जांच के निर्देश दिए। पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर द्वारा जांच की गई एवं पीड़ित किसान का बयान लिया गया। पंडरिया एसडीएम ने बताया कि सोशल मीडिया न्यूज एवं दूरभाष से प्राप्त वीडियो और पीड़ित किसान का बयान लिया गया। बयान एवं प्रारम्भिक जांच के आधार पर पंडरिया विकास खण्ड के हल्का पटवारी क्रमांक 15 के श्री घनश्याम मेरावी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

केनरा बैंक Canara Bank A Government of India Undertaking | Syndicate

एस.एम.ई. शाखा, नंदिनी रोड, भिलाई (छ.ग.)

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित कर्जदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि
1. 2.	मेसर्स स्टेण्डर्ड सर्विस. श्रीमती प्रीत कौर (कानूनी उत्तराधिकारी), दोनों का पता- ईडब्ल्यूएस 697, वैशाली नगर, भिलाई, दुर्ग-490023.	खसरा नं. 396/336, प.ह.नं. 02/57, आरएनएम- भिलाई 3, पदुम नगर के अंदर, वार्ड नं. 07, नगर पालिक निगम के अंतर्गत, भिलाई, चरोदा, तहसील- पाटन एवं जिला- दुर्ग (छ. ग.), क्षेत्रफल- 1472.90 वर्गफीट में स्थित संपत्ति। चौहद्दीः उत्तर- रुक्मणी का प्लाट, दक्षिण- मलकित सिंह का प्लाट, पूर्व- सड़क, पश्चिम- श्यामचरण बघेल का प्लाट.	₹ 20,29,358.21 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क	02.04.2024 / 08.07.2024

दिनांक : 09.07.2024, स्थानः भिलाई (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

निविदा सूचना

क्र./वाहन/न.नि./2024/79/67 भिलाई, दिनांक 03/07/2024

आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई की ओर से निर्मात्री संस्थान/अधिकृत संधारणकर्ता/स्थानीय संधारकर्ता से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन नियत तिथि को सायं 5.30 बजे तक इस कार्यालय में आवेदन के साथ निर्धारित राशि नगद जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

1. निविदा जारी करने की तिथि - दिनांक 03/07/2024 3. निविदा प्राप्ति की तिथि - दिनांक 29/07/2024 सायं 5.30 बजे तक
2. आवेदन की अंतिम तिथि - दिनांक 24/07/2024 सायं 5.30 बजे तक 4. निविदा खोले जाने की तिथि - दिनांक 30/07/2024

क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र	समयावधि	फार्म
1	वाहन क्र. CG07/N/0298 (जे.सी.बी.) का संधारण कार्य।	1.45,800.00	2,000.00	300.00	15 दिन	फार्म-बी

नियम एवं शर्ते :- (1) सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। (2) निविदा स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ज डाक से वाहन शाखा, भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास, कोसा नगर, भिलाई 490020 में स्वीकार किये जावेंगे। (3) धरोहर राशि एफ.डी.आर. के रूप में कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई एवं संबंधित एजेंसी/संधारणकर्ता के नाम से किसी शासकीय बैंक से जारी/जमा करना होगा तथा जी.एस.टी. प्रमाण पत्र एवं पेनकार्ड की स्व हस्ताक्षरित छायाप्रति लिफाफा ''क'' में प्रस्तुत करना है एवं निविदा प्रपत्र दर सहित लिफाफा ''ख'' में प्रस्तुत करना होगा। (4) सम्पूर्ण निविदा अथवा किसी अंश को स्वीकृत करने अथवा न करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेगा। (5) समस्त कर सहित दरें प्रस्तुत करना होगा। (6) यदि निगम द्वारा निर्धारित निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि निविदा खोलने की तिथि को किसी अपरिहार्य कारणवश अवकाश घोषित होता है तो ऐसी स्थिति में अंतिम तिथि/ खोलने की तिथि आगामी कार्य दिवस को माना जावेगा। (7) न्यूनतम दरें आटयम दरें स्वीकार की जावेंगी। (8) अन्य नियम शर्तों एवं मापदण्ड की जानकारी कार्यपालन अभियंता (वाहन) के कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.com एवं चिप्स की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र.5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.12916 दिनांक 16.12.2022
वार्ड का नाम- 43- महंत लक्ष्मीनारायण दास

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भवन/ भूमि RPR561E0136A जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती PHERUMAL पिता/पति --- के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. VIJAY KUMAR CHHETIJA 2. SUJATA DEVA पिता/पति LATE FERUMAL CHHETIJA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, **अपंजीकृत वसीयत नामा**/ विक्रय विलेख/ रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

श्री राजेश गुप्ता
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र.5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.12914 दिनांक 16.12.2022
वार्ड का नाम- 43- महंत लक्ष्मीनारायण दास

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भवन/ भूमि RPR561E00136 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती PHERUMAL पिता/पति JIYAMAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती TULSI DAS CHHETIJA पिता/पति LATE FERUMAL CHHETIJA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, पंजीकृत विक्रय विलेख, रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

श्री राजेश गुप्ता
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अटल आवास योजनांतर्गत कुर्रा-धरसींवा रायपुर में स्थित भवन क्रमांक अटल आवास-153 श्रीमती अजरा बेगम पति श्री मोहम्मद अली के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 04.12.2009 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। आबंटी द्वारा दिनांक 04.07.2023 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है तथा हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता श्रीमती कमला मनहर पति श्री शिव कुमार मनहर निवासी म.नं. 153 अटल आवास कुंरा धरसींवा रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 28.07.2023 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में नवीन क्रेता श्रीमती कमला मनहर पति श्री शिव कुमार मनहर द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर मण्डल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन का फ्री-होल्ड उपरांत उक्त मण्डल अभिलेख में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, रायपुर

यूनियन बैंक Union Bank of India

1. जी.ई. रोड, चरोदा शाखा, दुर्ग
2. एसवीएस रोड, पण्डरी शाखा, रायपुर

परिशिष्ट-IV कब्जा नोटिस नियम 8 (1)

सेक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल असेट्स एंड अनफोर्समेंट ऑफ सेक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत नियम-3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत शाखा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित धारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों को निम्नलिखित तिथियों में डिमांड नोटिस में दर्शायी गई राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया था. उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम-8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया गया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन-देन न करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि ब्याज, आकस्मिक खर्च एवं लागत और शुल्क के लिये यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कि संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अधीन होगी।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये ध्यानाकर्षित किया गया है।

अ. उधारकर्ता का नाम ब. शाखा का नाम	संपत्तियों का विवरण	1. मांग सूचना की तिथि 2. मांग सूचना राशि रु 3. कब्जे की तिथि
उधारकर्ता- श्रीमती कुंती देवी एवं श्री अजय देवदास, मकान संख्या 13 व 14 सेक्टर- 2, ब्लॉक-20 विश्व बैंक कॉलोनी, भिलाई-3 दुर्ग छ.ग.-490021. जमानतदार- श्री गंगा प्रसाद कोसरे, मकान नं. 22 व 23 सेक्टर-2, ब्लॉक-20 विश्व बैंक कॉलोनी, भिलाई-3 दुर्ग छ.ग.- 490021. शाखाः जीई रोड चरोदा.	संपत्ति के मालिक- कुंती देवी, मौजा- विश्व बैंक कालोनी, भिलाई-3, सेक्टर-2, ब्लॉक-20, मकान नं. 13 एवं 14, दुर्ग, क्षेत्रफल- 90 वर्ग मीटर।	12.04.2024 ₹ 8,86,352.87 + 29.02.2024 से ब्याज + कानूनी व अन्य शुल्क 04.07.2024
उधारकर्ता- मेसर्स. आशीर्वाद ट्रांसपोर्ट, प्रोप. अनुपम राघव, एमआईजी- 06, आशीर्वाद भवन, महावीर नगर, पुरैना, रायपुर छ.ग. 492001. जमानतदार- श्रीमती सोनल राघव पत्नी- अनुपम राघव, एमआईजी-06 आशीर्वाद भवन, महावीर नगर, पुरैना, रायपुर छ.ग. 492001. शाखाः एसवीएस रोड पण्डरी.	खसरा नं. 99/02-03, प.ह.नं. 113, रानी दुर्गावती वार्ड नं. 45, मौजा- पुरैना, महावीर नगर, क्षेत्रफल- 220 वर्ग फीट भूतल में निर्मित वाणिज्यिक दुकान नं. 01.	06.03.2024 ₹ 9,16,381.18 + 01.02.2024 से ब्याज + कानूनी व अन्य शुल्क 08.07.2024

दिनांकः 09.07.2024, स्थानः चरोदा, पण्डरी (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

■ न्यूज गैलरी

पर्यावरण संरक्षण के लिए करें पौधरोपण : कलेक्टर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए खाली जगहों पर वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव परिसर में फलदार, छायादार एवं सुगंधित फूल के पौधे रोपित किए। उन्होंने दिग्विजय स्टेडियम परिसर में बादाम, करंज, कदम, मधुकामिनी, मौलश्री जैसे विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए। कलेक्टर ने सभी से कहा कि इस बारिश के मौसम में अपने-अपने घरों एवं आस-पास के खाली जगहों में छायादार एवं फलदार पौधे अधिक से अधिक लगायें। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हम सभी का दायित्व है। इससे हमारा जिला हरा-भरा हो जाएगा। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम अभिषेक गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी अजय जायसवाल ने भी पौधरोपण किया। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहारे, केआर राव, रणविजय सिंह, महेन्द्र सोनी, अनुराग श्रीवास्तव, नगर निगम की टीम एवं दिग्विजय स्टेडियम समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। नगर निगम की टीम द्वारा शहर के खाली जगह, स्कूल प्रांगण, तालाब के किनारे, सड़क किनारे, मुक्तिधाम एवं विभिन्न स्थानों में पौधरोपण किया जा रहा है। बादाम, आंवला, नीम, करंज, पीपल, बरगद, बेल, अमरूद, जामुन एवं विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधे लगाएं जा रहे हैं। नगर निगम के दिलीप गोस्वामी ने बताया कि पीटीएस, शीतला मंदिर रोड, कुरुक्षेत्र, लक्ष्मी नगर, सृष्टि कॉलोनी, आरके नगर सहित विभिन्न स्थानों में पौधे लगाए गए हैं।

डिस्ट्रिक्ट अवार्ड समारोह में लायंस क्लब को मिले 5 अवार्ड व 7 सर्टिफिकेट

कवर्धा/नवप्रदेश। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के सत्र 2023-24 के अवार्ड समारोह में स्थानीय लायंस क्लब के पदाधिकारियों को शानदार 5 अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह समारोह 7 जुलाई रविवार को बिलासपुर के फोर स्टार होटल कोर्टयार्ड मैरिएट में संपन्न हुआ। सत्र के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन शैलेश अग्रवाल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन दिलीप भंडारी, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वय लायन विजय अग्रवाल एवं लायन रिपुदमन सिंह पुसरी ने अवार्ड वितरण किए। लायन नीरज मंजीत छाबड़ा को सेवन स्टार माइक्रो चेयरपर्सन के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि पुरस्कारों को तीन कैटेगरी में बांटा गया था। सेवन स्टार को सर्वोच्च श्रेणी कहा गया था, फाइव स्टार एवं थ्री स्टार अन्य श्रेणियां थीं। नवीन सत्र के अध्यक्ष एमजेएफ लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल को एक्सीलेंट रीजन जीईटी कोऑर्डिनेटर, निवृत्तमान अधयक लायन बी.पी. गुप्ता को सेवन स्टार अध्यक्ष, लायन रामेश्वर गुप्ता को सेवन स्टार कोषाध्यक्ष एवं लायन डॉ. संगीता चौहान को श्रेष्ठ डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

रथयात्रा : भगवान जगन्नाथ का दर्शन करने उमड़ा जनसैलाब

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। रथयात्रा के पावन अवसर पर नगर के राधाकृष्ण मंदिर से पूजन के बाद भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा व बलदाऊ का रथ शहर भ्रमण के लिए बाजे-गाजे के साथ निकाला गया। इसके पीछे शहर के मध्य में स्थित सत्यनारायण मंदिर एवं छाटा रोड स्थित साईं मंदिर से पहुंचे रथ पर जगत के नाथ सवार थे। भगवान जगन्नाथ के दर्शन पाने नगर सहित क्षेत्र के दर्जनों गांवों से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।भारी भरकम रस्सों से रथ को खींचने का पुण्यलाभ लेने तथा गजामूंग का प्रसाद पाने के लिए भक्तों का जनसैलाब रथ के साथ-साथ चल रहा था। भगवान के दर्शन के लिए समूचे शहर सहित आसपास गांवों से पहुंचे भक्तों में भगवान का दर्शन करने व रथ को खींचने के लिए होड़ लगी रही।चना का प्रसाद लेने भक्त टूट पड़े थे। इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस और विद्युत अमला भी साथ चल रहा था। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी रथ के सामने चल रही थी। फायर ब्रिगेड के पानी की बौछार श्रद्धालुओं को भिगोते रहा, तो वहीं डीजे की धुन में युवा नाचते गाते चल रहे थे। रथों के आगे पारंपरिक राउत नाचा की धर्ममय माहौल बनाते चलते रही। ग्रामीण अंचलों से पहुंचे बड़ी संख्या में श्रध्दालु विशेषकर महिलाओं की भीड़ अत्यधिक होने के कारण बस स्टैण्ड से गंजरोड मार्ग पर भारी जनसैलाब रथ के चारों ओर दिखाई देने लगा। इस अवसर पर अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू,पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व पीसीसी चीफ धनेंद्र साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। वहीं इन नेताओं ने रथ में सवार होकर भक्तों को गजामूँग का प्रसाद भी बांटा।

निर्माण कार्यों का शत-प्रतिशत पूर्ण करने सीईओ जिला पंचायत ने दिए निर्देश

धमतरी। जिला पंचायत सभाकक्ष में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रा.), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रूर्बन मिशन योजनांतर्गत प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने की।

रूर्बन मिशन अंतर्गत लोहरसी एवं रामपुर कलस्टर के कार्यों को एक माह के भीतर कार्य पूर्ण कर यूसीसीसी प्रदान करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये ताकि शासन को रूर्बन कलस्टर की व्यय राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रेषित किया जा सके। लघु मरम्मत कार्य अंतर्गत स्वीकृत कार्यों का यूसीसी जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया। 15वें वित्त के स्वीकृत सभी कार्यों का सत्यापन व फोटोग्राफ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग से अब तक अप्राप्त है जिला कार्यालय को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। क्षमता विकास कार्य के लिए मांग पत्र प्रेषित करने सीईओ जनपद को निर्देशित किया गया। आदर्श ग्राम पंचायत के लिए अलग-अलग एक्टिविटी का फोटोग्राफ एवं डाक्यूमेंटेशन करने के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत सचिवों को वेतन भुगतान हेतु मांग पत्र उपलब्ध कराने सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया। इसी तरह जेम पोर्टल रजिस्ट्रेशन सत्यापित कराने और ग्रुप में जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये गये। अन्य छिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रगतिरत सभी कार्यों को पूर्ण करावें। ग्राम पंचायतों में 16 पंजी का संधारण अवश्य कराये जावें। सभी पंचायतों में स्वच्छता कर अनिवार्य रूप से लिये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये।

प्रधानमंत्री आवास में छत ढलाई पूर्ण 155 एवं जनमन योजनांतर्गत छत ढलाई पूर्ण 251 आवासों को सात दिवस के भीतर प्लास्टर कार्य पूर्ण करने निर्देश दिए। राशि प्राप्ति उपरांत भी कार्य में प्रगति नहीं लाने वाले हितग्राहियों को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से कार्यवाही किये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत विकासखंड नगरी के क्लस्टर कुकरेल, सांकरा, बेलरगांव एवं दुगली को पी.आई.ए. के माध्यम से वृक्षारोपण कार्य के लिए पौधा तैयार करने के निर्देश दिये गये। नर्सरी तैयार करने प्रशिक्षण हेतु तकनीकी सहायता एवं मार्गदर्शन हेतु स्वयंसेवी संस्था प्रदान, कृषि विज्ञान केन्द्र, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग से सहयोग लिये जाने निर्देशित किया गया। नगरी विकासखंड के डोंगरडुला में ग्राम संगठन भवन कम्प्यूटर, फर्नीचर, वाईफाई, आलमारी की व्यवस्था सी.एल.एफ के माध्यम से कराने कहा गया।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत 12 कमार बसाहट परिवार में तालाब, भूमि सुधार एवं प्लांटेशन से जुड़े आजीविका गतिविधि हेतु समूहों का चिन्हांकन एवं मैपिंग कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। वर्मी तथा नाडेप टैंक गतिविधियों हेतु कृषि सखी, पशु सखी को नियोजित करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये।

जल मड़ई का उद्देश्य पानी को बचाना

दुर्ग। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने आगे कहा कि जल मड़ई का उद्देश्य पानी की बर्बादी को कम करना और उसके कुशल उपयोग को बढ़ावा देना है। जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है, ऐसे में हमें पानी का जरूरत अनुसार उपयोग करना चाहिए। पानी का पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग से हम पानी की बचत कर सकते है। घरेलू उपयोग के बाद बचे हुए पानी को बागवानी या अन्य कार्यों में पुनः उपयोग किया जा सकता है। सामुदायिक स्तर का अभियान है, लोगों को जागरूक होना होगा और जल संरक्षण के महत्व को समझना होगा। हमें यह समझना होगा कि पानी का बचाव हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोगो से आग्रह करता हूं की अपने अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाएं।

गांवों में चल रहा पोट्ठ लईका पहल

■ बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए नया मिशन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा राजनांदगांव और मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के लक्षित आंगनबाड़ियों में पोट्ठ लईका पहल का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल एवं कलेक्टर मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी श्री एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में दोनों जिलों में गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए यह योजना संयुक्त रूप से संचालित है। पोट्ठ लईका पहल एक पोषण परामर्श अभियान है, जहां हर शुक्रवार को पालक चौपाल में पोषण के विषय में चर्चा होती है। स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का पूरा अमला खान-पान और खिलाने के प्रति व्यवहार में बदलाव लाने के लिए लगा हुआ है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को क्या खाना चाहिए, कैसे और कब खाना खिलाना चाहिए तथा कुपोषित बच्चों को क्या चाहिए के संबंध में जानकारी दी जा रही है। खाद्य पदार्थ में पोषक तत्व तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों के बारे में बताया जा रहा है। विभागों के जमीनी स्तर के कर्मचारियों को यूनिसेफ द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। आईसी ग्रुप की सीएसआर विंग पहल की भी इसमें सहभागिता है। पोट्ठ लईका पहल के तहत विगत शुक्रवार को राजनांदगांव और मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के 340 लक्षित आंगनबाड़ी केन्द्र में पालक चौपाल का आयोजन किया गया। जिसके तहत जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंघोला एवं मोहड़ में आयोजित पालक चौपाल में शामिल हुई।

पढ़ाई तिहार और शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन

■ स्कूल के सभी प्राथमिक विद्यालय और संबंधित पालक-बालक, शिक्षकों ने भाग लिया

नगरी। संकुल केंद्र देवपुर (ह)के प्राथमिक शाला बिरनपुर में प्रवेश उत्सव का आयोजन शिक्षा में उन्मुखीकरण करने तथा माता को शाला में जोड़कर शाला को बेहतर विकास की दृष्टि से दिनांक 2-7-2024 को पढ़ाई तिहार और शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया इसमें स्कूल के सभी प्राथमिक विद्यालय और संबंधित पालक बालक शिक्षकों ने भाग लिया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉक्टर लक्ष्मी ध्रुव ,विशेष अतिथि पवन कुमार प्रेमी पीडीएम नगरी, आर एल साहू,एस एमसी के अध्यक्ष परसराम चौधरी, शिक्षाविद भानेंद्र सुरेशा जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम ,प्रभारी प्राचार्य के एल गंजीर,संकुल समन्वयक देवपुर अतुल कुमार ध्रुव, प्राथमिक शाला देवपुर से सहायक शिक्षक हेमशिखा साहू, मनीषा देवदास ,प्राथमिक शाला दुगली से प्रधान पाठक छनिता साहू, सहायक शिक्षक अंजलि यदुराज, प्राथमिक शाला मुकुंदपुर से प्रधान पाठक पुष्पा ध्रुव, प्राथमिक शाला अमली पारा से लता चाणक्य, प्राथमिक शाला बोध सेमरा से सहायक शिक्षक भारती ठाकुर, प्राथमिक शाला देउरपारा से सहायक शिक्षक महेश्वरी साहू ,ग्राम वासी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व स्मार्ट माता, वर्तमान स्मार्ट माता एवं कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले बच्चों का सम्मान किया गया। पालकों में पार्वती साहू पूर्व स्मार्ट माता बिरनपुर द्वारा मोहक गीत पढ़ाई तिहाड़ से संबंधित प्रस्तुत किया गया पूर्व विधायक, एसडीएम सर ,जनपद अध्यक्ष, शिक्षाविद् सर के उद्बोधन से पालकों शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया छनिता साहू द्वारा पढ़ाई तैयार के बारे में जानकारी दी गई। संस्था प्रमुख शशि कला बैरागी सहायक शिक्षक पियूष साहू सहायक शिक्षक शैलेंद्र चंचल चाणक्य द्वारा कार्यक्रम की पूर्व तैयारी की गई अंगना में शिक्षा से संबंधित 9 काउंटर लगाया गया था प्रत्येक काउंटर में शालाओं से नियुक्त किए गए शिक्षिकाओं द्वारा माता को बताया गया कि घर में काम करते हुए बच्चों को शिक्षा से कैसे जोड़ा जाए।

भाजपा सरकार में बढ़ी बिजली दरों के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस ने दिया धरना

राजनांदगांव। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस के आदेश अनुसार प्रदेश में बढ़ी हुई बिजली दरों एवं अघोषित बिजली कटौती के खिलाफशहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा की उपस्थिति में शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन एवं उत्तर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष आसिफअली द्वारा संयुक्त रूप से इक दिवसीय धरना दिया गया। शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने धरने का संचालन करते हुए जानकारी दी की जनता की तकलीफ को देखते हुए आज बिजली कार्यालय के सामने प्रातः 10:00 बजे से कांग्रेस जनों ने जनता के साथ मिलकर बीजेपी की गलत नीतियों का विरोध करते हुए जनता की आवाज बुलंद की।सूर्यकांत जैन ने बताया कि धरने की शुरुआत महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। तत्पश्चात पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पाटिला ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सर प्लस बिजली होने के बावजूद बिजली की दरो में वृद्धि करना आम जनता के साथ धोखा है । वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने कहा कि जनता पहले से ही महंगाई से त्रस्त है इसके बावजूद बिजली बिल में 20% वृद्धि करना जनता के साथ कुठाराघात है। इसके बाद शहर की महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि एक तरफराज्य सरकार महतारी वंदन योजना से ?1000 देकर दूसरे हाथ से बिजली बिल के माध्यम से छीन रही है और तो और छत्तीसगढ़ का कोयला अदानी को देकर छत्तीसगढ़ वासियों का हक मार रही है।

ग्राम परमालकसा में घर पर ही मिलने लगी पेयजल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्रों में दूरस्थ अंचलों तक घर-घर नल कनेक्शन के जरिए पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में जल जीवन मिशन एक व्यापक एवं महत्वपूर्ण परिवर्तन की दस्तक है। हर घर जल पहुंचाने की शासन की इस अनोखी योजना अंतर्गत घर पर ही नागरिकों को नलों के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत अचानकपुर के आश्रित ग्राम परमालकसा में घर-घर नल लग जाने से गांव की दशा पहले की अपेक्षा सुधरने लगी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जल जीवन मिशन अंतर्गत गांव के प्रत्येक घर को नल और जल से जोड़ने से ग्रामीणों को घर पर ही शुद्ध पेयजल मिलने लगा है।

सल्ही के पूरे गांव में भ्रमण करवाया गया

नगरी। तालपारा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतला मंदिर से भगवान जगन्नाथ का रथ यात्रा निकाला गया , एवं पूरे गांव में भाव भक्ति के साथ भगवान जगन्नाथ के रथ को ले जाएगा , गांव के लोगों ने पूरे आस्था के साथ भगवान जगन्नाथ की पूजा की, उसके बाद भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा को गढ़्ढसिल्ही के पूरे गांव मेंभ्रमण करवाया गया , गांव के भ्रमण के बाद राधा कृष्ण मंदिर गढ़्ढसिल्ही में हवन पूजन के साथ भगवान जगन्नाथ को राधा कृष्ण मंदिर में विराजमान किया गया। कार्यक्रम के सहयोगी भारतीय जनता पार्टी कुकरेल मंडल महामंत्री संजय मरकाम , राधा कृष्ण मंदिर समिति के अध्यक्ष -रामकुमार समरथ, अखिलेश प्रजापति, देवराज मरकाम, गुलालनाग, विशाल मरकाम , अनवर सिंह आदि उपस्थित थे।

पखने को लेकर हत्या, साक्ष्य छुपाने शव में पत्थर बांधकर नाले में फेंका

सोमनी पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त गाड़ी, कैंची, बेल्ट बरामद किया

टेड़ेसरा-राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के सोमनी थाना अंतर्गत ग्राम बैगाटोला निवासी दिनेश आडिल की हत्या का मामला सुलझा लिया है। 21 जून से गायब दिनेश को उनके ही दोस्तों ने शराब पीने के लिए चखने को लेकर विवाद होने पर हत्या कर दी थी। साक्ष्य छुपाने के लिए उसके शव पर पत्थर बांधकर गंदे नाले में फेंक दिया था। गुमशुदा की तलाशी के दौरान मुखबिरों से ये जानकारी मिली थी कि यहां कुछ दिनों पहले कुछ लोगों का झगड़ा हुआ था

पुलिस के मुताबिक थाना सोमनी में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मृतक की पत्नी ने बताया था कि पति दिनेश आडिल पिता तुलसीराम आडिल (26 साल) ग्राम बैगाटोला जो 17 जून को घर से प्रतिदिन की तरह काम पर निकाला था, पर वह वापस न नहीं आया। 21 जून 2024 को थाने में इसकी सूचना दी गई थी।

पुलिस की पता तलाशी के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दिनेश आदिल 17 जून को जमुरी शराब भट्ठी में चार-पांच लड़कों के साथ बैठ शराब पिया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर आपस में लड़ाई हुई थी। उसके बाद दिनेश लड़कों के साथ मोटरसाइकिल से वहां से चला गया था। मामला गंभीर होता देख वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दिया गई। एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन व एएसपी राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में सोमनी पुलिस की टीम गठित कर संदेही गौरव कुमार देशलहरे उर्फ पिंटू एवं ईशु देशमुख उर्फ यशवंत देशमुख को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई।

पुलिस के अनुसार गौरव कुमार ने बताया कि 17 जून दोस्त ईशु देशमुख मेरे दुकान पर था। इस समय करीब 2 बजे दोस्त ग्रेनाइट, सुजल और पामू मेरे दुकान में आए, जहां कुछ देर बात करने के बाद शराब पीने के लिए बाइक से निकले। टायर दुकान वाले एक्डी सैयद से चिकन लेकर पांचों लोग जमुरी शराब दुकान में बैठकर शराब पी रहे थे। उसी समय पहचान का दिनेश आडील हम लोगों के पास आया और चखना मांगा तो दिए। शराब पीने के बाद दिनेश बोला मैं ढाबे में काम करता हूं तुम लोगों को खाना खिलाऊंगा। तब मैं बोला कि क्या खिलाओगे तो दिनेश अभद्र शब्द का प्रयोग करने लगा। इतने में सभी को गुस्सा आने पर दिनेश आडील के साथ हाथ मुक्का व बेल्ट से मारपीट की।

नवविवाहता ने घर के कमरे में लगाई फांसी

नगरी। धमतरी जिले में एक नवविवाहिता ने सुसाईड कर लिया, बताया जा रहा है कि महिला ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है, इस घटना के बाद से गांव में सनसनी है इधर मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है,घटना सिहावा थाना इलाके की उमरगांव की है, जहां एक नवविवाहित महिला भारती साहू पति ऋषि ने बीते कल यानी शनिवार 6 जुलाई को घर में बंद कमरे के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।जानकारी के मुताबिक मृतिका महिला का दो माह पूर्व 26 अप्रैल को शादी हुआ था, कुकरेल इलाके के माकरदोना गांव से शादी होकर कुरूद के पास मेंडरका गांव में गई थी।

जीवन शैली | आदिवासी समाज की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता

किसी भी समाज के विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी: ओंकार

■ आदिवासी समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

धमतरी/नवप्रदेश। विधायक ओंकार साहू ग्राम भानपुरी के आदिवासी समाज के कार्यक्रम में पहुंचकर आदिवासी समाज के सामाजिक बंधुओं से मुलाकात की। साथ में आदिवासी समाज के ईस्टदेव की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विधायक ओंकार साहू नें स्वागत कार्यक्रम पश्चात अपने उद्बोधन में कहा कि आदिवासी समाज का अपना एक विशेष प्रकार का स्वभाव होता है। मुझे गर्व है कि आप सभी का विशेष प्रकार की जीवन शैली है आदिवासी समाज प्रकृति पूजक के रूप में जल, जंगल, पहाड़ और जमीन से जुड़ा हुआ समाज है। इस प्रकार प्रकृति से जुड़ाव आदिवासी समाज को प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। ओंकार साहू ने कहा कि आज हमें आदिवासी समाज की परंपराओं में छुपे ज्ञान को बाहर निकालने की आवश्यकता है क्योंकि आदिवासी समाज की परंपराओं में बहुत सारे पुरातन ज्ञान छुपे हुए हैं। अगर हम बस्तर की बात करें तो बस्तर के आदिवासी भाइयों की खेती करने का तरीका अनूठा है जिसके जरिए हमारे आदिवासी समाज के साथी पुरानी विधा से खेती करते हैं और औषधीय और जड़ी- बूटियों का पहचान करते हैं और इन जड़ी - बूटियों का उपयोग हम कई प्रकार के शारीरिक परेशानियों को दूर करने के लिए करते हैं। हमें आदिवासी समाज की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। आज तकनीक और विज्ञान से लैस समाज में आदिवासियों की परंपराओं और जीवन शैली को लोग उत्सुकता से देखते है आदिवासी समाज की परंपराओं और संस्कृति को देखकर लोगों के मन में खुशी जाहिर होती है । विधायक ने कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है क्योंकि शिक्षा के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। जरूरी नहीं कि हम सरकारी नौकरी के लिए ही पढ़ाई करें हमें अच्छा नागरिक बनने के लिए भी पढ़ाई करने की आवश्यकता है। आदिवासी समाज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से धमतरी विधायक ओंकार साहू , पूर्व जनपद अध्यक्ष गूंजा साहू, सरपंच जानकी कमलेश साहू,सैन मांडवी, आदिवासी समाज अध्यक्ष सुंदर ध्रुव, सेवक राम ध्रुव सचिव आदिवासी समाज,दौलत ध्रुव , गिरधर नेताम ,संत ध्रुव, शोभाराम ध्रुव ,छतर सिंह ध्रुव , ललित मरकाम, अश्वनी ध्रुव रामजी नेताम, ऐमन ध्रुव , फगवा चंद्रवंशी, पुनीत ध्रुव, कोमल ध्रुव कुमान ध्रुव, खेदूराम कुंजाम , संतराम ध्रुव रेवती बाई, यशोदा बाई ध्रुव सूरज बाई ध्रुव,साथ में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के मातृशक्ति एवं ग्रामवासियों उपस्थित रही।

जल जीवन मिशन के कार्यों की स्थिति जानने पहुंचे केंद्रीय जाँच दल

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण जिला बेमेतरा में केन्द्रीय जांच दल का द्वारा किया गया। दो सदस्यीय दल में व्हाय. के. सिंग (Director DDWS NJJM) एवं एस. परमेश्वरन (Rural Infrastructure Consultant, NJJM) शामिल थे। जिला बेमेतरा में जल जीवन मिशन के कार्यों के निरीक्षण में प्रथम दिवस 6 जुलाई को ग्राम आन्दू, बालसमुंद एवं अमोरा का निरीक्षण किया गया। द्वितीय दिवस 7 जुलाई को प्रातः 8 बजे जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा से जल जीवन मिशन के कार्यों पर विस्तार से चर्चा कर जांच दल द्वारा ग्राम ढोलिया, करचुवा (ख), सैगोना, खुरूसबोड़ (आर.), मोतिमपुर एवं मोतेसरा में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस प्रकार केन्द्रीय दल जिला बेमेतरा में दो दिवसीय प्रवास के दौरान कुल 9 ग्रामों का निरीक्षण किया गया।

रोजगार पर सिटीग्रुप की रिपोर्ट का केंद्र सरकार ने किया खंडन

नई दिल्ली । भारत में रोजगार की स्थिति पर सिटीग्रुप द्वारा जारी की गई हालिया शोध रिपोर्ट का केंद्र सरकार ने खंडन किया है। इस रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत सात प्रतिशत की विकास दर के साथ भी पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए संघर्ष करेगा।

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय का मानना है कि यह रिपोर्ट उपलब्ध व्यापक और सकारात्मक रोजगार डेटा को ध्यान में रखने में विफल रही है। रिपोर्ट में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) और भारतीय रिजर्व बैंक के केएलईएमएस डेटा जैसे आधिकारिक स्रोतों से जानकारी नहीं ली गई है तथा ये स्रोत रिपोर्ट का खंडन करते हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि वह ऐसी रिपोर्टों का दृढ़ता से खंडन करता है जो सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध सभी आधिकारिक डेटा स्रोतों का विश्लेषण नहीं करती हैं। मंत्रालय का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक का केएलईएमएस डेटा 2017-18 से 2021-22 तक आठ करोड़ से अधिक रोजगार के अवसरों का संकेत देता है, जिसका मतलब प्रति वर्ष औसतन दो करोड़ से अधिक रोजगार है। इस तथ्य के बावजूद कि 2020-21 के दौरान विश्व अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी से प्रभावित हुई थी, इसके मद्देनजर पर्याप्त रोजगार पैदा करने में भारत की असमर्थता के सिटीग्रुप के दावे का खंडन हो जाता है। यह महत्वपूर्ण रोजगार सृजन विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी पहलों की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करता है। केंद्र के मुताबिक पीएलएफएस डेटा से पता चलता है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान, श्रम बल में शामिल होने वाले लोगों की संख्या की तुलना में अधिक रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप बेरोजगारी दर में लगातार कमी आई है। यह रोजगार पर सरकारी नीतियों के सकारात्मक प्रभाव का एक स्पष्ट संकेतक है। जहां रिपोर्ट में रोजगार परिदृश्य को गंभीर बताया गया है, वहीं आधिकारिक डेटा भारतीय रोजगार बाजार की अधिक आशावादी परिदृश्य प्रस्तुत करता है। मंत्रालय के मुताबिक ईपीएफओ डेटा से पता चलता है कि अधिक से अधिक कर्मचारी औपचारिक नौकरियों में शामिल हो रहे हैं। वर्ष 2023-24 के दौरान, 1.3 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर ईपीएफओ में शामिल हुए, जो वर्ष 2018-19 के दौरान ईपीएफओ में शामिल हुए 61.12 लाख की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। इसके अलावा, पिछले साढ़े छह वर्षों के दौरान (सितंबर, 2017 से मार्च, 2024 तक) 6.2 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर ईपीएफओ में शामिल हुए हैं। वहीं, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के आंकड़ों से पता चलता है कि केंद्र और राज्य सरकारों के तहत 2023-24 के दौरान 7.75 लाख से अधिक नए सब्सक्राइबर एनपीएस में शामिल हुए हैं। यह 2022-23 के दौरान सरकारी क्षेत्र के तहत एनपीएस में शामिल होने वाले 5.94 लाख नए ग्राहकों से 30 प्रतिशत अधिक है। नए सब्सक्राइबरों में यह पर्याप्त वृद्धि सार्वजनिक क्षेत्र में रिक्तियों को समय पर भरने के लिए सरकार के सक्रिय उपायों को उजागर करती है। श्रम और रोजगार मंत्रालय के सचिव के साथ इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन (आईएसएफ) के सदस्यों की हालिया बातचीत में, आईएसएफ सदस्यों ने बताया कि वे लगभग 5.4 मिलियन औपचारिक अनुबंध श्रमिकों को रोजगार दे रहे हैं। प्रतिभा की कमी और श्रम गतिशीलता के कारण विनिर्माण, खुदरा, बैंकिंग क्षेत्र में लगभग 30 प्रतिशत मांग अधूरी बनी हुई है। भारत में रोजगार बाजार की भविष्य की संभावनाएं अत्यधिक उत्साहजनक हैं, जैसा कि विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है। भारत में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई है। गिग अर्थव्यवस्था देश में कार्यबल में उल्लेखनीय वृद्धि का भी भरोसा दिलाती है।

बिक गई लाल सिंह चड्ढा की ओरिजिनल बनाने वाली कंपनी

दिल्ली। डेविड एलिसन की अमेरिकी प्रोडक्शन स्काईडांस मीडिया ने पैरामाउंट ग्लोबल का अधिग्रहण कर लिया है। स्काईडांस रविवार को इसका एलान किया और बताया कि इसके लिए वे करीब 8 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगे। कंपनी को रविवार को पैरामाउंट के निदेशक मंडल की एक विशेष समिति से मंजूरी मिली थी। इसके बाद पूरे बोर्ड ने दो-चरणीय लेन-देन की योजना को मंजूरी दी। स्काईडांस का 15 वर्षों का इतिहास है। वह मिशन- इम्पॉसिबल, ट्रांसफॉर्मर्स और टॉप गन सहित कई चर्चित फ्रेंचाइजी में पैरामाउंट के साथ साझेदार के रूप में जुड़ी रही है। स्काईडांस और पैरामाउंट ग्लोबल कई चर्चित फिल्मी प्रोजेक्ट में वित्तीय साझेदार रही हैं। लेकिन, अब इस अधिग्रहण के बाद पैरामाउंट ग्लोबल, स्काईडांस में मर्ज हो जाएगी। पैरामाउंट पिक्चर्स कॉर्पोरेशन को पैरामाउंट के नाम से भी जाना जाता है। यह अमेरिकी की फिल्म और टेलीविजन उत्पादन और वितरण कंपनी है। यह दुनिया का छठा सबसे पुराना फिल्म स्टूडियो है।

पैरामाउंट ग्लोबल का आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा से भी कनेक्शन है। दरअसल, लाल सिंह चड्ढा जिस अमेरिकी फिल्म फॉरेस्ट गंप पर बनी है, उस फिल्म को पैरामाउंट ने ही बनाया है। पैरामाउंट के स्काईडांस में विलय की घोषणा के बाद पैरामाउंट का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। डेविड एलिसन की योजना मुनाफे में सुधार, रचनात्मकता में स्थिरता और स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। साथ ही तेजी से बढ़ते ओटीटी डिजिटल प्लेटफार्मों में और ज्याद निवेश पर फोकस करना भी है।

फरवरी के महीने में पैरामाउंट ने दुनियाभर में करीब 800 कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की। यह छटनी कंपनी ने अपने नेटवर्क और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पैरामाउंट पर सुपर बाउल LVIII के दौरान रिकॉर्ड दर्शकों के बावजूद की गई। पिछले साल के आखिर में पैरामाउंट ने अधिग्रहण का लक्ष्य बनाया था, इसके कुछ समय बाद ही छंटनी की गई। कंपनी ने वार्नर ब्रदर्स, डिस्कवरी के सीईओ डेविड जस्लाव, निर्माता बायरन एलन और निजी इक्विटी फर्म अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट के साथ कंपनी के विलय पर चर्चा की थी। हालांकि, अब इसका विलय स्काईडांस के साथ हुआ है। दोनों कंपनियों की बीच हुई विलय की डील 2025 तक पूरी होगी।

जुलाई में अच्छी बारिश होने से बुवाई की स्थिति पिछले साल से बेहतर !

नई दिल्ली । पूरे देश में जुलाई की शुरुआत में अच्छी बारिश हो रही है जो कि नॉर्मल मानसून का संकेत है। केवल जुलाई में दीर्घकालीन औसत से 32 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में ये बात कही गई है।

एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर और पश्चिम भारत (3 प्रतिशत), मध्य भारत (-6 प्रतिशत), पूर्व और उत्तर पूर्व भारत (0 प्रतिशत) और दक्षिणी प्रायद्वीप (13 प्रतिशत) में अब तक सामान्य बारिश हुई है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा ने कहा, जून में कम बारिश होने के कारण, जरूरी है कि जुलाई में अच्छी बारिश हो और महीने की शुरुआत अच्छी रही। हालांकि बुवाई में देरी हुई, लेकिन अब बारिश होने से इसमें तेजी आई है और यह पिछले साल से बेहतर है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 28 जून तक कुल बुवाई क्षेत्र (24.1 मिलियन हेक्टेयर) पिछले साल की तुलना में काफी अधिक (सालाना आधार पर 33 प्रतिशत) है। यह मुख्य रूप से दलहन और तिलहन की बुवाई में तेजी के कारण है। धान की बुवाई का क्षेत्र पिछले साल के बराबर ही है, जबकि गन्ने की बुवाई बेहतर है।

गैर-खाद्य फसलों में कपास की बुवाई काफी अधिक है। कुल बुवाई क्षेत्र सामान्य बुवाई क्षेत्र का 22 प्रतिशत है, जबकि 2023 में यह 18.6 प्रतिशत था। अरोड़ा ने कहा, इस संबंध में जुलाई बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि महीने के अंत तक लगभग 80 प्रतिशत बुवाई पूरी हो जाती है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने हाइब्रिड कारों पर रजिस्ट्रेशन फीस किया माफ

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने हाइब्रिड कारों की रजिस्ट्रेशन फीस को पूरी तरह से माफ कर दिया है. इस खबर को मारुति सुजुकी के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है.5 जुलाई, 2024 के एक सर्कुलर में उत्तर प्रदेश की सरकार ने तय किया है कि हाइब्रिड कारों और प्लग इन हाइब्रिड कारों पर रजिस्ट्रेशन फीस को 100त्न माफ किया जाता है, जो कि तत्काल प्रभाव से लागू भी हो चुका है. ये जानकारी मामले पर नजर रखने वाले लोगों ने दी है. उत्तर प्रदेश सरकार 10 लाख रुपये से कम कीमत वाले 4-व्हीलर्स पर 8त्न और 10 लाख रुपये और उससे ज्यादा कीमत वाली गाड़ियों पर 10त्न रोड टैक्स लेती है. योगी सरकार के इस कदम का सीधा फायदा मारुति सुजुकी को मिलता दिख रहा है. इस खबर के बाद कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है. मारुति के बाद दो मजबूत हाइब्रिड कारें- ग्रैंड विटारा और इनविक्टो है. हालांकि टोयोटा किर्लोस्कर के पास हाइराइडर और इनोवा हाईक्रॉस है, होंडा कार्स अपनी सिटी सेडान का हाइब्रिड वर्जन बेचती है.

एआई के आने से तेजी से बढ़ रहा भारत का सिक्योरिटी मार्केट

नई दिल्ली । बायोमेट्रिक और सर्विलांस उत्पादों की मांग में इजाफा होने के कारण भारत का सिक्योरिटी मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों की ओर से यह जानकारी दी गई। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे में राष्ट्रीय सुरक्षा और उच्च गुणवत्ता के लिए सरकार की ओर से नियमों को बनाया जाना आवश्यक है।

इन्फॉरमा मार्केट्स की ओर से आयोजित किए गए सिक्योरिटी और फायर एक्सपो में टीपी-लिंक कंज्यूमर के उपाध्यक्ष बिजॉय अलायलो ने कहा कि इस दशक में भारत का सर्विलांस मार्केट 16 प्रतिशत की कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) से बढ़ेगा। इसकी वजह टेक्नोलॉजी में साल-दर-साल आने वाला बदलाव है। उन्होंने आगे कहा कि सर्विलांस टेक्नोलॉजी में एआई को लागू करने की संभावनाएं असीमित हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा और क्वालिटी गुणवत्ता के लिए सरकार को नियम बनाने होंगे। भारत में मौजूदा समय में सर्विलांस मार्केट की वैल्यू करीब 4.3 अरब डॉलर की है और इसका आकार 2029 तक बढ़कर 15 अरब डॉलर तक हो सकता है।

हिंडनबर्ग ने अदाणी रिपोर्ट को प्रकाशन से दो महीने पहले क्लाइंट के साथ किया शेयर: सेबी

मुंबई । बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने हिंडनबर्ग रिसर्च को भेजे गए अपने 46-पृष्ठ के कारण बताओ नोटिस में जानकारी दी है कि कैसे अमेरिकी शॉर्ट-सेलर ने अदाणी समूह पर अपनी आलोचनात्मक रिपोर्ट की अग्रिम प्रति सार्वजनिक रूप से इसे प्रकाशित करने के दो माह पहले न्यूयार्क स्थित हेज फंड मैनेजर मार्क किंगडन के साथ शेयर किया। कारण बताओ नोटिस में आरोप लगाया गया है कि हिंडनबर्ग, किंगडन के हेज फंड और कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़े एक ब्रोकर ने रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध फर्मों के बाजार मूल्य में 150 बिलियन डॉलर से अधिक की गिरावट से लाभ उठाया। सेबी ने हिंडनबर्ग पर अदाणी समूह के शेयरों में घबराहट में बिक्री को प्रेरित करने के लिए गैर-सार्वजनिक और भ्रामक जानकारी का उपयोग कर मिलीभगत के माध्यम से अनुचित लाभ कमाने का भी आरोप लगाया है।

यूपीआई का असर! छोटे व्यापारों में डिजिटल लेनदेन बढ़ा

नई दिल्ली । भारत में छोटे दुकानदारों और फर्म की ओर से ऑर्डर लेने या देने के लिए बड़ी संख्या में डिजिटल माध्यम का उपयोग किया जा रहा है। इसकी वजह यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) जैसी सुविधाओं का समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी सर्वे के अनुसार, यूपीआई से भुगतान करने या ऑनलाइन ऑर्डर देने के रूप में बिजनेस उद्देश्य के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल 2022-23 के बीच ग्रामीण इलाकों में बढ़कर 13.5 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 7.7 प्रतिशत था। वहीं, शहरी इलाकों में यह बढ़कर 30.2 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 21.6 प्रतिशत पर था। इस तरह ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में संयुक्त रूप से 7.2 प्रतिशत की बढ़त हुई है।

यह दिखाता है कि असंगठित क्षेत्र में डिजिटल पेमेंट को लोग अपना रहे हैं और आईटी एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। सर्वे के मुताबिक, असंगठित क्षेत्र में अनुमानित प्रतिष्ठानों की संख्या में 5.88 प्रतिशत, कर्मचारियों की संख्या में 7.84 प्रतिशत और ग्रॉस वैल्यू एडिशन में 9.83 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

खेल, मनोरंजन

रोहित, विराट और बुमराह को श्रीलंका दौरे से दिया जा सकता है आराम

नई दिल्ली । टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद सीनियर प्लेयर्स रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को इस महीने के अंत में श्रीलंका दौरे के लिए आराम दिया जा सकता है।

भारत को 27 जुलाई से श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेलने हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई बांग्लादेश दौरे पर लौटने से पहले तीन सीनियर प्लेयर्स को दौरे के लिए आराम देना चाहता है, जहां भारत 19 सितंबर से दो टेस्ट और तीन टी20 खेलेगा।

रोहित, कोहली और रवींद्र जडेजा ने पिछले महीने टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। हालांकि, वे अन्य प्रारूपों में भारत के लिए खेलना जारी रखेंगे। बीसीसीआई संभवतः अगले सप्ताह श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा करेगा।

जानकारी के अनुसार, सीनियर प्लेयर्स को आराम दिया जा सकता है, जिससे वो अगले कुछ बड़े मुकाबलो के लिए तैयार रहें। रोहित, विराट और बुमराह को आराम की पेशकश की गई है और वे सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए टीम में शामिल होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि सितंबर में पूरे सत्र के लिए वापसी से पहले इन सीनियर प्लेयर्स को पूरा आराम मिल सके। इस बीच, टी20 विश्व कप 2024 मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ का आखिरी कार्यभार था। कैरेबियन में खिताबी सूखे को समाप्त करने से पहले उन्होंने भारत को लगातार तीन आईसीसी फाइनल में पहुंचाया, जिसमें 2023 में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और वनडे विश्व कप शामिल था।

क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने मुख्य कोच की भूमिका के लिए गौतम गंभीर और डब्ल्यूवी रमन का साक्षात्कार लिया है और गंभीर पूर्व कोच द्रविड़ की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

टी20 विश्व कप के बाद बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे और फील्डिंग कोच टी दिलीप का कार्यकाल समाप्त होने के बाद बीसीसीआई जल्द ही टीम के सहयोगी स्टाफ के लिए आवेदन जारी करेगा।

‘कैटरीना किस्मत वाली हैं कि उनके पति आप हैं’- विक्की कौशल से बोले अनिल कपूर

मुंबई। रियलिटी शो ‘बिग बॉस ओटीटी सीजन 3’ के वीकेंड का वार एपिसोड काफी चर्चा में रहा। विक्की कौशल भी फिल्म प्रमोशन के लिए यहां पहुंचे। अनिल कपूर ने कहा कि कटरीना सौभाग्यशाली हैं क्योंकि उन्हें पति के रूप में विक्की कौशल मिले हैं।

स्टार्स के साथ अनिल कपूर ने खूब मस्ती की। विक्की ने जिम वर्क आउट से जुड़ा एक बड़ा राज भी खोला। उन्होंने बताया कि वो और अनिल कपूर एक ही जिम में वर्जिश करते हैं। एपिसोड के दौरान अनिल ने विक्की की तारीफ करते हुए कहा, ‘मैंने कैटरीना कैफ के साथ काम किया है। वह एक शानदार और मेहनती एक्ट्रेस हैं। आप दोनों की जोड़ी बहुत अच्छी है और वह सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें आप पति के रूप में मिले।’

बता दें कि अनिल इससे पहले कैटरीना के साथ वेलकम, रेस और हमको दीवाना कर गए जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। इसमें तृप्ति डिमरी, विक्की कौशल और एमी विर्क लीड रोल में है। फिल्म का निर्देशन आनंद तिवारी ने किया है और हीरू यश जौहर, करण जौहर, अपूर्व मेहता और अमृतपाल सिंह बिंद्रा इसके सह-निर्माता हैं। इसकी कहानी तरुम डुडेजा और इशिता मोइत्रा की जोड़ी ने लिखी है। फिल्म में विक्की और एमी दोनों को ही तृप्ति से प्यार है, तृप्ति मां बनने वाली है और सस्पेंस यही है कि आखिर दोनों में से होने वाले बच्चे का पिता कौन है? वहीं बिग बॉस ओटीटी 3 के लेटेस्ट एपिसोड की बात करें, तो इसमें रणवीर, साई केतन, सना सुल्तान, सना मकबूल, नेजी, चंद्रिका और कृतिका इस बार नॉमिनेशन से सुरक्षित दिखाए गए हैं। वहीं घर से बेघर होने के लिए नॉमिनेट हुए घरवालों में दीपक, लवकेश, विशाल, शिवानी और अरमान मलिक (सजा के रूप में) का नाम हैं।

पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए ‘प्रेरणास्त्रोत’ बनी रोहित ब्रिगेड

नई दिल्ली । पेरिस ओलंपिक में भारत के 100 से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे। फ्रांस की राजधानी पेरिस में खेलों का यह महाकुंभ 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होगा। देश में इन दिनों भारतीय क्रिकेट टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत से उत्साह का माहौल है, और अब पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले एथलीटों ने भी क्रिकेट की तरह ओलंपिक में भी तिरंगा फहराने की ठान ली है।

खिलाड़ियों का अथक प्रयास और अटूट समर्पण ही उनकी जीत की गाथा लिखता है। चाहे खेल बल का हो या बुद्धि का, एक खिलाड़ी को चैंपियन या महान उसका दृढ़ संकल्प बनाता है। इसका सबसे बड़ा ताजा उदाहरण रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया है, जिन्होंने बारबाडोस में टी20 विश्व कप पर कब्जा जमाया। उनकी इस जीत पूरे देश खासकर पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले एथलीटों को प्रेरित किया है। इसकी वजह यह हार के मुंह से जीत छीनने का जज्बा रखना, जो हमारी भारतीय क्रिकेट टीम ने कर दिखाया है। इस बात को खुद भारतीय हॉकी टीम के महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भी माना।

अपना चौथा ओलंपिक खेलने जा रहे पीआर श्रीजेश ने मीडिया में दिए एक इंटरव्यू में कहा,÷ मैंने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी मुकाबला देखा। मैंने इससे सबसे बड़ी सीख ली है कि आखिर गेंद से पहले जश्न नहीं मनाना चाहिए। मैच में एक ऐसा समय था जब अफ्रीकी टीम 15वें ओवर तक जीत की दहलीज पर खड़ी थी। लेकिन भारतीय टीम ने उम्मीद नहीं छोड़ी और हार की कगार पर पहुंचकर जीत दर्ज की।

भारतीय हॉकी टीम के अनुभवी खिलाड़ी और 328 मैच खेल चुके श्रीजेश ने आगे कहा, इससे हमें ही नहीं बल्कि पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी को सीख लेनी चाहिए। हार नहीं माननी है और अंत तक लड़ना है, जीत जरूर मिलेगी। मैं इस बात को ओलंपिक में याद रखूंगा। भारत पेरिस ओलंपिक के लिए लगभग 120 एथलीटों का दल भेजेगा। इस दल में भारत के पुरुष भाला फेंक स्टार खिलाड़ी और डिफेंडिंग चैंपियन नीरज चोपड़ा के नेतृत्व वाली एथलेटिक्स टीम के अलावा 21 सदस्यीय निशानेबाजी टीम और 16 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम शामिल है।

पिछले हफ्ते, भारतीय दल के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री ने उनकी हौसला अफजाई की थी और फ्रांस जाने से पहले उन्हें मार्गदर्शन दिया। भारत ने बार-बार खेलों की मेजबानी करने की इच्छा जताई है और इस मामले में भारत को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) प्रमुख थॉमस बाक का समर्थन प्राप्त हुआ है।

‘तुम मुझे छू नहीं सकते...’, दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जोकोविच फैन्स से भिड़े, चिढ़ाने का लगाया आरोप

दिल्ली। नोवाक जोकोविच ने डेनमार्क के होल्गर रूण को 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर अपने 15वें विंबलडन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. अब उनका मुकाबला बुधवार को एलेक्स डी मिनौर से होगा. जोकोविच मैच में फैंस की हूटिंग से नाराज दिखे और कहा कि इस तरह के व्यवहार को वह स्वीकार नहीं करते हैं. जोकोविच को रूण ने पिछले कई मुकाबले में बैकफुट पर धकेल दिया था, जिसमें 2022 में पेरिस मास्टर्स फाइनल सहित कई अन्य मैच शामिल हैं. मैच के बाद जोकोविच ने अपनी जीत पर बात की और कहा कि जिन लोगों ने उनको सम्मान दिया और टिकट लेकर मैच देखने आए और देर रात तक बैठकर टेनिस के प्रति अपने प्यार को दिखाया, उनको दिल से शुक्रिया. साथ ही, उन्होंने हूटिंग कर रहे लोगों की आलोचना की और कहा कि इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा. जोकोविच ने कहा, मुझे नहीं पता कि वे रूण के समर्थन में नारे लगा रहे थे, पर यह भी हूटिंग का एक बहाना है. मैं इसे स्वीकार नहीं करता हूं.

कभी दिवालिया हो गए थे ‘खिचड़ी’ के हिमांशु

मुंबई। टेलीविजन निर्माता जेडी मजीठिया उर्फ जमनादास मजीठिया ने कई चर्चित शो का निर्माण किया है। इनमें से एक है खिचड़ी। इस शो में वह खुद भी हिमांशु के रोल में नजर आए। जेडी मजीठिया ने इंडस्ट्री में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। एक दौर ऐसा भी देखा कि वे कर्ज के बोझ तले दब गए। वे पूरी तरह कंगाल हो चुके थे। प्रोड्यूसर ने बताया कि अकाउंटेंट की गलत गणना की वजह से उनका प्रोडक्शन हाउस दिवालिया हुआ था।

2013 में चढ़ गया था कर्जा

हाल ही में एक बातचीत के दौरान जेडी मजीठिया ने अपने पेशेवर जीवन के सबसे बुरे दौर के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 में ऐसा हुआ था, जब उन्होंने खुद को एक ऐसी मुसीबत से जूझते हुए पाया जीवन का सबसे बड़ा अध्याय बन गई। मालूम हो कि जेडी मजीठिया अपना प्रोडक्शन हाउस हैट्स ऑफ प्रोडक्शंस चलाते हैं।

बोले- ‘मेहनत करता रहा और...’

जेडी मजीठिया ने कहा, ‘शो के मामले में मेरी सबसे बड़ी विफलता के कई व्यक्तिगत उदाहरण होंगे। लेकिन 2013 में एक बार कंपनी घाटे में चली गई। हमारे पांच शो चल रहे थे। हमारे अकाउंट्स में एक शख्स था, जिसने हमें गुमराह किया। शायद मैं उस समय इतना परिपक्व नहीं था कि इसे ठीक से समझ पाता। मैं कड़ी मेहनत करता और सभी को समय पर भुगतान करता, लेकिन उस आदमी ने हमारे हिसाब-किताब में कुछ गड़बड़ कर दिया और हम दिवालिया हो गए। हमें कुछ समझ नहीं आया’।

न्यूज गैलरी

मूलभूत सुविधाओं से वंचित है ऐश्वर्या रेसिडेंशियल कालोनी की लोग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी में एक क्षेत्र के रहवासियों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं. रायपुर के विधानसभा रोड के करीब ऐश्वर्या वीडमील रिसिंडेसी सोसाइटी में करीब 250 लोग रहते हैं, जिन्हें खराब सड़कें, बारिश से जलभराव, बंद स्ट्रीट लाइट और आसामाजिक तत्व युवाओं के द्वारा लूटपाट होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते रहवासियों ने नगर निगम चुनाव बहिष्कार करने का फैसला किया है.बता दें, स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार जोन-9 कमिश्नर संतोष पांडे और पार्षद गोपेश साहू को शिकायत कर चुके है.। लेकिन अब तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। आने वाले समय में बारिश के चलते जलभराव होगा तो घरों में पानी घुसेगा। इसलिए हमने चुनाव बहिष्कार करने का फैसला लिया है।

घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। सरकारी स्कूल के सामने टाटीबंध में घर के बाहर खड़ी बुलेट बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी वासुदेव गुप्ता 24 वर्ष सरकारी स्कूल के पास टाटीबंध का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बुलेट बाइक क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 0894 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अज्ञात वाहन ने अधेड़ महिला को रौंदा

रायपुर/नवप्रदेश। सिलतरा स्थित महालक्ष्मी इंडस्ट्रीज उद्योग के पास अज्ञात वाहन ने अधेड़ महिला को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मृतिका प्रेमवती कश्यप 54 वर्ष सिलतरा की रहने वाली थी। बताया जाता है कि कल सुबह वह पैदल कहीं जा रही थी। तभी सिलतरा स्थित महालक्ष्मी इंडस्ट्रीज उद्योग के पास अज्ञात वाहन ने उसे अपने चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

13 नशेड़ी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने नशेडि़यों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने कमल विहार के पास सरेआम शराब पीते आरोपी राजेशन चौहान 37 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी बलराम साहू 48 वर्ष व गिनेंदे साहहू 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खम्हारडीह पुलिस ने सुखवीर सिंह यादव 30 वर्ष व हेमंत कुमार साहू 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मौदहापारा पुलिस ने आरोपी पवित्र दास लहरे 26 वर्ष, खिलावन निषाद 22 वर्ष, मानस वर्मा 20 वर्ष व सब्बीर खान 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा थाना पुलिस ने आरोपी अविनाश तांडी व विनय माखिजा 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

22 तक दावा आपत्ति

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत कोरबा में अनियमित वित्तीय कंपनी/चिटफण्ड कंपनी सर्वमंगला प्रॉपर्टीज इंडिया लिमिटेड के निवेशकों के धनवापसी की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जिले के कुछ निवेषकों द्वारा संबंधित चिटफण्ड कंपनी में निवेश से संबंधित मूल बांड पेपर प्रस्तुत नहीं किया गया है।

नवाज के कार्यकाल में हुई भर्तियों को निरस्त करने पर गरमाई सियासत

मामला जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव का

भूपेश के विधानसभा प्रश्न लगाने मात्र से मचा अधिकारियों में हड़कंप

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कि कांग्रेस सरकार बदलने के बाद से भाजपा की सरकार बनने के बाद अनेकों घटनाक्रम में तब्दीली देखने में आई है सियासत का रंग भी अपने रंगो की तलाश में होता है। ऐसी परिस्थितियों में जहां निगम मंडलों में बदलाव होते है तो कई रुके हुए मामले की दिशा भी बदलते रहती है। राजनांदगांव जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के होते नवाज खान को प्रशासक के तौर पर जिम्मेदारी दी गई थी और यही जिले का पावर हाउस या कहे ट्रांसफार्मर,राजनीति और सत्ता को दिशा दिया करता था। कांग्रेस के हाथ से सत्ता की डोर छुटी और भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में सांय सरकार की ताजपोशी की इस बीच जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष सचिन बघेल के पक्ष में न्यायालय का फैसला आते ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की बागडोर सचिन बघेल के हाथ फिर से आ जाती है। उसी दरमियान पूर्व प्रशासक के रूप मे रहे सर्वेसर्वा नवाज खान पर गंभीर आरोपों की झड़ी शुरू होती है जिसमें लाखों का नाश्ता और वित्तीय अनियमिताओं के साथ दैनिक वेतन भोगी की भर्ती को लेकर आरोप लगाए जाते ।

निरस्त की गई नियुक्त क्यों को लेकर जब विधानसभा में प्रश्न लगा है तो कहीं ना कहीं इस मामले के पेंच पुरानी नियुक्तियों से भी जोड़े जा रहे हैं । ऐसा बताया जा रहा है की पंजीयक के यहां से भी अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी । वही नियुक्तियां के पेंच को लेकर जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव के अधिकारियों के हाथ पांव भूपेश के सवालो से फूलने लगे हैं।

आगामी विधान सभा सत्र में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रश्न का 22जुलाई को मंत्री द्वारा जवाब देना है। वही भूपेश बघेल द्वारा जिला सहकारी बैंक से संबंधित एक प्रश्न लगाया गया है। जिस जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव में कार्यरत 2011 से 2019 तक कितने दै.वे.भो. कार्य कर रहे है यह पूछा गया है। एवं उपरोक्त की पंजीयक से अनुमति की जानकारी भी मांगी गई है।विदित हो की जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव में 2021 से 2023 के मध्य के सभी लगभग 53 दै.वे.भो कर्मचारियों को काम से यह कह कर हटा दिया गया था कि उनकी नियुक्ति की पंजीयक की अनुमति नही है तथा इसी तारतम्य में दो मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील वर्मा तथा सुधीर सोनी को निलंबित कर पूरे संचालक मण्डल पर अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की तलवार लटक रही है।

भूपेश बघेल के प्रश्न का उत्तर बनाने में अधिकारियों को पसीना इसलिए आ रहा है क्योकि वर्ष 2011 से 2019 तक 26 दै.वे.भो. कर्मचारीयों को काम पर लगाए गए थे। इन सभी दै.वे.भो कर्मचारियों की पंजीयक से अनुमति नही है। ये नियुक्तिया पूर्व अध्यक्ष रहे शशीकांत द्विवेदी एवं सचिन बघेल के समय किया गया है। उन नियुक्तियों के समय दिल्लीवार , एस. के. जोशी, एवं प्रभात मिश्रा मुख्य कार्यपालन आधिकरी थे। अर्थात यदी 2020-21 एवं 2022-23 में काम पर रखे गए दै.वे.भो कर्मचारियों की नियुक्ति यदी अवैध है तो 2011 से 2019 तक कार्य पर रखे गए दै.वे.भो कर्मचारियों की नियुक्ति भी अवैध मानी जाती है तो कार्यरत कर्मचारियों पर आफत खड़ी हो सकती है। 2020-21 एवं 2022-23 में लगे दै. वे.भो कर्मचारियों को काम से निकाल दिया गया एवं बैंक को 1 करोड की लगभग आर्थिक क्षती जांच में बताया गया तो यदि 2011 से 2019 तक के दै.वे.भो कर्मचारियों की वेतन यदि आंकलन करें तो लगभग 4 करोड से अधिक हुआ। पंजीयक से अनुमति नहीं मिलने की स्थिति में भर्तियां अवैध ही माना जा सकता है।सबसे बडी बात यह है कि 2011 से 2019 तक के सभी अवैध तरीके से लगाए दै.वे.भो कर्मचारियों अवैध होते हुए भी अभी तक कार्यरत कैसे है इन विषयों को लेकर भी जॉच सामने आ सकती हैं।

दैनिक वेतन भोगी भृत्य के 53 पदों की नियुक्तिया संचालक मंडल ने किया निरस्त

दैनिक वेतन भोगी भृत्य के 53 पदों की नियुक्तियों को संचालक मंडल निरस्त कर देता ह की उक्त पदों पर की गई दैनिक वेतनभोगी (भृत्य) की अस्थाई नियुक्ति के संबंध में पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ रायपुर से अनुमति प्राप्त नही किये जाने के कारण उक्त भर्ती आदेश निरस्त किये जाने योग्य है। जिसका संचालक मंडल द्वारा सर्वसम्मति ने निर्णय लिया जाता है कि वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 में भर्ती किये गये समस्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी (भृत्य) की सेवाएं समाप्त कर सेवा से पृथक किया जावे एवं भविष्य में नये सेवानियम 2023 के अनुसार व्यावसायिक सेवाएं (कार्मिक सेवा) एजेंसी (आऊट सोर्सिंग) के माध्यम से सब आर्डिनेट स्टॉफ की सेवाएं लेने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाता है।

पंजीयक की अनुमति के बगैर नियुक्त पुराने लोगों पर होगी कार्यवाही

यदि इस मामले से कार्यवाही हुई तो सबसे पहले ये 26 अवैध रूप से बिना पंजीयक की अनुमति से लगाए गए कर्मी काम से बाहर होगों।इनको लगाने वाले सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी निलबिंत होगें जिसमें वर्तमान में जिला सहकारी केंन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्य. अधिकारी प्रभात मिश्रा भी होगें जो वर्तमान में राजनांदगांव में पदस्थ है।

2011 से 2019 के मध्य जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव के संचालक मण्डल में रहे सभी अध्यक्ष तथा डायरेक्टरो पर भी अपराधिक मामला दर्ज होने की तलवार लटकेगी? क्यो की इस मुददें पर सदन में संग्राम होने की पूरी संभावना है । वही इस मामले को लेकर कांग्रेस के अधिकांश विधायकगण जोरदार आवाज बुलंद करेगें और उसका नतीजा क्या सामने आकर निकालता है यह भी गौर करने वाला मामला होगा।

शराब में मिलावट करने के बाद लगा रहे थे नकली ढक्कन

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले में लाइसेंसधारी शासकीय शराब की दुकानों पर शराब की बोतलों में मिलावट करने का खेल चल रहा है। आबकारी विभाग खुद इस बात को मान रही है कि कई जगह से ऐसी शिकायतें आ रही हैं। मिलावट को पकड़ने के लिए लाइसेंसधारी दुकानों पर शराब में मिलावट के खेल को पकड़ने की तैयारी चल रही है। शराब में पानी मिलाने के बाद पैक करने के लिए नकली ढक्कन व हॉलोग्राम तक लगाए जा रहे हैं। मामले का खुलासा अब शराब प्रेमी भी कर रहे किंतु कोई भी अपनी बदनामी न हो जिस कारण शिकायत नही कर रहे वही अधिकारी जांच की बजाय लिखित शिकायत मिलने पर कार्यवाही की बात कह रहे ।

आपको बता दें कि कोरिया जिले में यह खेल विधानसभा, लोकसभा चुनाव से चल रहा है।जहा कर्मचारियों को एक स्थान से दूसरे स्थान भी हटाया गया किंतु पैसा कमाने की चाह में यह खेल बंद नही हुआ जबकि जिले में कम गुणवत्ता वाली मदिरा के संबंध में मिली शिकायतों को लेकर आबकारी विभाग कोरिया अब शराब दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण को लेकर रणनीति बना रहा है। इससे पहले भी जिले के मदिरा दुकानों पर देशी मदिरा में पानी मिलाकर तैयार करने के मामले का खुलासा हुआ है। शराब खरीदने वालों के द्वारा दुकान में मौजूद सेल्समैन से पूछताछ करने पर वे इस बात से इंकार करते हैं, जबकि जानकारों का कहना है कि देर रात शराब में पानी मिलाकर ग्राहकों को बेचा जाता है। यह शिकायतें बैकुंठपुर, चरचा व पटना की शराब दुकानों से ज्यादा आ रही है। लोग शराब में पानी मिलाए जाने की शिकायत को लेकर आए दिन सैल्समैन से विवाद भी कर रहे हैं। जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि विभाग को भी ऐसी शिकायतें मिली है। मामले की जांच के लिए आगे टीम बनाकर दुकानों की जांच करेंगे और लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

ऐसे करते हैं मिलावट का खेल

मिली जानकारी अनुसार शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा शराब दुकान के निकट बिना अनुमति खुले चीखना सेंटर के दुकान को सेट किया गया है जहा जब कोई भी व्यक्ति शराब लेकर पीने पहुँचते हैं तो इन चीखना सेंटर के संचालक द्वारा बोतल को लेकर इस जुगाड़ की तकनीक से खोला जाता हैं कि बिना दक्कन को कोई नुकसान हुए वह सीधे बोतल से बाहर आ जाता हैं जिसे चीखना सेंटर के स्टाफ द्वारा रख लिया जाता हैं व शराब प्रेमियों से बोतल को वापस लेकर पुनः कुछ पैसों के लालच में शराब दुकान में बेच दिया जाता हैं जिसमे शराब दुकान के कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध हैं जहा पैक बोतल के ढक्कनों को वे भी बिना नुकसान किये खोलने में माहिर हैं जहा थोड़ी थोड़ी शराब निकाल पानी मिलाने का खेल खेला जाता है । वही चीखना सेंटर से लिये बोतल व ढक्कन में इन बोतलों से निकाली गई शराब को पुनः भरकर पानी मिलाकर बिना स्कैन ग्राहकों को बेचने का सिलसिला लगातार जारी है वही आबकारी विभाग मुकदर्शक बना हुआ है यह कहना भी गलत नही होगा।

छग विजन @ 2047 हेतु छात्रों के विचारों का भी होगा दस्तावेजीकरण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को 2047 तक विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य को साकार करने के लिए राज्य नीति आयोग, उच्च शिक्षा विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राज्य नीति आयोग द्वारा ज्अमृत कालः छत्तीसगढ़ विजन @ 2047 दस्तावेज तैयार किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य राज्य के सभी क्षेत्रों का तीव्र विकास सुनिश्चित करना है। इस के लिए सभी युवा नागरिकों, विद्यार्थियों से सुझाव लेने के लिए राज्य के समस्त महाविद्यालय और शासकीय एवं अनुदान प्राप्त तथा निजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को विकसित छत्तीसगढ़, मेरे सपने का खुशहाल छत्तीसगढ़ज् विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने होंगे, जिसका मूल्यांकन प्रासंगिकता, वर्तमान स्थिति का आंकलन, नवाचार, व्यवहार्यता, स्पष्टता और प्रस्तुतीकरण जैसे मानदंडों के आधार पर पैनल द्वारा किया जाएगा और सर्वश्रेष्ठ निबंधों को आयोग द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा।

जैव विविधता पार्क में 11 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम अभियान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे मुख्य अतिथि

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में 11 जुलाई को अटल नगर नवा रायपुर स्थित जैव विविधता पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन संध्या 4 बजे से होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित समस्त अतिथिगणों द्वारा पौधों का रोपण किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप करेंगे।

कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव एवं श्री विजय शर्मा एवं मंत्रिमंडल के सदस्य गण, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अभनपुर इंद्र कुमार साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य वन सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारियों, वनप्रबंधन समिति के सदस्यों, छात्रों एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भी अपनी मां के नाम वृक्षारोपण किया जाएगा।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ प्रारंभ किया गया था। इस अभियान के अंतर्गत देश में सितम्बर 2044 तक 80 करोड़ एवं मार्च 2025 तक 140 करोड़ वृक्षों का रोपण किए जाने का लक्ष्य है। एक पेड़ मां के नामच् महावृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में वन विभाग द्वारा वन एवं वनेत्तर क्षेत्रों में 03 करोड़ 85 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अभियान के तहत वृक्षारोपण स्थलों का नामकरण स्थानीय देवी-देवताओं के नाम से करने का आह्वान किया है। सभी जिलों में ग्राम एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अभियान के तहत आम, जामुन, बेल, कटहल, सीताफल, अनार, शहतूत, बेर, तेन्दू, गंगाईमली जैसे फलदार पौधे का रोपण किया जा रहा है।

नगरी की स्कूलों की दरो-दीवार खस्ताहाल, जानलेवा खतरे में छात्र

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय माध्यमिक शाला कन्या परिसर दुगली छत जर्जर हो जाने से इसकी छत कमजोर हो गई है, बारिश के मौसम में जगह-जगह पानी टपकने लगता है इसी कारण छत का प्लास्टर भी गिर रहा है शुक्रवार को घटना होते होते बच गया प्रथम कालखंड में सुबह लगभग 11:00 इतिहास के शिक्षक डीएन साहू , पढ़ रहे थे तभी अचानक कक्षा 12वीं कला का छत पर लगा प्लास्टर का एक हिस्सा भरभरा कर गिर गया हालांकि इस घटना में कोई हादसा नहीं हुआ प्लास्टर गिरने की घटना से छात्राएं डरी रही हुई है ,उसके के कक्षा नीचे में बैठने को मजबूर है तथा प्राचार्य कक्ष ऑफिस कक्ष, एवं कक्षा 9वीं से 12वीं कक्षा तक सभी कक्षाओं का हालत ऐसी ही खराब है, 2 साल से विभाग की अधिकारियों को सूचना देने पर भी अभी तक मरम्मत का कार्य नहीं करवा रहे , कोई भी बड़ी घटना ना हो इसके लिए पालक चिंतित है, इसकी सूचना व्याख्याता देवानंद साहू, एवं मुकेश साहू ने दी है।

गड़बड़ी करने वाले चार निजी अस्पतालों पर 18.55 लाख का जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। मरीजों का निः शुल्क इलाज करने के बजाय आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का पैसा खाने वाले चार और निजी अस्पतालों पर 18.55 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा कार्ड ब्लॉक करने के बाद भी मरीजों से अतिरिक्त राशि लेने और ओपीडी के पेशेंट को आईपीडी में दिखाने जैसे मामलों में 17 और अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत मुफ्त इलाज की योजना में ज्यादा पैसे कमाने के चक्कर में निजी अस्पतालों द्वारा गड़बड़ी का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इन्हें दिया नोटिस-आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना की नोडल एजेंसी द्वारा रायपुर के सिटी-24 हॉस्पिटल पटेल हॉस्पिटल, अनंत हॉस्पिटल, विग्नेश हॉस्पिटल, न्यू वंदना हॉस्पिटल, गोविंद हॉस्पिटल, महानदी हॉस्पिटल, गौतम हॉस्पिटल, लक्ष्मीनारायण हॉस्पिटल, लालमति हॉस्पिटल, वैदेही हॉस्पिटल, बिलासपुर के आरबी हॉस्पिटल, नोबल हॉस्पिटल, न्यू लाइफ हार्ट केयर हॉस्पिटल, श्री मंगला हॉस्पिटल, कबीरधाम के स्नेहा हॉस्पिटल तथा बालोद के उम्मीद हॉस्पिटल को नोटिस जारी किया गया है।

इन अस्पतालों पर अर्थदंड- साईं समर्थ हॉस्पिटल आरंग 4 लाख 25 हजार, सीएमआईटी हॉस्पिटल शंकरनगर 11 लाख 8 हजार, ओमकार हॉस्पिटल बिलासपुर 1 लाख 82 हजार आदि शामिल है।

टोटी विहीन सार्वजनिक नल काटने की कार्यवाही जारी

5 व 6 जुलाई को काटे 28 सार्वजनिक नल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में सार्वजनिक नल निगम द्वारा लगाया गया था जिनमें से अधिकांश नल टोटी विहीन व अनुपयोगी है,जिससे पानी बहता रहता है, उक्त नलो की जॉच कर काटने की कार्यवाही करने निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता द्वारा निर्देशित किया गया था। निर्देश के अनुक्रम में निगम के जल विभाग की टीम वार्डो में पर्याप्त पेयजल सप्लाई के लिये अनावश्यक बहने वाले टोटी विहीन सार्वजनिक नल काटने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में 5 व 6 जुलाई को जल विभाग की टीम ने 28 सार्वजनिक नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही की। कार्यवाही के तहत अब तक 52 टोटी विहीन सार्वजनिक नल काटे गये।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर सभी उप अभियंता अपने अपने वार्डो में अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल की जॉच कर जल विभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे है, जिसके आधार पर जल विभाग की टीम द्वारा अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नलों को काटा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वार्ड के कई घरो में नल कनेक्शन नहीं होने के कारण पूर्व में सार्वजनिक नल लगाये गये थे, किन्तु शासन की भागीरथी नल जल योजना एवं वर्तमान में अमृत योजना के तहत लगभग सभी घरों में निजी नल लग गये है, जिसके कारण सार्वजनिक नल अनावश्यक बहते रहते है, अधिकांश नलों का टोटी भी टूट गया है, जिससे भी पानी अनावश्यक बहते रहता है। इसके अलावा शहर के कई क्षेत्रों में लो प्रेशर के कारण कम पानी आने की शिकायत प्राप्त हो रही थी, साथ ही बिना टोटी के नल से पानी बहने के कारण भी पानी का प्रेशर कम आता है, जिससे घर के नलों में पर्याप्त पानी नहीं आ पाता। इन बातो को ध्यान में रखकर आयुक्त के निर्देश पर टोटी विहीन सार्वजनिक नल काटने की कार्यवाही की जा रही है। टोटी विहीन नल काटने का अभियान 1 जुलाई से प्रारंभ किया गया और शिकायत के आधार पर पूर्व में 24 अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नलो को काटा गया और विगत 5 व 6 जुलाई को वार्ड नं. 23 कमला कालेज रोड से 1, वार्ड नं. 38 में किलापारा के 5, सोनार पारा के 2, डॉ. अचल गली के 4, ठेठवार पारा के 3, ब्राम्हण पारा के 5 अनावश्यक बहते नल काटा गया। इसी प्रकार वार्ड नं. 39 में सागर पारा के 5 व नागेश्वर मंदिर के पास के 3 नल इस प्रकार शिकायत व जॉच के आधार पर 28 बिना टोटी के अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल काटा गया। जॉच एवं शिकायत के आधार पर आगे भी बिना टोटी के नल काटने की कार्यवाही की जावेगी।

शाला प्रवेश उत्सव | नौनिहालों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया

लगन और ईमानदारी से करें मां-बाप के सपनों को साकारः मंत्री कश्यप

रायपुर/नवप्रदेश।वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप रायपुरा स्थित पंडित गिरिजा शंकर मिश्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने नौनिहालों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया। उन्होंने इस मौके पर बच्चों को शाला गणवेश तथा पाठ्यसामग्री वितरण भी किया। उन्होंने छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल प्रदान किया। मंत्री श्री कश्यप ने इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए नवाचार मॉडल प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

मंत्री कश्यप ने शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में अपार क्षमता है। शासकीय स्कूल के बच्चे कठिन परिस्थितियों के बाद भी बेहतर परिणाम ला रहे हैं। यह हम सबके लिए यह खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि बच्चे लगन और ईमानदारी से शिक्षकों के आदर्श में चलकर शिक्षा ग्रहण कर अपने मां-बाप के सपनों को साकार करें, बच्चों को हताश-निराश होने की जरूरत नहीं है। समय को ध्यान रखते हुए खेलने के समय खेले-कुदे और पढ़ाई के समय पढ़ाई करें। गरीब, किसानों के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। भविष्य निर्माता आज के नौनिहालों की शिक्षा-दिक्षा में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए सरकार तत्पर है। हमारी सरकार ने प्रदेश में आईआईटी, आईआईएम जैसी बड़ी-बड़ी संस्थानें स्थापित की है। उच्च शिक्षा के लिए भी बाहर जाने की जरूरत नहीं है। अतिथियों ने इस मौके पर च्मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत स्कूल परिसर में पौधा रोपण किया। विधायक मोती लाल साहू ने कहा कि सरकारी स्कूल के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आज प्राईवेट स्कूल से बेहतर परीक्षा परिणाम शासकीय स्कूलों में आ रहा है। शासकीय स्कूलों में प्रवेश के लिए काफी भीड़ लगी है ।

दैनिक नवप्रदेश

आवश्यक सूचना

दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।

9893402169, 9827485202

Navpradesh@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021